kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-131 | शुक्रवार, 13 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर सुनकर बहुत दु:ख हुआ। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं यात्रियों और चालक दल के परिवारों के साथ हैं।
**राजनाथ सिंह**

भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे 11

मनिहारी में मां जानकी धाम की स्थापना के लिए तैयारियां जोरों पर 12

# एयर इंडिया का विमान क्रैश

## विमान में सवार 241 की मौत

**दुखद**

- उड़ान भरते ही हॉस्टल के डाइनिंग एरिया से टकराया एयर इंडिया का विमान, कई मेडिकल छात्रों की मौत
- 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री थे सवार

एजेंसी

अहमदाबाद। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन) अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। गुरुवार दोपहर 1.40 बजे क्रैश हो गई। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। एक यात्री जीवित बचा है। 241 लोगों की मौत हुई है। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी का भी निधन हो गया।

प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव पूरी तरह से झुलस गए।

दुर्घटनास्थल पर व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री समेत तमाम नेताओं ने इस पर दुख जताया है। एअर इंडिया का यह विमान टेक ऑफ करते ही हवाई अड्?डे के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त होकर मेघानी नगर इलाके के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। इसमें कई छात्रों की मौत की आशंका है। कैप्टन सुमित सभरवाल, सह पायलट क्लाइव कुंदर के साथ विमान उड़ा रहे थे। विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। इन यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक है। यात्रियों की सूची में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी नाम है।


एअर इंडिया के मुताबिक, बोइंग 787-8 दोपहर 13 बजकर 38 मिनट पर टेक ऑफ हुई थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद विमान के पायलट ने एटीसी को 'मेडे' यानी गंभीरतम आपातस्थिति का संकेत दिया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गयी कॉल पर विमान से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। इसके तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे के निकट के इलाके में गिर गया और दुर्घटनास्थल से काले धुएं के गुबार निकलने लगे। विमान ने टेकऑफ करने के बाद महज 625 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरी लेकिन इसके बाद विमान 400 फीट प्रति सेकेंड की गति से नीचे आने लगा और 60-70 सेकेंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त विमान अहमदाबाद के मेघानी नगर इलाके के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। भीषण विस्फोट के साथ विमान जलकर राख हो गया। दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। यहां भी कई छात्रों ● शेष पेज 11 पर


● संबंधित खबरें पेज 11 पर

### एक यात्री जिंदा बचा

विमान में सफर कर रहा एक यात्री जिंदा बच गया। इसे चमत्कार से कम नहीं माना जा रहा है। विश्वास कुमार रमेश नामक यह शख्स एयर इंडिया की फ्लाइट में 11 ए सीट पर बैठकर लंदन जा रहा था। दुर्घटना के तुरंत बाद विश्वास को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 40 वर्षीय विश्वास कुमार ने बताया, ''उड़ान भरने के तीस सेकंड बाद तेज आवाज हुई और फिर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह सब बहुत जल्दी हुआ। जब मैं उठा तो मेरे चारों तरफ लाशें बिखरी पड़ी थीं। मैं डर गया। मैं खड़ा हुआ और भागा। मेरे चारों तरफ विमान के टुकड़े बिखरे पड़े थे।'' विश्वास के सीने, आंखों और पैरों पर चोट आई है और उनका इलाज चल रहा है।

## गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी का भी निधन





### जान गंवाने वालों के परिजनों को 1 करोड़ देगा टाटा ग्रुप

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से हम सभी अत्यंत व्यथित हैं। कोई भी शब्द इस क्षति और पीड़ा को व्यक्त नहीं कर सकता. हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, और उन लोगों के साथ भी जो इस हादसे में घायल हुए हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को टाटा ग्रुप 1 करोड़ की आर्थिक सहायता देगा। इसके साथ ही सभी घायलों के इलाज का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी और उन्हें हर आवश्यक देखभाल और समर्थन प्रदान किया जाएगा। चंद्रशेखरन ने यह भी कहा कि टाटा ग्रुप बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के पुनर्निर्माण में भी मदद करेगा, जो हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ है।

'अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।
**नरेंद्र मोदी**

हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर अत्यंत पीड़ादायक है। कई यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी सुरक्षित रहें और इस प्रकार की घटनाओं में जनहानि न हो। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है।
**योगी आदित्यनाथ**

## संक्षेप

### सिपाहियों को लाने के लिए लगी 1350 बसें

**लखनऊ।** नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने वाले रंगरूटों को लखनऊ के अलावा पड़ोसी जिलों में भी ठहराया जाएगा। इन सिपाहियों को वृन्दावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड तक लाने और ले जाने के लिए 1350 बसों को लगाया गया है। इनमें रोडवेज बस के अलावा निजी बसें भी शामिल है। कई अन्य सरकारी विभागों की बसों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी और वीवीआईपी के आगमन को देखते हुए कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया जाएगा। इस डायवर्जन के बारे में शुक्रवार को निर्णय लिया जाएगा।

### उत्तर-पश्चिम भारत में 18 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते तक दक्षिण पश्चिम मानसून दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत में दस्तक दे सकता है। गुरुवार को मौसम विभाग ने मानसून की स्थिति और पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहले सप्ताह (12 से 18 जून) के दौरान मध्य और पूर्वी भारत के शेष भागों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ भागों में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके साथ 19 से 25 जून के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश भागों में आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण, निम्न दबाव क्षेत्र के बनने की संभावना के कारण पश्चिमी तट पर तेज़ दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। जून के तीसरे सप्ताह के दौरान पूर्व और पूर्वोत्तर भारत, मध्य और आसपास के उत्तर-पश्चिम भारत में व्यापक रूप से व्यापक वर्षा होने की संभावना है। सप्ताह के कुछ दिनों के दौरान गुजरात और कोंकण और गोवा में भी बहुत भारी से बेहद भारी वर्षा होने की संभावना है।

### मई में खुदरा महंगाई छह वर्ष के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में आयी गिरावट के बल पर इस वर्ष मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई छह वर्ष के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गयी जबकि इस वर्ष अप्रैल में यह 3.16 प्रतिशत और मई 2024 में 4.8 प्रतिशत रही थी। मई 2019 में यह 3.05 प्रतिशत रही थी। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों के लिए राहत की खबर है। सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से खुदरा महंगाई घटकर छह साल के निचले स्तर पर आ गई है। मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 फीसदी रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 फीसदी के मुकाबले काफी कम है।

## स्वामी प्रसाद ने बनाया नया मोर्चा सीएम पद के दावेदार घोषित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब नौ दलों को साथ लेकर एक नया राजनीतिक मोर्चा बनाया है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर इन छोटे छोटे दलों को एक कर स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़ों व दलितों व अल्पसंख्यको को साधने की रणनीति बनाएंगे। गुरुवार को राजधानी में इन दलों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में नया राजनीतिक मोर्चा बनाने का ऐलान किया। मोर्च ने ऐलान किया कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सिद्धांत को लेकर वह आगे विधानसभा चुनाव लड़ेगा। खास बात यह कि मोर्च में शामिल दलों ने स्वामी प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्हें पद कोई लालच नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मीडिया से कहा कि उन्हें पद को कोई लालच नहीं है। सभी पार्टियों की तरफ़ से उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। उन्होंने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान की कसम खा कर सत्ता में पहुंचने वाले संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बीजेपी सरकार आरक्षण को भी ख़त्म कर रही है। भाजपा अल्पसंख्यक समाज में भय और दहशत पैदा कर भाईचारा खत्म कर रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य इस मोर्चे के जरिए भाजपा को नुकसान पहुंचाएंगे या सपा के वोट में सेंधमारी करेंगे या अपने लिए कोई स्थान बना पाएंगे यह अहज सवाल है। यह संभावना है कि मोर्चा चुनावी महज वोट काटने वाला बन कर न रह जाए। यह दल मोर्चे में शामिल हुए स्वामी प्रसाद पार्टी ने अपनी पार्टी अपनी जनता पार्टी को नवगठित मोर्च में शामिल किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय समानता दल के अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, ● शेष पेज 11 पर

## मतदाता सूची अनुमान नहीं, पंजीकरण फार्म के आधार बनती है : आयोग

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मतदाता सूचियों के बनाने में गड़बड़ी के कंग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि सूचियों में मतदाताओं के नाम को जोड़ने घटाने का काम आबादी में वृद्धि के किसी अनुमान के आधार पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत फार्म के आधार पर किया जाता है। महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि कंग्रेस नेता श्री गांधी ने हाल में आखबारों में लेख के माध्यम से सूचियों में गड़बडी के जो आरोप लगाए उनका तथ्यवार जवाब पहले दिया जा चुका था लेकिन उन्होंने उन्हीं आरापों को दोहराया है। बयान में कहा गया है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण नियमावली 1960 के अंतर्गत मतदाता सूचियों में काटछांट की कोई केंद्रीय व्यवस्था नहीं हो सकती है। कार्यालय ने कहा है कि महाराष्ट्र में मतदाता सूचियों का निर्माण राज्यभर के 288 मतदाता ● शेष पेज 11 पर

## केवल एफआईआर या चार्जशीट दाखिल होने से किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

एजेंसी



- डीएम को ऐसे मामलों में नौकरशाह की तरह नहीं, बल्कि सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल एफआईआर या चार्जशीट दाखिल होने से किसी को अपराध का दोषी नहीं माना जा सकता। हालांकि सरकारी पद पर नियुक्ति का पैरामीटर अधिकारी ही तय करेंगे, कोर्ट नहीं। दोनों पक्षों में समझौते के कारण चार्जशीट निरस्त कर दी गई है।

कोर्ट ने कहा जब पी ए सी पुलिस कांस्टेबल की 2015 में भर्ती निकाली गई थी तब याची के खिलाफ आपराधिक केस नहीं था। चयनित होने के बाद दो परिवारों के झगड़े में एफआईआर दर्ज हुई। चयनित याची को अयोग्य करार दिया गया। जिलाधिकारी वाराणसी ने विवेक का इस्तेमाल न कर पुलिस रिपोर्ट पर कार्रवाई की। उस भर्ती का पद खाली नहीं के आधार पर राहत से इंकार नहीं कर सकते। इसलिए पुनर्विचार किया जाय। कोर्ट ने याची को नियुक्ति के अयोग्य करार देने के डी सी पी वाराणसी के 20 जुलाई 24 के आदेश को रद्द कर दिया और पुलिस कमिश्नर व डिप्टी पुलिस कमिश्नर वाराणसी एवं अपर सचिव पुलिस भर्ती बोर्ड को याची की 2015 की भर्ती में नियुक्त करने पर? 8 हफ्ते में विचार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उस भर्ती में पद रिक्त न होना इसमें बाधक नहीं होगा।यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने विवेक यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि याची पुलिस पी ए सी भर्ती 2015 में चयनित हुआ। नियुक्ति से पहले उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी थी।उसने तथ्य छिपाया नहीं। वाराणसी के चोलापुर थाने में 7 मई 16 की घटना की एफआईआर दर्ज हुई और पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिका पर दोनों पक्षों को समझौते की अनुमति देते हुए मजिस्ट्रेट को सत्यापित करने का आदेश दिया। समझौते के आधार पर चार्जशीट रद्द भी कर दी गई। इससे पहले ही याची को नियुक्ति के अयोग्य करार देते हुए नियुक्ति से इंकार कर दिया गया था। जिसे चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा सरकारी नौकरी मिलने पर जलन विद्वेष के कारण झूठे केस में फंसाया भी जा सकता है। इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आरोप भी गंभीर नहीं है। अनैतिक अपराध का आरोप नहीं है।कोर्ट आंख बंद नहीं रख सकती। जिलाधिकारी पोस्ट आफिस की तरह एस पी की रिपोर्ट पर आदेश नहीं दे सकता। उसे विवेक का इस्तेमाल कर आदेश पारित करना चाहिए।चयन होने के बाद अचानक एफआईआर दर्ज होना का गहन परीक्षण करना चाहिए ● शेष पेज 11 पर

## मात्र 8 वर्षों में बदल गई प्रदेश की स्कूली शिक्षा की तकदीर और तस्वीर : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले आठ वर्ष में हम माध्यमिक शिक्षा और स्कूली शिक्षा की तकदीर और तस्वीर को बदलने में सफल हुए हैं। वर्ष 2017 के पहले बेसिक शिक्षा लगभग बंदी की ओर जा रही थी। लगातार छात्र संख्या में गिरावट आ रही थी। माध्यमिक शिक्षा नकल का अड्डा बन गई थी। मुख्यमंत्री गुरुवार को राजधानी लखनऊ में केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावियों का सम्मान करने और टैबलेट वितरण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इसी के साथ 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 में प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे समय में करियर को बना रहे हैं, जब प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं है। पहले चलता था नकल और ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने यूपी में दो नए बिजनेस खोले थे। एक नकल के नाम पर और दूसरा ट्रांसफर पोस्टिंग का। प्रदेश में थोक के भाव में नकल के अड्डे संचालित होते थे। बाहरी छात्र केवल फॉर्म भरते थे और उनके नाम पर कोई दूसरा परीक्षा दे देता था। वहीं, यहां ट्रांसफर-पोस्टिंग का भी एक उद्योग चलता था। डबल इंजन की सरकार ने इन दोनों प्रकार के अनाचार को रोक करके पारदर्शी और निष्पक्ष प्रणाली को प्रदेश में अपनाया। आज प्रदेश में हमने तय किया है कि परीक्षा वहीं होगी जहां सीसीटीवी कैमरे होंगे, बाउंड्री वाल होगी, इंफ्रास्ट्रक्चर और फर्नीचर होगा। अब परीक्षा 2-3 महीने नहीं चलती, बल्कि 13-14 दिन के अंदर संपन्न होती है। राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की करें कंप्लेंट मुख्यमंत्री ने हंगामा करने वाले छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव भी होना चाहिए। समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भाव होना चाहिए। राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। जो नुकसान करता है उसको टोकिए। अगर कमजोर पड़ रहे हैं तो उसकी कंप्लेंट करिए। उसकी फोटो वायरल करिए, बाकी उसकी वसूली हम कर लेंगे। यह सार्वजनिक संपत्ति राष्ट्र की संपत्ति है और हम सब की सामूहिक जवाबदेही का हिस्सा है। बालकों से ज्यादा मेहनत करती हैं बालिकाएं इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम बड़े चौंकाने वाले रहे हैं। नतीजे बताते हैं कि बालिकाएं ज्यादा मेहनत करती हैं, जबकि बालक मेहनत करने में थोड़ा पीछे हैं। जिन छात्रों ने यहां पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है, उन्हें 100000 नकद, एक टैबलेट, एक प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया है। इसी तरह, जिले स्तर पर मेरिट में आए बच्चों को 21000 धनराशि, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं, हमारी युवा प्रतिभा ने प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरित होकर नेशनल लेवल के गेम्स में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 363 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 179 पदक इन्होंने प्राप्त किए हैं। इसमें 51 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक और 82 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 75000, रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 50000 रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को ?30000 प्रदेश सरकार की ओर से प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जा रहे हैं। टीम गेम्स में जिन छात्रों ने स्वर्ण पदक जीता, उन्हें 35000 रुपये, रजत पदक पर 25000 और कांस्य पदक पर ?15000 की राशि प्रदान की जा रही है। संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा और आधारशिला मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद और माध्यमिक संस्कृत ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने अमेरिका पर कसा तंज

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझीदार बताये जाने और अमेरिकी सेना दिवस की परेड में पाकिस्तानी सेना प्रमुख को आमंत्रित किये जाने पर तंज कसते हुए भारत ने उसे याद दिलाया कि 11 सितंबर 2001 के न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमले के सूत्रधार अलकायदा के मुखिया ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान में छिपे होने की सूचना देने वाला व्यक्ति अब भी पाकिस्तानी सेना की कैद में है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के बयानों एवं पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को अमेरिकी सेना दिवस परेड में बुलाने के पीछे अमेरिकी रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा, ल्लपाकिस्तान वास्तव में क्या है, इसका रिकॉर्ड बहुत स्पष्ट है। हम सभी जानते हैं कि पहलगाम हमला सीमा पार आतंकवाद का सबसे हालिया उदाहरण है। मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि हाल ही में 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था। जाहिर है, हममें से कोई भी यह नहीं भूला है कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। यह महत्वपूर्ण है कि वह व्यक्ति - डॉ. शकील अफरीदी - जिसने ओसामा बिन लादेन को खोजने में मदद की थी, अभी भी पाकिस्तानी सेना द्वारा कैद है। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजेलिस में राष्ट्रपति ● शेष पेज 11 पर

# सांसद रवि किशन शुक्ला ने आवास पर की जनसुनवाई कहा, देवतुल्य जनता की सेवा ही मेरी प्राथमिकता

**गोरखपुर का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना ही मेरा उद्देश्य है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने आज सुबह अपने गोरखपुर स्थित आवास पर जनसुनवाई किया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों से तत्काल संवाद कर कई मामलों में स्थलीय निरीक्षण व समाधान के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में रोजगार, पेंशन, इलाज, आवास, बिजली और नाली-खड़ंजे जैसी मूलभूत समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। सांसद ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान संवाद करते हुए रवि किशन शुक्ला ने कहा मेरे लिए राजनीति नहीं, जनसेवा ही जीवन का लक्ष्य है। देवतुल्य जनता की सेवा करना मेरा कर्तव्य और संकल्प दोनों है। जो भी मेरे द्वार आएगा, उसे निराश नहीं लौटने दूंगा। इस दौरान कई बुज़ुर्गों और दिव्यांग नागरिकों ने भी सांसद से मुलाक़ात कर अपनी बातें रखीं। सांसद ने कुछ मामलों को लेकर ज़िलाधिकारी और नगर निगम अधिकारियों से फोन पर बात भी की। जनसुनवाई के पश्चात रवि किशन ने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि गोरखपुर का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना ही मेरा उद्देश्य है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, ग्रामीण प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पेट पालने के लिए प्लास्टिक की बोतल बीन रहे नैनिहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव कस्बे में नाबालिग बच्चों का प्लास्टिक बोतल और अन्य सामान बीनकर जीवन यापन करना एक गंभीर समस्या है। ये बच्चे न केवल शिक्षा से वंचित हैं, बल्कि उनका भविष्य भी खतरे में है। जिम्मेदार विभागों को इन बच्चों के लिए समुचित व्यवस्था करनी चाहिए और उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए।कोरांव विकास खंड में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, और यहां लगभग 100 सरकारी स्कूल हैं जो प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा प्रदान करते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी बच्चे शिक्षा से वंचित हैं।

बताते चले के कोरांव का एक ऐतिहासिक महत्व है और यह बौद्ध और मौर्य सभ्यता का केंद्र रहा है। इसके अलावा कोरांव अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के लिए जाना जाता है और यहां बौद्ध महोत्सव बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाते है साथ ही कोरांव में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन इनका सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा है।



### शिक्षा की व्यवस्था

इन बच्चों के लिए विशेष शिक्षा कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं जो उनकी जरूरतों को पूरा करें।

### स्वास्थ्य सेवाएं

ऐसे बच्चों के लिए सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है जिसके तहत उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें

### आर्थिक सहायता

इन बच्चों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा सकती है ताकि वे अपने बच्चों को शिक्षा दिला सकें

### जागरूकता अभियान

बच्चों के लिये लोगों में जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाए जा सकते हैं जो इन बच्चों के अधिकारों और जरूरतों के बारे में जानकारी देकर बच्चों को सामाज के मुख्य धारा से जोड़ा सकता है।

## सीएमओ साहब, एक नजर नवीन प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र लेडीयारी के बदहाल ब्यवस्था डाले




कोरांव , प्रयागराज। विकास खंड कोरांव के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेडीयारी की स्थिति बहुत दयनीय है। इस समय उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन यहां डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है। गरीब और पिछड़े क्षेत्र होने के कारण लोग बाहर इलाज कराने में असमर्थ हैं। स्वास्थ्य केंद्र की अन्य सुविधाएं भी खराब हैं, जैसे कि टूटा हुआ फर्श, छह महीने से खराब फ्रिजर, और टूटी हुई पानी की टंकी। इसके अलावा, स्वास्थ्य केंद्र के पास शराब का ठेका होने से शराबी लोग गंदगी फैलाते हैं और बाउंड्रीवाल नहीं होने से सुरक्षा की समस्या है। स्थानीय लोगों ने सीएमओ प्रयागराज से स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था को सुधारने और डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है।

## समाज सेविका ने अस्पताल को दो व्हील चेयर की दान

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में मरीजों और दिव्यांगों को बेहतर सुविधा मिलने लगी है। समाजसेविका गौसिया खान ने अस्पताल को दो व्हीलचेयर दान की हैं। अस्पताल में पहले व्हीलचेयर की कमी थी। मरीजों को स्ट्रेचर या तीमारदारों की मदद से अंदर ले जाना पड़ता था। गौसिया खान ने बताया कि उन्होंने कई बार मरीजों को व्हीलचेयर न मिलने की समस्या देखी। इसी कारण उन्होंने व्हीलचेयर दान करने का निर्णय लिया। व्हीलचेयर दान कार्यक्रम में डॉक्टर फैसल जुबेर और मोहम्मद फैज खान समेत कई लोग मौजूद रहे। सभी ने गौसिया खान के इस कदम की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसी पहल करनी चाहिए। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि व्हील चेयरों काउपयोग मरीजों की सेवा में पूरी जिम्मेदारी से किया जाएगा। यह पहल अन्य लोगों को भी प्रेरणा देगी। हर दिन 20 मरीजों को होती थी जरूरत अस्पताल की ओपीडी में रोज़ाना लगभग 20 ऐसे मरीज पहुंचते हैं, जिन्हें व्हीलचेयर की जरूरत होती है। पहले संसाधनों की कमी से उन्हें काफी दिक्कत झेलनी पड़ती थी। अब नई व्हीलचेयर उपलब्ध होने से मरीजों को समय पर सहायता मिल सकेगी।

## सई नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत, गांव में मातम का माहौल

**असोहा, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के जबरेला गांव में उस समय कोहराम मच गया जब दो 15 वर्षीय किशोरों के गांव के किनारे सई नदी में डूब कर मरने की दुखद सूचना मिली। आदर्श उर्फ रौनक राजपूत 15 वर्ष पुत्र गोविन्द राजपूत और शिवा साहू 15 वर्ष पुत्र लाला साहू कल बुधवार 11 बजे से गायब हो गए थे परिजनों ने सम्बंधित थाने में गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र भी दिया था। आज सुबह जब नदी में डूब कर मृत्यु की सूचना गांव में फैली तो गांव में हाहाकार मच गया। रौनक राजपूत अपने पिता का इकलौता पुत्र था। रौनक की मां प्रेमा दो विवाहित और एक अविवाहित बहन है। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। रौनक की मृत्यु से पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरे डूबे बच्चे शिवा साहू की मां विनीता साहू की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी शिवा भी अपने पिता अयोध्या प्रसाद उर्फ लाला साहू का बड़ा पुत्र था। परिवार में उसकी एक छोटी बहन और एक छोटा भाई है। शिवा और रौनक दोनों की उम्र लगभग बराबर थी। दोनों की हमजोली थी। दोनों साथ-साथ रहते, चलते थे। रौनक पी एल के पी इंटर कॉलेज कालूखेड़ा में पढ़ता था। क्लॉस 9 पास करके 10 में गया था। दुखद समाचार सुनते ही पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। कल से गायब चल रहे बच्चों की खोज परिजन जगह जगह कर रहे थे। आज सुबह जब कुछ लोग शौच के लिए नदी के किनारे गए, तो लखनऊ उन्नाव बॉर्डर साहू कॉलोनी के सामने सई नदी के किनारे पर कुछ उतराता देखकर गांव में खबर की। सूचना पर परिजनों और पुलिस की मौजूदगी में मृत दोनों बच्चों के शव नदी से निकाले गए। मोहनलालगंज पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बेहोशी की हालत में मिला मज़दूर, अस्पताल में मौत

**रहीमाबाद/लखनऊ।** माल-गहदो रोड पर दोपहर एक मजदूर बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कटरा बंगला गांव निवासी अशोक कुमार 32 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार मजदूरी करके अपने संयुक्त परिवार का भरण-पोषण करता था। वर्ष 2021 में पत्नी कंचना उसे छोड़कर मायके चली गई थी। गुरुवार दोपहर वह माल-गहदो मार्ग पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने स्थिति देखकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अशोक को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के बाद परिजनों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। प्रथम दृष्टया आशंका है कि अत्यधिक गर्मी (हीटवेव) के कारण अशोक की जान गई है, हालांकि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

## नवागंतुक एसीपी मेजा संत प्रसाद उपध्याय ने कस्बा कोरांव मे कोरांव पुलिस के साथ किया पैदल गस्त

**कोरांव ( प्रयागराज)।** एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय ने कस्बा कोरांव में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा और अन्य पुलिस बल के साथ गस्त किया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक भी मौजूद रहीं। एसीपी ने स्थानीय लोगों से मिलकर क्षेत्र की स्थिति और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस तरह के गस्त से पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद मिलती है।

## अवैध रूप से संचालित हो रहें क्षेत्र मे दर्जनों मानक विहीन अस्पताल

**मौरावां, उन्नाव।** क्षेत्र में कई ऐसे अस्पताल है जो कि मानकों को ताक पर रखकर खुलेआम क्लिनिक एक्ट का उल्लंघन कर कई अस्पताल और जांच केंद्र अवैध रूप से संचालित हो रहे है। जिनके विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाही न होने से इनके हौसले बुलंद हो चुके है। जानकारी के अनुसार मानकों को ताक पर रखकर खुलेआम क्लिनिकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों समय समय पर का अभयदान प्राप्त रहता है। जिसकी वजह से यह मानकविहीन अस्पताल और जांच केंद्र में आये हुए मरीजों से इलाज के नाम पर अवैध उगाही करके अपनी दुकान चला रहे है। क्षेत्र के कई ऐसे जांच केन्द्रों में भी फर्जीवाड़ा हो रहा है। इन तथाकथित केंद्रों पर या तो टेक्नीशियन के सहारे कार्य किया जा रहा है या फिर झोलाछाप लोग मरीजों की रिपोर्ट तैयार करते है।

## कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय हॉस्पिटल का सांसद ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल नैनी का निरीक्षण किया और मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान मरीजों ने दवाओं की अनुपलब्धता की शिकायत की, जबकि अधीक्षक ने स्पेशलिस्ट डॉक्टर और टेक्नीशियन की कमी का मुद्दा उठाया। कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन नहीं मिलने की समस्या बताई। सांसद ने अस्पताल की दयनीय स्थिति में सुधार के लिए सुझाव लिए और कहा कि इसे कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत लाने से हालत में सुधार हो सकता है।

उन्होंने आम जनता को सस्ता और अच्छा इलाज दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही।

## संकल्प से सिद्धि’ का अनुपम उदाहरण है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

**जहां सड़क बनाना कठिन था, वहां योगी सरकार ने बना दिया एक्सप्रेसवे**

**17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण**

**91.35 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण पर आई है 7283.28 करोड़ रुपये की लागत**



गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों की चर्चा करते हुए प्रायः एक मंत्र का स्मरण कराते हैं। वह मंत्र है 'संकल्प से सिद्धि'। यानी दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कठिन से कठिन कार्य भी करके दिखाया जा सकता है। इस लिहाज से 17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी 'संकल्प से सिद्धि' की मिसाल है। लो लैंड के कारण जहां सामान्य सड़क बनाना ही कठिन था, वहां योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे बना दिया है। यूं तो यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ के बीच चार जिलों से गुजरता है लेकिन इसकी कनेक्टिविटी से राजधानी लखनऊ की राह भी और आसान हो रही है। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की इस शानदार सौगात का नाम है, ''गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे''। प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार 17 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा के साथ इसका लोकार्पण करने को तैयार है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ रहा है। *कहां से शुरू होकर कहां पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से मिलेगी*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। यह यूपी एक?सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की फ्लैगशिप परियोजना है। 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की अद्यतन कुल लागत 7283.28 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।

# तेज रफ्तार पिकअप ने डीसीएम चालक को कुचला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद आम मंडी में सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें सड़क किनारे खड़े होकर आम लोड करा रहे डीसीएम चालक को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में डीसीएम चालक मुफीद अहमद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोफीद का सिर धड़ से अलग हो और शरीर कई टुकड़े हो गये। शव के टुकड़े हाईवे पर 200 मीटर तक बिखर गए। यह हादसा सुबह करीब पांच बजे मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मिर्ज़ागंज चौराहे के पास हुआ। अमेठी जनपद के शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र के मर्दानपुर गांव निवासी मोफीद अहमद 50 वर्ष पुत्र तौफीक अहमद अपनी डीसीएम एमएच 04 एलएच 4768 को सड़क किनारे खड़ी कर आम लोड कर रस्सा बांध रहे थे। इसी दौरान



**200 मीटर तक घसीटता चला गया , सिर धड़ से अलग**

लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज़ रफ्तार पिकअप डाला यूपी 32 जेडएन 7088 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद मोफीद पिकअप में बुरी तरह फंस गए और चालक वाहन को लेकर भाग निकला। मोफीद को लगभग 200 मीटर तक घसीटा गया, जिससे उनका शव क्षत-विक्षत हो गया। सिर शरीर से अलग हो गया और शरीर के अंग सड़क पर इधर-उधर बिखर गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान की और परिजनों को सूचित किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पत्नी नसीमा बानो ने बताया कि मोफीद आम लादकर डीसीएम से मुंबई जाने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही यह हादसा हो गया। परिजनों ने पिकअप चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी चालक को पकड़कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा पिकअप वाहन को सीज कर दिया गया है।

### सई नदी में डूबे दो किशोर गांव में मचा कोहराम

मोहनलालगंज, लखनऊ,। उन्नाव जनपद के असोहा थाना क्षेत्र के जबरेला गांव में गुरुवार सुबह उस समय मातम पसर गया, जब गांव के दो किशोरों के सई नदी में डूबने की दुखद सूचना गांव में फैली। मृतकों की पहचान रौनक राजपूत और शिवा साहू (दोनों उम्र करीब 15 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बच्चे बुधवार से लापता थे, परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे।गुरुवार तड़के गांव के कुछ लोग जब शौच के लिए सई नदी किनारे पहुंचे तो लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर स्थित साहू कॉलोनी के पास नदी में दो शव उतराते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना गांव वालों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया।

#### एक इकलौता बेटा, दूसरा मां से पहले ही बिछड़

।मृतक रौनक राजपूत, गांव निवासी गोविंद प्रसाद राजपूत का इकलौता बेटा था। उसकी दो विवाहित और एक अविवाहित बहनें हैं। रौनक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, दूसरा किशोर शिवा साहू, अयोध्या प्रसाद उर्फ लाला साहू का बड़ा बेटा था। उसकी मां का देहांत कुछ वर्ष पूर्व ही हो चुका है। शिवा के परिवार में एक छोटी बहन और एक छोटा भाई है।

#### हमजोली थे दोनों, हर वक्त साथ रहते

ग्रामीणों के अनुसार रौनक और शिवा बचपन से ही गहरे मित्र थे और अधिकतर समय साथ ही बिताते थे। दोनों का एक साथ दुनिया से चले जाना पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल गया है। गांव में हर गली और नुक्कड़ पर बस एक ही चर्चा है—अगर समय रहते पता चल जाता तो शायद बच्चे बच सकते थे।घटना की सूचना पाकर मोहनलालगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में बच्चों की मृत्यु डूबने से होना प्रतीत हो रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी।

# एलडीए में जन सुनवाई, 36 प्रकरणों पर हुई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को प्राधिकरण भवन में जन सुनवाई के दौरान आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व अभियंता मौजूद रहे।जन सुनवाई में सुहैल खान व उनके परिवार ने मानसरोवर योजना, सेक्टर-ओ में आवंटित भूखण्ड की रजिस्ट्री के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर 15 दिनों में प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसी तरह, लालकुआं निवासी मोहम्मद सईद खान व अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने 2005 में काकोरी के मौदा में प्रॉपर्टी डीलर नदीम अहमद से भूखण्ड खरीदा था। कुछ ने भूखण्ड पर बाउंड्रीवॉल बनवाई, तो कुछ निर्माण कार्य करा रहे थे। हाल ही में विहित प्राधिकारी न्यायालय ने प्लाटिंग ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। प्रभावित लोगों ने कालोनी का ले-आउट स्वीकृत कराने और निर्धारित शुल्क जमा करने की इच्छा जताई, लेकिन प्रॉपर्टी डीलर आवेदन नहीं कर रहा। मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन जोन-3 के अधिकारियों को डीलर से संपर्क कर ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन दाखिल कराने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को परेशानी न हो। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जन सुनवाई में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के लिए समय-सीमा तय कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। यह जन सुनवाई नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान में एलडीए की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



## घाघरा नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

आजमगढ़ । जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के घाघरा नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान महुला गांव निवासी सुधांशु राय और धनौली निवासी अभिषेक राय के रूप में हुई है। दोनों युवक सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे। हादसे सके दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।



बृहस्पतिवार की सुबह महुला गांव के आठ युवक घाघरा नदी में नहाने गए थे। इनमें सुधांशु, अभिषेक, कार्तिक, सब्बी, निखिल, किशन और सिंटू शामिल थे। गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर पश्चिम घाघरा नदी में नहाने के दौरान सुधांशु और अभिषेक गहरे पानी में चले गए। स्थानीय निवासी ज्ञान निषाद ने उन्हें गहरे पानी में जाने से मना किया था, लेकिन दोनों युवक नहीं रुके। काफी तलाश के बाद सुबह नौ बजे गोताखोरों ने दोनों शव घटनास्थल से 200 मीटर दूर बरामद किया। सुधांशु राय अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, अभिषेक राय भी अपने घर का इकलौता चिराग था। वह अपने ननिहाल महुला में जोगिंदर राय के यहां रहता था। दोनों परिवारों में शोक की लहर है।

घटना की सूचना मिलते ही रौनापार थाना अध्यक्ष अनुपम जायसवाल और नायब तहसीलदार सगड़ी मौके पर पहुंचे। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मानसून से पहले जलकल विभाग की तैयारियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मानसून के आगमन से पहले शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए जलकल विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने जोन-3 के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर सीवर सफाई कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान स्वेज इंडिया के डायरेक्टर राजेश मटपाल भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत पुरनिया क्रॉसिंग से हुई, जहां महालक्ष्मी स्वीट्स से अलीगंज सेक्टर-एच तक सुपर सकर मशीन के जरिए सीवर लाइनों की गहन सफाई कराई जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मानसून के दौरान जल निकासी में कोई बाधा न आए। इसके बाद जीएम ने जानकीपुरम तृतीय वार्ड की नहर रोड का दौरा किया। यहां पार्षद दीपक लोधी के साथ ट्रंक और सीवर लाइनों की स्थिति का जायजा लिया गया और समयबद्ध सफाई के निर्देश दिए। शुक्ला चौराहा, जानकीपुरम तृतीय और मनकामेश्वर वार्ड के नदवा रोड क्षेत्र में भी ट्रंक सीवर लाइनों की जांच की गई। जीएम ने अधिकारियों को मशीनों से त्वरित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जलभराव की समस्या से बचने के लिए सभी सीवर लाइनों की सफाई समय पर पूरी होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जोन-3 सचिन सिंह यादव, जेई अरुण सिंह, स्वेज इंडिया और जलकल विभाग के अन्य अधिकारियों को सुपर सकर मशीनों से गहन सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि विभाग का लक्ष्य है कि मानसून में शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए सीवर लाइनों की नियमित निगरानी और सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान में जलकल विभाग और स्वेज इंडिया के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। शहर वासियों ने विभाग की इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इन प्रयासों से मानसून के दौरान जल निकासी की समस्या कम होगी।

# श्री बालाजी संकट मोचन धाम का स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने स्थापना दिवस में भाग लेकर श्रीबालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया और विशाल भंडारे में लिया महा प्रसाद**

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरो जनी नगर अमौसी स्टेशन रोड न्यू हनुमान पुरी गली नंबर 8 श्री बालाजी संकट मोचन धाम ट्रस्ट द्वारा श्री बालाजी मंदिर द्वितीय वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर सुंदरकांड व 108 हनुमान चालीसा पाठ हवन और कन्या भोज व भव्य महा प्रसाद वितरण किया गया। श्री बाला जी संकट मोचन धाम मंदिर स्थापना दिवस में मेंहदी पुर श्री बाला जी से आए महंतों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई , ट्रस्ट द्वारा आए हुए वरिष्ठ जनों को श्री बालाजी संकट मोचन धाम मन्दिर की प्रतिमा व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारी अध्यक्ष आनंद सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष व मुख्य पुजारी तीर्थराज त्रिपाठी, रुद्र प्रताप सिंह (उर्फ स्वतंत्र )वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमर सिंह चौहान उपाध्यक्ष, दिनेश सिंह चौहान महासचिव, रामराज रावत सचिव व वरिष्ठ पत्रकार, अमन सिंह उर्फ उत्तम सिंह महामंत्री, आशीष सिंह मंत्री , गुड्डन सिंह ,अमित सिंह, डीपी सिंह, विजय गुप्ता, सचिन वर्मा, अंश बाजपेई पुजारी, डॉ अभय सिंह चौहान, यशवीर सिंह, डॉ रवि श्रीवास्तव, मामा आलोक उर्फ मोनू , पवन सिंह चौहान संजय सिंह धर्मेंद्र तिवारी पत्रकार, संतोष उपाध्याय पत्रकार , सुषमा सिंह सहित तमाम पत्रकारों ने स्थापना दिवस में हिस्सा लिया। कोषाध्यक्ष व मुख्य पुजारी तीर्थराज त्रिपाठी ने बताया कि ब्रह्मदेव का प्राचीन स्थल था जहां पर बालाजी महाराज की स्थापना हुई थी उसका आज स्थापना दिवस मनाया गया जब से यहां पर बालाजी व भैरव जी व प्रेतराज सरकार की स्थापना हुई है तब से लाखों की संख्या में यहां भक्त आते हैं और अपने दुखों निवारण पाते हैं। श्री बालाजी संकट मोचन धाम मन्दिर द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर राम नरेश रावत पार्षद, श्रीमती गीता देवी पार्षद, समाज सेवी संजय सिंह चौहान व हरिशंकर यादव, समाजसेवी अमित यादव नेता, अरविन्द राणा इंस्पेक्टर, राज देव प्रजापति इंस्पेक्टर, समाज सेवी शिवशंकर शंकरी सिंह, समाज सेवी राजेश सिंह चौहान, समाज सेवी विनय दीक्षित , सर्वेश राजपूत, रज्जन रावत, रामू सिंह, सरोज सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच महा प्रसाद का आनन्द लिया।

# लखनऊ जलकल विभाग की नई पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। गर्मियों के मौसम में जलापूर्ति और सीवर संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ज़ोनल प्रभारियों की नियुक्ति की है, ताकि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान हो सके। जलकल विभाग ने स्वच्छ और क्लोरीनेटेड पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया है। इसके लिए नागरिकों को शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है। लोग कंट्रोल रूम के नंबरों 8177054100, 8177054003 और 8177054010 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, 8177054003 और 8177054010 पर वाट्सअप चैट सेवा भी उपलब्ध है। सीवर संबंधी शिकायतों के लिए मेसर्स सुएज इंडिया प्रा. लि. द्वारा संचालित टोल-फ्री नंबर 18003130522 पर भी संपर्क किया जा सकता है। विभाग ने विभिन्न ज़ोनों में सीवर प्रणाली की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए ज़ोनल प्रभारियों की सूची जारी की है, जो इस प्रकार हैः ज़ोन 1ः स्नेहाशीष गौरी ऽ 7076381320, ज़ोन 2ः विनय शर्मा ऽ 8894927836, ज़ोन 3ः मनोज तिवारी ऽ 8448277080, ज़ोन 4ः सुमित पचौरी ऽ 8187282634, जोन 5ः महेन्द्र पाल ऽ 6394022048, जोन 6ः अरविंद सिंह यादव ऽ 8178804936, ज़ोन 7ः राजू कुमार ऽ 9680281816, विकास नगरः रूपेश कुमार ऽ 7355644841, जलकल विभाग के जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि यह पहल गर्मियों में पेयजल और सीवर व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए तुरंत संबंधित नंबरों पर संपर्क करें। विभाग ने सभी ज़ोनल प्रभारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर में स्वच्छता और जलापूर्ति की व्यवस्था सुचारु रहे।यह कदम न केवल नागरिकों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि गर्मियों के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करने में भी मदद करेगा।

# मीरखनगर गांव में जल जीवन मिशन की टंकी बनी ग्रामीणों के लिए सिरदर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**बिना डिग्री वाले ऑपरेटर पर मनमानी का आरोप, भैरमपुर के कई घरों में अब तक नहीं पहुंचा पानी**



निगोहां, लखनऊ । विकास खंड मोहनलालगंज के ग्राम पंचायत मीरखनगर गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों ने एक शिकायत पत्र के माध्यम से गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी का निर्माण तो हो गया, लेकिन इसकी पाइपलाइन और सप्लाई व्यवस्था आज तक सही तरीके से नहीं चल पाई है। गांव में कई जगह पाइपलाइन ठीक से नहीं बिछाई गई है, जिससे आए दिन रिसाव और जलभराव की स्थिति बनी रहती है। गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि पानी सप्लाई की जिम्मेदारी एक ऐसे व्यक्ति को दे दी गई है, जिसे पंप ऑपरेटर या जल आपूर्ति से जुड़ा कोई भी तकनीकी डिप्लोमा या प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है। आरोपित ऑपरेटर हंसराज रावत पर ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा में बात करने, गाली-गलौज करने और पानी देने में भेदभाव करने के भी गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब उनसे सवाल किया जाता है तो वह खुद को ''सरकार का आदमी'' बताकर डराने की कोशिश करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह व्यक्ति टंकी को मनमाने ढंग से चलाता है, जिससे कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। आज भी भैरमपुर में एक दर्जन से अधिक घरों में पानी नहीं पहुंच सका है।

हर घर नल योजना अधूरी, 25 से ज्यादा घर वंचित

शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि लगभग 25-30 घरों में अब तक नल कनेक्शन नहीं दिया गया है, जबकि दूसरी ओर अधिकारियों को फर्जी रिपोर्ट दी गई है कि योजना पूरी हो चुकी है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पानी सप्लाई, पाइपलाइन और ऑपरेटर की शैक्षिक योग्यता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही गांव के हर घर तक स्वच्छ जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में बनेगा मुंशी नवल किशोर म्यूजियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ की ऐतिहासिक अमीरूद्दौला लाइब्रेरी अब ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लाइब्रेरी परिसर में देश के सुप्रसिद्ध प्रकाशक मुंशी नवल किशोर के नाम पर एक म्यूजियम बनाया जाएगा। गुरुवार को एलडीए की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष इस परियोजना का प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि मुंशी नवल किशोर ने 1858 में प्रिन्टिंग प्रेस की स्थापना की थी और अपने जीवनकाल में हिंदी, उर्दू, अरबी, बंगाली, मराठी, पंजाबी, अंग्रेजी व संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं में 5,000 से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन किया। उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए लाइब्रेरी के एक हिस्से में 2 करोड़ रुपये की लागत से नवल किशोर म्यूजियम का निर्माण होगा। म्यूजियम में पुरानी प्रिन्टिंग मशीनें, रिकॉर्ड्स, परिधान, स्कल्पचर्स और अन्य विन्टेज वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। साउंड स्केपिंग और इंटरैक्टिव डिसप्ले यूनिट के माध्यम से आगंतुकों को अनूठा अनुभव और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त होगी। इसके साथ ही लाइब्रेरी को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें इंट्री प्वाइंट का उच्चीकरण और आकर्षक स्कल्पचर्स शामिल होंगे।मण्डलायुक्त डॉ. जैकब ने म्यूजियम को हेरिटेज लुक में डिजाइन करने के निर्देश दिए हैं ताकि यह शहर की सांस्कृतिक विरासत से लोगों को जोड़ सके। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा सहित अन्य अधिकारी और आर्किटेक्ट मौजूद रहे। यह म्यूजियम न केवल मुंशी नवल किशोर की विरासत को संरक्षित करेगा, बल्कि लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर को भी नई पहचान देगा।

# निगोहां : तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, बड़ा हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**निगोहा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव के पास हुआ हादसा, स्टीयरिंग फ़ेल होने से कार गई खाई में गिरी**

निगोहां, लखनऊ। गुरुवार को निगोहां थाना क्षेत्र में उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब रायबरेली से लखनऊ जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। यह दुर्घटना निगोहा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव के पास हुई। हादसे में कार सवार परिवार को मामूली चोटें आईं और सभी को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या यूपी 35 एडी 3937 से यात्रा कर रहे दिलशाद उनकी पत्नी खालदा और बेटा अहमद रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार टिकरा गांव के पास पहुंची, कार की स्टीयरिंग अचानक फ़ेल हो गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा।परिवार कनकहा गांव का निवासी है और दिलशाद जो कि एक किसान हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार सवारों को बाहर निकाला। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। सभी को मामूली चोटें थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। फिलहाल इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# विधवा महिला ने युवक पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा। थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी विधवा महिला ने स्थानीय थाने पर गुरुवार को लिखित तहरीर में एक युवक पर काफी दिनों से छेड़छाड़ का प्रयास करने व बाद में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार उसके पति का निधन वर्ष 2016 में हो गया था उसके बाद से वह अपने बच्चों के साथ रहकर जीवन यापन कर रही है। महिला ने बताया कि वर्ष 2019 में उसी के गांव के रहने वाले करन पुत्र जगदीश उर्फ मुल्ला से उसकी जान पहचान हो गई और करन घर तक आने जाने लगा। बतौर महिला वर्ष 2022 में मैंने उससे बात करना बंद कर दिया और अपने घर आने से भी मना कर दिया जिसके बाद वह मुझे परेशान करने लगा और फ़ेसबुक आईडी बनाकर मेरी फोटो डालने लगा और वही फोटो इंस्टाग्राम पर भी मेरे नाम से आईडी बनाकर डालता था और कहता था कि अगर मुझे खुश नहीं करोगी तो मैं तुमको अच्छी तरह से बदनाम कर दूंगा जब मैंने मार्च 2021 में साइबर सेल में शिकायत की तो उसने आईडी बंद कर दी और फिर रास्ते में रोक कर परेशान करने लगा और कहता था कि अगर तुम मेरे साथ रात नहीं बिताओगी तो तुम्हारे बच्चों को जान से मार दूंगा, मैंने अपने बच्चों को डर के मारे अपनी बहन के घर भेज दिया और इसके बारे में मैंने जब थाने जाकर शिकायत की तो उसने मेरी फोटो आईडी से डिलीट कर दी। महिला ने बताया कि बीती 6 तारीख को सुबह 10 बजे के आसपास हनुमान मंदिर के पास सामान लेने के लिए गई थी तभी करन रास्ते में मुझे रोककर धमकाने लगा और कहा कि तुमने मेरे खिलाफ प्रार्थना पत्र क्यों दिया है तुम प्रार्थना पत्र वापस ले लो नहीं तुम्हें जान से मार दूंगा और जबरदस्ती मुझसे बात करने के लिए कहने लगा। मैंने अपनी सहेली दिव्या को भी फोन करके बताया कि करन मुझे परेशान कर रहा है इसके बाद करन मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बंथरा पुलिस ने विधवा महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

# ग्राम पंचायत स्तरीय जनकल्याणकारी योजनाओं के विशेष कैंप का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बंथरा । विकासखंड सरोजनीनगर के ग्राम नरायणपुर में ग्रामीण पंचायत स्तरीय विशेष जनकल्याणकारी योजनाओं के कैंप का आयोजन हुआ।ग्रामीणों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित विधवा पेंशन, शादी अनुदान, दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के विशेष जनकल्याणकारी योजनाओं का कैंप लगाया गया। ग्रामीणों ने आयोजित कैंप में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिसमें आय प्रमाणपत्र 10, जाति प्रमाणपत्र 3, निवास प्रमाणपत्र 6, वृद्धावस्था पेंशन 2, निराश्रित महिला पेंशन 2,दिव्यांगजन पेंशन 2, किसान सम्मान निधि 3, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र 2,परिवार रजिस्टर नकल 2, आयुष्मान कार्ड 2 सहित कुल 87 लाभार्थी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। आयोजित कैंप में लेखपाल बिंदेश कुमार रावत, कृषि विभाग से प्रशांत कुमार , स्वास्थ्य विभाग और जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों के अलावा ग्राम प्रधान मनोहर लाल, पंचायत सचिव विनय कुमार यादव, पंचायत सहायक दिव्या सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 31 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन लखनऊ महानगर युवा इकाई एवं श्री श्याम परिवार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि अजय गुप्ता प्रदेश महामंत्री इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा रिबन काट किया गया। इस मौके पर इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन उत्तर प्रदेश युवा महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि शिविर का आयोजन इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया। रूपेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर अपराह्न 12 बजे तक स्वैच्छिक शिविर का आयोजित किया गया जिसमें 31 लोगों ने रक्तदान किया।

## पुलिस ने कुछ ही घंटों में बाइक चोर को पकड़ा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में ऐतिहासिक जगहों पर तस्वीरें खींचने वाले अमित वर्मा ने पुलिस को बताया कि अर्शलान नाम के एक चोर ने उन्हें बहकाकर उनकी मोटरसाइकिल (UP31CF 5153) चुरा ली और वहां से भाग गया। इस शिकायत पर ठाकुरगंज पुलिस ने तुरंत कदम उठाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने फौरन अपराध संख्या 325/25, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और एक खास टीम बनाई। इस टीम ने कुछ ही घंटों में अर्शलान अंसारी उर्फ मिर्ज़ा को शिवम भट्टा रिंगरोड, ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।ठाकुरगंज पुलिस की इस तेज कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने बहुत तारीफ की है।

## महिला से गाली-गलौज कर की मारपीट, जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के बैरीसालपुर गांव में एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता संगीता पत्नी लालचन्द्र रावत ने मोहनलालगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार शाम करीब 6 बजे पड़ोसी दीपू पुत्र पप्पू रावत शराब के नशे में उसके घर के बाहर आया और पूर्व रंजिश के चलते गंदी-गंदी गालियां देने लगा। पीड़िता संगीता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे काफी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। मोहनलालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सुपर रिच पर टैक्स लागू हो : अखिलेन्द्र प्रताप सिंह

**भू-माफियाओ से जमीन खाली कराकर भूमिहीनो में बांटी जाय : सांसद राकेश राठौर**

**किसान की बदहाली दूर करे सरकार : शेखर दीक्षित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां । आज बिसवा के भारत पैलेस मे '' रोजगार और सामाजिक अधिकार संवाद '' सम्मेलन मे हजारो लोगो ने हिस्सा लेकर भू-माफियाओ से जमीने खाली कराकर भूमिहीनो मे बांटने और देश के बड़े '' सुपर रिच '' पर टैक्स लगाकर रोजगार सृजित करने की आवाज बुलंद की । कार्यक्रम का आयोजन आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन डां बृजबिहारी ने किया , इस अवसर पर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक सदस्य और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की देश के बड़े '' सुपर रिच '' पर टैक्स लगाकर बेरोजगारो के लिए रोजगार सृजित किये जाए , शिक्षा , स्वास्थ्य की गारंटी की जाय । इस अवसर पर सासंद राकेश राठौर ने कहा सीतापुर में भू-माफियाओ से जमीने खाली कराकर भूमिहीन गरीबो मे बांटी जाय, उन्होने कहा जनपद में भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच करायी जाए । राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने कहा किसान मजदूर गहरे संकट मे है किसानो मजदूरो की बेहतरी के लिए कानून बनाये जाए , पूर्व प्रधान मंत्री बीपी सिंह का रास्ता ही किसानो की मुक्ति का रास्ता है ।

सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान ने बिसवां विधान सभा क्षेत्र की जन समस्याओ को उठाकर उन्हे हल करने की मांग की । इस अवसर पर कंाग्रेस की जिलाध्यक्ष ममता बर्मा ने जहां जाति जनगणना कराने पर जोर दिया वहीं मजदूर नेता सुनीला रावत ने मनरेगा कानून लागू करने और महिला समूहो के अधिकारो की आवाज बुलंद की । जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने जिला पंचायत सदस्यो के अधिकार बहाल करने की मांग उठाई । इस अवसर पर किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने किसानो के हित मे प्रस्ताव पेश कर किसानो की समस्याओ को सरकार से हल करने की मांग उठाई । सम्मेलन मे युवाओ , किसानो , मजदूरो , महिलाओ , बेरोजगारो और शिक्षा , स्वास्थ्य को लेकर पांच प्रस्ताव पेश किये गये जिसे सर्वसम्मत सम्मत से सम्मेलन मे पास किया गया । सम्मेलन मे रिजवान अहमद , अतीक खां , अमर मेहरोत्रा , शुभम रस्तोगी , गोविंद सिंह , कांशीराम , मुजीब , अर्चना , रूपाली भारती सहित जिला पंचायत सदस्य , प्रधान , बीडीसी सदस्यो ने भारी संख्या मे हिस्सा लिया और अपनी बात रखी । सम्मेलन में एसडीएम को एक मांग पत्रक सौंपा गया ।

## बाढ़ आपदा से निपटने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप मॉक एक्सरसाइज सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद सीतापुर में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। यह अभ्यास राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ैक्ड।) के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने की।

वीडियो कंाफ्रेंसिंग के माध्यम से अवगत कराया गया कि बाढ़ के दौरान विभिन्न विभागों की भूमिका, संसाधनों की तैनाती, राहत एवं बचाव कार्यों की योजना, संचार तंत्र और आपसी समन्वय की रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि अभ्यास इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है कि इसमें आपदा की पूर्व-तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया एवं बहु-विभागीय तालमेल को परखा जायेगा।

अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे मॉक अभ्यास आपदा प्रबंधन की दक्षता को बढ़ाते हैं और वास्तविक स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ पूर्व एवं बाढ़ के बाद सभी आवश्यक तैयारियां जैसे राहत शिविरों की पहचान, नावों की उपलब्धता, जीवन रक्षक सामग्री, चिकित्सा सुविधा एवं पशु चिकित्सा की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपना मोबाइल नम्बर 24 घण्टे संचालित रखेंगे तथा प्राप्त हुयी शिकायतों को निस्तारण कराते रहें। वीडियो क्रांफ्रेसिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**आधे घंटे की रोस्टिंग तो 2 घंटे की कटौती**

**विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने में जिम्मेदार अधिकारी नाकाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय विद्युत उपकेंद्र से विद्युत सप्लाई राम भरोसे चल रही है यहां रात में जिम्मेदार अधिकारियों का रात निवास न करना उपभोक्ताओं के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। शासन के आदेश के अनुसार उपभोक्ताओं को सप्लाई नहीं मिल पा रही है विद्युत कर्मचारियों सप्लाई देने का एक नायाब तरीका निकाला है आधे घंटे की विद्युत सप्लाई देकर 2 घंटे की विद्युत आपूर्ति काटी जा रही है। क्षेत्र के उपभोक्ता रात भर जाग रहे हैं अधिकारियों के पास फोन मिलाने पर फोन नहीं उठ रहा है। क्षेत्र वासी विगत एक सप्ताह अंधेरे में रहने को मजबूर है। विद्युत विभाग का सिस्टम नाकाम साबित हो रहा है इस संबंध में एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि इस समय टेंपरेचर ज्यादा होने के कारण उपकरण भी जवाब दे रहे हैं विद्युत सप्लाई ठीक ढंग से हो इसका प्रयास लगातार जारी है।

**अपने कार्य क्षेत्र में नहीं रहते विद्युत विभाग की अधिकारी**

विद्युत विभाग में विद्युत सप्लाई ना आने का कारण है बल्दीराय विद्युत उपकेंद्र के शीर्ष अधिकारी एसडीओ जेई अपने मूल कार्य क्षेत्र के मुख्यालय पर कभी भी रात निवास नहीं करते। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि रात में अधिकारियों के पास फोन मिलाने पर उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताता है जिससे सप्लाई के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल पाती। उपभोक्ता ने बताया कि एक सप्ताह से क्षेत्र में आधे घंटे की रोस्टिंग करके 2 घंटे की कटौती की जा रही है जानकारी करने पर ना तो जेई फोन उठा ते है ना तो एसडीओ।

**उपकरण क्षमता से अधिक भार सहन नहीं कर पा रहा है**

विद्युत उपकेंद्र बल्दीराय पर लगे छोटे उपकरण क्षेत्र की सप्लाई का भार सहन नहीं कर पा रहा है यह समस्या लगभग कई वर्षों से है। लेकिन जिले के विद्युत विभाग की आला अधिकारी उपभोक्ताओं को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। विद्युत अधिकारियों का ध्यान केवल बिल वसूली तक सीमित रह गया है विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने के लिए इन लोगों का ध्यान नहीं जाता उपभोक्ताओं को कर्मचारियों की लापरवाही अधिकारियों की तानाशाही का दंश झेलना पड़ रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस : डीएम ने किया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**हस्ताक्षर अभियान और रैली से गूंजा संदेशः बचपन को दो पढ़ाई, मत छीनो उसकी मासूमियत**

**12 से 17 जून तक चलेगा बाल श्रम निषेध सप्ताह**

लखीमपुर खीरी । जिले में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरूकता की अलख जगी। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाल श्रम निषेध सप्ताह (12 से 17 जून) के अभियान का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। डीएम ने हस्ताक्षर अभियान का भी आगाज करते हुए अधिकारियों, बच्चों और नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बच्चा किताबों का हकदार है, न कि काम की जिम्मेदारी का। समाज तभी प्रगतिशील कहलाएगा जब उसका हर बचपन सुरक्षित और शिक्षित होगा। डीएम ने कहा कि हर वर्ष 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहभागिता हेतु प्रेरित करना है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बचपन का अधिकार मिलना चाहिए।

बालश्रम के खिलाफ शहर की सड़कों पर गूंजा चेतना का संदेश, डीएम ने रैली को दिखाई हरी झंडी शहर में बाल श्रम के खिलाफ निकाली गई जन-जागरूकता रैली कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विलोबी मेमोरियल होते हुए सदर चौराहे पर समाप्त हुई, जिसमें स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम अमिता यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी, 140 मामलों का हुआ चिन्हांकन श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा 106 स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 140 बाल श्रम से जुड़े मामलों की पहचान की गई, जिनमें 4 खतरनाक व 136 गैर-खतरनाक कार्य श्रेणी में आए। अब तक कुल 80 मामलों में विधिक अभियोजन दर्ज किया गया है। प्रशासन ने 11 बच्चों का शैक्षिक पुनर्वासन सुनिश्चित किया, जबकि 1 मामले में आर्थिक पुनर्वासन की कार्रवाई की गई। साथ ही, एक सेवायोजक से ?20,000 की वसूली भी कराई गई।

## एस.ए. पॉलीक्लीनिक पर नहीं हुई कार्यवाई, मौत का इंतज़ार तो नही कर रहा सिस्टम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिना रजिस्ट्रेशन व बिना डॉक्टर के संचालित हो क्लीनिक

सीतापुर। जहाँ एक तरफ सरकार अवैध अस्पतालों के खिलाफ सख़्त कार्यवाही के दावे कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत इससे अलग नज़र आ रही है। कई जिलों में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल आज भी खुलेआम संचालित हो रहे हैं, और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। बिना पंजीकरण व बिना डॉक्टर के चल अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, जब तक कोई हादसा न हो जाये तब तक स्वास्थ विभाग अनजान बना रहता है। बिना पंजीकरण व बिना डॉक्टर के एस. ए. पॉलीक्लीनिक हुसैनपुरघाट बाराभारी खैराबाद सीतापुर में संचालित किया जा रहा है। जिसपर स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। कही कोई बडे हादसे का इंतजार तो नही।

**कार्रवाई क्यों नहीं?**

स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगतः कई जगहों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चुप्पी, अवैध अस्पतालों से सांठगांठ की ओर इशारा करती है।

**लोगों की जान जोखिम में**

इलाज के नाम पर हो रही लापरवाही जानलेवा साबित हो रही है, लेकिन दोषियों पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। आखिर कैसे दर्जनों अस्पताल बिना लाइसेंस और बिना प्रशिक्षित डॉक्टरों के चल रहे हैं।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा जन जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प के क्रम में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग, सीतापुर द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, सीतापुर परिसर से रैली को मा0 अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी एवं सहायक श्रमायुक्त, उमेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। रैली में महिला एवं बाल कल्याण विभाग, चाइल्ड लाइन तथा ए0एच0टी0यू0 द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर में जन जागरूकता हेतु कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में सहायक श्रमायुक्त द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के मुख्य-मुख्य प्राविधानों तथा अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित दण्ड की विस्तृत जानकारी दी गई तथा व्यापार मण्डल के उपस्थित प्रतिनिधियों से बाल श्रम के उन्मूलन में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, मा0 अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित श्रमिकों/अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का आव्हान किया गया तथा अन्य विभिन्न विधिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सर्वश्री लीलाधर, श्री अमित कुमार, श्री सुमित कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्री अवनीश मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि तथा श्री दयाशंकर, प्रभारी निरीक्षक, ए0एच0टी0यू0 एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

### सवर्ण महा सम्मेलन की तैयारियाँ ज़ोरों पर

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश उपाध्यक्ष क्रांतिकारी संतोष मिश्रा जी के निर्देशानुसार सवर्ण महा सम्मेलन का आयोजन शीघ्र ही जिला सीतापुर में किया जाएगा। यह आयोजन जिला संयोजक शिवम तिवारी, जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राहुल पाण्डेय, एवं जिला महासचिव अनुज त्रिवेदी के नेतृत्व में संपन्न होगा। आकलन के अनुसार, इस भव्य सम्मेलन में सवर्ण समाज के 5000 से अधिक लोग शामिल होंगे। यह आयोजन सवर्ण समाज की एकता, जागरूकता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख पदाधिकारी इस प्रकार हैंः सवर्ण आर्मी प्रमुख, राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह राष्ट्रीय संयोजक गोपाल पाण्डेय प्रदेश महासचिव संदीप द्विवेदी प्रदेश मीडिया प्रभारी पुनीत ओझा, शुभम पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश पाण्डेय एवं अन्य सैकड़ों पदाधिकारीगण। प्रदेश उपाध्यक्ष क्रांतिकारी संतोष मिश्रा जी ने कहा कि यह सम्मेलन सवर्ण समाज की चेतना और एकता का प्रतीक बनेगा। वहीं, जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा जी ने बताया, ''सवर्ण आर्मी का मुख्य उद्देश्य सवर्ण समाज को जागरूक कर उन्हें संगठित करना, उन पर हो रहे अत्याचारों को रोकना, तथा उनके अधिकारों के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करना है। उन्होंने यह भी कहा कि– बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग की जाती है कि प्रदेश में सवर्ण आयोग का गठन किया जाए। यह सम्मेलन सामाजिक चेतना, संगठन और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम होगा।

### मझगई थाना क्षेत्र में जीजा–साली ने रचाई शादी

लखीमपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखीमपुर खीरी के मझगई थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों की मर्यादा को ताक पर रखकर जीजा–साली ने की शादी। इस पर भड़के परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर जूतों की माला पहनाई और पूरे गांव में जुलूस की तरह घुमाया। बेइज्जती से आहत होकर दोनों कुएं में कूद गए। ग्रामीणों ने आनन–फानन में रेस्क्यू कर बड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, गांव में तनावपूर्ण माहौल है।

### जेष्ठ माह की पूर्णिमा को श्री खंभेश्वर नाथ मंदिर में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जेष्ठ माह की पूर्णिमा बुधवार को श्री खंभेश्वर नाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे श्री 1008 श्री आनंद स्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज के सूक्ष्म शरीर के निर्देशन में भक्तों द्वारा भगवान का भोग लगाकर कन्याओं को भंडारा खिला कर दान दक्षिणा देकर प्रसाद वितरित किया गया। यह भंडारा लगभग 38 वर्षों से निरंतर होता चला आ रहा है। इस मौके पर देन महाराज, मुन्ना शुक्ला, कमलेश मिश्र, छोटे मिश्रा, पंकज शुक्ला, विजय शंकर बाजपेई, कुलदीप अवस्थी, पंकज मिश्रा, धनेश त्रिपाठी, बजंरगी, राजू मिश्रा, निर्मलेश मिश्रा, संजीव बाजपेई, विवेक गौड़, गुड्डू तिवारी, रामसरन, राजू रामायणी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### संविधान को कमजोर करने में जुटी है सरकार : दीपक सिंह

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा मुसाफ़िरखाना स्थित मंगलम महिला महाविद्यालय के प्रांगण में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओं अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने भाजपा सरकार पर संविधान को कमजोर करने,लोकतंत्र को खत्म करने,देश में नफरत फैलाने जैसे गम्भीर आरोप लगाये।उन्होंने कहा कि संविधान पर भाजपा सरकार लगातार हमले कर रही है सरकारी संस्थानों का दुरूपयोग कर मोदी सरकार विपक्ष को कमजोर और दबाने का प्रयास कर रही है परन्तु मोदी सरकार के सामने नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी चट्टान की तरह खड़े है जिससे सरकार अपने मंसूबों में कामयाब नही हो पा रही है जिसका पूरा श्रेय राहुल गांधी को जाता है।जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने कहा कि हम बाबा साहब के बताये रास्ते शिक्षित,संगठित व संघर्ष का पालन करते हुये संविधान बचाओं अभियान का महत्व ऐसे में और बढ़ जाता है जब देश में मंहगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी अपने चरम पर है, मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है।संगठन प्रभारी अमेठी फरहान वारसी ने कहा कि यह आप लोगों के लिये गर्व की बात है कि हमारे नेता राहुल गांधी देश की आवाज बन गये है हम सबको सत्ता के खिलाफ इस लडाई में उनका सहयोग करना होगा।संविधान बचाओं अभियान कार्यक्रम में अशोक तिवारी,राम लखन शुक्ला, बैजनाथ,गीता सिंह,महेंद्र तिवारी,अनुपम पाण्डेय,शत्रुघ्न सिंह सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे।

## नमामि गंगे परियोजना अधूरी, शुद्ध पेयजल को आज भी तरस रहे ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर खैराबाद। केंद्र सरकार की बहुप्रचारित नमामि गंगे परियोजना के तहत हर गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। इस योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन खैराबाद ब्लॉक के अधिकांश गांवों में आज भी ग्रामीण शुद्ध जल को तरस रहे हैं।योजना की समयावधि पूरी हो चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कहीं टंकी बनी खड़ी है, पर पानी नहीं आता, तो कहीं पाइपलाइन बिछी है लेकिन टोंटियां नहीं लग पाईं। कुछ स्थानों पर सोलर प्लांट तो लगा है, मगर पेयजल आपूर्ति का संचालन शुरू नहीं हो पाया। दारानगर में तो हालात और भी चिंताजनक हैं।यहाँ आज तक टंकी का निर्माण ही नहीं हुआ। वहीं, ग्राम परसेहरा में टंकी तो बन गई है, लेकिन किसी भी घर में कनेक्शन नहीं दिया गया। यही स्थिति ब्लॉक की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही है।

**अधिकारियों की दलील बजट नहीं था,अब है फिर भी कार्य ठप**

पूर्व में कई बार इस समस्या को लेकर खबरें प्रकाशित हुईं और ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन को शिकायतें भी भेजी गईं, लेकिन काम वहीं अटका हुआ है जहां पहले था।

अवर अभियंता कहते हैं कि अब बजट मिल गया है, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

**तस्वीरें खुद बयां कर रही हैं हकीकत**

कहीं अधूरी पड़ी पाइपलाइन,कहीं धूल फांक रही जल टंकी,और कहीं हैंडपंपों के भरोसे प्यास बुझाते ग्रामीण,सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना की यह स्थिति न केवल सिस्टम की असफलता दिखाती है बल्कि ग्रामीणों के बुनियादी अधिकारों का भी हनन है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरी पड़ी योजनाओं को जल्द पूर्ण कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाए, ताकि नमामि गंगे जैसे पवित्र उद्देश्य की सार्थकता जमीन पर उतर सके।धूल फांक रही जल योजनाएं,बजट आ चुका, पानी नहीं आया,ग्रामीणों की प्यास, सिस्टम की लाचारी है।

## योग को अपनी जीवनशैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रुप में अपनाएं : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योग सप्ताह के दौरान जनपद के सभी तहसीलों, विकास खण्डों एवं नगर पालिका नगर पंचायतों, सीएचसी पीएचसी में योगाभ्यास के विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जनपद में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक पन्द्रह से इक्कीस जून तक जनपद मुख्यालय सहित समस्त तहसीलों, विकास खण्डों एवं नगर पालिका,नगर पंचायत, सीएचसी,पीएचसी एवं अन्य प्रमुख स्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक पन्द्रह से इक्कीस जून तक पूरे एक सप्ताह को ''योग सप्ताह'' के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों/गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने अपने विभाग से संबंधित माइक्रोप्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस में करें योग-रहें निरोग का भाव समझते हुए लोग योग को अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं।उन्होंने निर्देश दिया कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाए, आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स अवश्य बनाया जाए, बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी इक्कीस जून को जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम को आयोजित कराये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस इक्कीस जून के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो।जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिये पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये।उल्लेखनीय है कि दिनांक पन्द्रह जून से इक्कीस जून तक मनाये जाने वाले योग सप्ताह में जनपद स्तर सहित समस्त तहसीलों,नगर पालिका,नगर पंचायत, ब्लाकों,सीएचसी,पीएचसी एवं विद्यालयों, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर सहित अन्य स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# मुबारकपुर के बम्हौर में पलायन की धमकी, दो वर्गों में तनाव के बाद लगे मकान बिकाऊ के पोस्टर

**ग्रामीणों का आरोप है कि पूजा-पाठ, शादी-ब्याह जैसे मौकों पर हमें परेशान किया जाता है। न बाजा बजाने दिया जाता है, न डीजे। लड़कियों के डांस का वीडियो बनाया जाता है और छेड़खानी की जाती है।**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

आज़मगढ़। जिले मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के छोटा पूरा में रहने वाले एक वर्ग के परिवारों ने अपने घरों पर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें आए दिन मारपीट, गाली-गलौज और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते वे पलायन करने को मजबूर हैं। इस गांव में एक वर्ग के करीब 40 परिवार रहते हैं, जो अब अपने घर बेचकर दूसरी जगह जाने की तैयारी में हैं।

जानकारी मुताबिक पिछले तीन जून को बम्हौर गांव में एक बारात के दौरान दो वर्गों के बीच विवाद हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार, बारात के दौरान एक वर्ग के युवकों ने महिलाओं और लड़कियों के डांस का वीडियो बनाया और छेड़खानी की। इस बात का विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लगभग आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पूजा-पाठ, शादी-ब्याह जैसे मौकों पर हमें परेशान किया जाता है। न बाजा बजाने दिया जाता है, न डीजे। लड़कियों के डांस का वीडियो बनाया जाता है और छेड़खानी की जाती है।उन्होंने जिला प्रशासन पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया और कहा, हमारे पास घर बेचकर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पुलिस और न ही जिला प्रशासन उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करता है। तीन जून की घटना के बाद गिरफ्तारियों के बावजूद गांव में तनाव बरकरार है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें आए दिन धमकियां मिलती हैं, जिससे वे डरे हुए हैं।मुबारकपुर थाना प्रभारी निहान नंदन ने बताया कि तीन जून की घटना के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। उन्होंने कहा कि गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त कर रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## एसपी की फटकार के बाद कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महराजगंज,रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में पहुंची कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दबंगों पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर उसे व उसके दोनों पुत्रों को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बादल गढ़ मजरे पिंडारी कला गांव की है। गांव निवासी लीलावती पत्नी राम गनेश ने बीते 22 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में एसपी डॉ यशवीर सिंह के सामने पेश होकर बताया कि वह अनुसूचित जाति पासी बिरादरी से है। बीते 7 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे वह अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। तभी पुरानी रंजिश में गांव के ही राम कृपाल यादव पुत्र दुक्खी व उनका लड़का पियूष यादव दरवाजे पर आकर जातिसूचक गालियां देने लगे। आरोप है कि मना करने पर बाप बेटे ने उसे लात घूसों व लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया, महिला को बचाने आए उसके दोनों पुत्रों शिव पूजन व दीपक पुत्र गण राम गनेश को जमकर पीटा। मारपीट में घायल पुत्रों के साथ कोतवाली पहुंची महिला का मेडिकल परीक्षण तो कराया लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज किया। मामले में क्षेत्राअधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि महिला की तहरीर पर एससी/एसटी सहित संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## घूर के ढेर को लेकर दबंगों ने पीड़ित की पिटाई कर किया घायल



**रायबरेली।** थाना हरचंदपुर क्षेत्र के ओदर मजरे काशो पहाड़पुर गांव निवासी एक व्यक्ति को घूरा हटाने व छप्पर रखने को लेकर दूसरे पक्ष के चार दबंग लोगों ने गाली गलौज कर लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा तथा जान से मारने की ऐलानियां धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए वहीं परिवार जनों द्वारा चोटिल राम लखन स्वर्गीय रामधनी को लेकर थाना हरचंदपुर पहुंचे जहां पर थाना अध्यक्ष हरचंदपुर द्वारा प्राथमिक उपचार कराकर चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चले की थाना क्षेत्र के ओदर मजरे काशो पहाड़पुर गांव निवासी राम लखन स्वर्गीय रामधनी उम्र 50 वर्ष से गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगढ़ चंद्रपाल पुत्र पलटू गुड्डू पुत्र अयोध्या सुमिरन पुत्र अयोध्या चंदन पुत्र पलटू एक राय होकर आए और जबरन घूरा हटने लगे तथा उसी जगह पर अपना छप्पर रखने लगे जिसका विरोध करने पर दबंग प्रतिपक्षीगढ़ो ने राम लखन को गाली गलौज कर लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की ऐलानियां धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसमें राम लखन को गंभीर चोटे आई हैं। कोतवाली पुलिस ने राम लखन का डॉक्टर मुयाना कराकर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पीएम स्वनिधि एवं पीएम आवास (शहरी) योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**पीएम स्वनिधि निधि योजना के अंतर्गत नियम व शर्त पूरी करने वाले आवेदकों को लोन की दूसरी किस्त जारी करें: डीएम**


**प्रधानमंत्री आवास (शहरी) के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को चयनित कर लाभान्वित करें: डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत लोन के लिए आवेदन किये गये ऐसे आवेदकों को लोन की द्वितीय किस्त जारी किया जाए, जो नियम व शर्त पूरी कर रहे हों। उन्होने कहा कि द्वितीय एवं तृतीय लोन के आवेदकों को अधिशासी अधिकारी बुलायें तथा बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लोन दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिस ईओ के पास अधिक नगर पंचायतों का प्रभार है तथा अपेक्षित प्रगति नही कर पा रहे हैं, उनके स्थान पर कम प्रभार वाले तेज तर्रार ईओ को चार्ज दिया जाए।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त हुए आवेदनों के प्रमाण पत्र की जांच उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी न0पा0/न0पं0 आपसी समन्वय स्थापित कर सत्यापन करें, सही पाये जाने उसका डीपीआर बनाकर अपलोड करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, प्रभारी अधिकारी डूडा, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अभ्यर्थियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए लिए सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से की भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, जेल वार्डर, एसएसएफ एवं फायरमैन सिपाही भर्ती में ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की विशेष छूट देने की मांग की गई है, जो वर्ष 2018 की अंतिम भर्ती में सम्मिलित हुए थे और अब आयु सीमा पार कर चुके हैं।विधायक सदर ने पत्र में अवगत कराया कि कोविड-19 महामारी एवं प्रशासनिक कारणों से लम्बे समय तक भर्ती प्रक्रियाएं बाधित रहीं, जिसके कारण बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थी अब आयु सीमा पार कर चुके हैं और आगामी भर्तियों से वंचित हो सकते हैं। विधायक सदर ने मुख्यमंत्री से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की आयु सीमा में विशेष छूट देने का आग्रह किया। जिसका सीधा लाभ प्रदेश के लाखों युवाओं को प्राप्त होगा। जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वाशन दिया कि शीघ्र ही प्रदेश के युवाओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए फैसला लिया जाएगा।

## पंचायत चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर अपना दल एस का परचम लहराए- कुंवर सत्येंद्र पटेल



**रायबरेली।** अपना दल एस विधानसभा ऊंचाहार की मासिक बैठक बृजेश यादव जी के आवास पर ग्राम सभा पुरे सरदार( बाध) जगतपुर ब्लॉक विधानसभा ऊंचाहार में विधानसभा अध्यक्ष अरुण पटेल जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतीथि जनपद के जिला अध्यक्ष कुवर सत्येंद्र सिंह पटेल जी रहे बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विधानसभा में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर के पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक सीटे जीतनी होंगी। जिससे कि हमारे अधिक से अधिक जनप्रतिनिधि जिले की पंचायत की भाग ले सकें इसके पूर्व हम सबको दल की सदस्यता बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को सक्रिय सदस्यता दिलानी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष अरुण पटेल जी ने कहा कि अपना दल एस का कारवां लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हम लोग ऊंचाहार विधानसभा से पूरे जनपद में अच्छा संदेश देंगे।कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया और पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक जनप्रतिन अपना दल एस के बैनर से लड़ाने के लिए रणनीति बनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव अतुल सिंह, रमेश कुमार जी जिला सचिव इंद्रेश पटेल जी राजेश कुमार जी, अरुण कुमार पटेल, रमणेश पटेल, सत्येंद्र कुमार पटेल, रमन मौर्य, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल , राज बहादुर प्रजापति, सुमेर विश्वकर्मा , दुर्गेश श्रीवास्तव, बृजेश, जवाहरलाल, आदि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मील का पत्थर साबित हो रही है टीचर सेल्फ केयर टीम

**भारत खासतौर से उत्तर प्रदेश में अधिकांश शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, शिक्षामित्र, अनुदेशक, सम्मानित सदस्यों के आकस्मिक दिवंगत होने की स्थिति में उनके परिवारों को लाखों की आर्थिक मदद देकर बड़ा सहारा बन रही टीएससीटी टीम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के शिक्षकों व कार्मिकों की संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वट्टएट्ठ जो दिवंगत शिक्षकों व कार्मिकों के परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करती है, प्रतिदिन नए रिकॉर्ड के साथ नए आयामों को छूती जा रही है। मीडिया जानकारी देते हुए जिला संयोजक शिक्षक पंकज प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अब तक यह संस्था संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष शिक्षक विवेकानंद जी के दिशा निर्देशन में 336 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 138 करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। इतनी बड़े स्तर की मदद देश व प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हो रही है।जिला संयोजक पंकज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक शिक्षक विवेकानंद जी के निर्देश पर टीएससीटी बहराइच के जिला संयोजक पंकज प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में जिला टीम व ब्लॉक टीम के साथी विकास खंड पयागपुर, बहराइच के शिक्षक स्व. कृष्ण कुमार पांडेय का निधन विगत 26 अक्टूबर 2024 को हो गया था और सक्रिय सदस्य होने के साथ ही साथ लगातार संगठन को सहयोग कर रहे थे, संगठन की नियमावली के अनुसार भौतिक सत्यापन के लिए दिवंगत सदस्य शिक्षक स्व. कृष्ण कुमार पांडेय संरक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ बहराइच के निवास स्थान- झाला तरहर, पयागपुर, बहराइच पर शोक संवेदना व्यक्त करने एवं स्थलीय सत्यापन हेतु पहुंचकर पांडेय जी की नामिनी उनकी पत्नी मुन्नी देवी से सम्बंधित जानकारियां ली गई। संगठन के उपस्थित सदस्यों ने उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना भी व्यक्त करते हुए परिवार ढाढस बंधाया गया, परिजनों को हर सुख दु:ख में टीचर्स सेल्फ केअर टीम उत्तर प्रदेश से मदद के साथ ही साथ सहायता का आश्वासन दिया गया। सहायता के क्रम में भौतिक सत्यापन के पश्चात स्व. कृष्ण कुमार पांडेय के नामिनी पत्नी मुन्नी देवी से सहायता संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के साथ ही संगठन के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद जी द्वारा पांडेय जी के परिवार से टेलीफोनिक वार्ता के क्रम में सहानुभूति प्रकट करते हुए आश्वासन दिया कि पूरा टीएससीटी परिवार इस विपदा की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। सत्यापन उपरांत संगठन से अलर्ट 64 में इनके नॉमिनी को सहयोग होना सुनिश्चित हुआ है।

# डीएम व एसपी के हाथों सम्मानित हुए जिले के मेधावी छात्र-छात्राएं

**विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुआ अलंकरण समारोह ,मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश के मुंख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित समारोह में केन्द्र व राज्य स्तरीय बोर्ड की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 10 तथा इण्टरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल, टैबलेट तथा रू. 21-21 हज़ार की धनराशि के डमी चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 12 हेतु राज्य स्तर पर चयनित सेंटपीटर इ.का. नानपारा के मेधावी छात्र नैतिक श्रीवास्तव को राज्य स्तर पर प्रशस्ति-पत्र, मेडल, टैबलेट तथा रू. 01 लाख की धनराशि का डमी चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।अलंकरण समारोह में कक्षा 10 हेतु बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की मानसी मौर्या व आस्था सिंह, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की सलोनी यादव, पूर्वी सिंह, अमन तिवारी व नमिता विश्वकर्मा, सीमान्त इ.का. रूपईडीहा के सूरज कुमार वर्मा, सिटी माण्टेसरी इ.का. बहराइच की श्यामला यादव, सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के आशू सिंह, हरिद्वार प्रसाद इ.का. इन्टहा के आदित्य शुक्ला तथा कक्षा 12 हेतु रामलली इ.का. सिसई हैदर के मो. ताहिर, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की रिषिता, अर्पिता व राज लक्ष्मी यादव, राम प्यारे शिव शंकर इ.का. शिवपुर की अर्चिता वर्मा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के दिव्यांश पाठक व प्रतिभा, श्यामलाल इ.का. पहाड़ा पक्कड कल्पीपारा के विशाल कुमार वर्मा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा के जितेन्द्र कुमार, सिटी माण्टेसरी इ.का. बहराइच की सुहानी सिंह, कैम्ब्रिज इ.का. खसहा मोहम्मदपुर के अभिषेक यादव, राजकीय इ.का. लखैय्याकला के रूपेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।डीएम व एसपी ने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके गुरूजन व अभिभावकों को बधाई दी तथा कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी व्यक्ति समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। डीएम व एसपी ने कहा कि इसी प्रकार कठिन परिश्रम कर आगे आने वाली परीक्षाओं में अच्छा मुकाम हासिल कर देश, प्रदेश व जिले का नाम ऊंचा करें। आप चाहे जिस भी पद पहुंचे, गरीबों और ज़रूरतमन्दों की मदद करना ही आपका संकल्प होना चाहिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व चेक देकर किया गया सम्मानित

**विधायक व डीएम ने मेधावी छात्राओं को बधाई देकर की उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मेधावी छात्र/छात्राओं को टैबलेट एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया। जिसमें माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट एवं चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनपद के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व रुपए 21 हजार के डमी चेक वितरित किये गये, धनराशि छात्र/छात्राओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में, लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के जनपद के 10-10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व डमी चेक देकर सम्मानित किया गया।

### सम्मानित बच्चों ने अपने माता पिता, विद्यालय व शिक्षक का नाम किया रोशन: विधायक

विधायक सलोन अशोक कुमार ने कहा कि आज जिन मेधावी विद्यार्थियों को यहां पर सम्मानित किया गया है उन्होंने अपना, अपने माता-पिता अपने विद्यालय व अपने शिक्षकों के साथ जनपद का भी गौरव व मान बढ़ाया है, इन सभी विधार्थियों को बधाई व शुभकामनाये। उन्होंने कहा कि यदि पहले की तुलना की जाये तो पहले विद्यालयों में संशाधनों का अभाव था,लेकिन वर्तमान समय में विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध है, स्मार्ट क्लासेज है, जिसमें विधार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कड़ी मेहनत ही आपको आपके मुकाम तक ले जायेगी, इसलिए सभी विधार्थी कड़ी मेहनत कर आगे बढ़े,कभी भी शार्ट कट का रास्ता न अपनाये, इसके पश्चात आप जिस क्षेत्र में भी अपनी सेवा दे वहां पर सेवा भाव से कार्य कर समाज में अपना महत्वपूर्ण योजदान दें।

### डीएम ने बच्चों को दी बधाई

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जनपद के लिए भी गर्व की बात है।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित हुई गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में 12 से 17 जून तक बाल श्रम निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज विशाखा इन्डस्ट्रीज, बछरावां रायबरेली में गोष्ठी का आयोजन मिलिन्द्र द्विवेदी, सदस्य बाल कल्याण समिति रायबरेली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। गोष्ठी में सभी अगंतुको का श्रम प्रवर्तन अधिकारी रायबरेली राकेश कुमार पाल द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बाल श्रम समाज के लिए एक अभिशाप है। जिसे जनपद रायबरेली से हटाया जाना आवश्यक है तथा सरकार की मंशा के अनुरूप वर्ष 2027 तक प्रदेश सहित जनपद रायबरेली को मुक्त कराया जाना आवश्यक है, जिसके लिए गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। विशाखा इन्टस्ट्रीज के वर्क मैनेजर अनिल मिश्रा ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है आगामी 20 वर्षों में भारत के आग्रणी भूमिका के लिए बाल श्रम को समाप्त किया जाना अवाश्यक है, तथा इसके लिए अपने कर्मचारियों से आस-पास के लोगों को जागरूक करने का आवहन किया गया। सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार द्वारा अपने उ?द्बोधन में सभी से आवहन किया गया कि बाल श्रम एक समाजिक समस्या है। जिसका उन्मूलन जागरूकता के माध्यम से ही किया जा सकता है। उन्होंने अवगत कराया कि श्रम विभाग इस संबंध में जागरूकता लाने में प्रयास करता रहा है तथा बाल श्रम कराने गले सेवा याजको के विरूध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं वियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्राभियोजन एवं अन्य विधिक कार्यवाही भी कर रहा है। उन्होने सभी से आवहन किया कि जहा पर भी बाल श्रमिक कार्य करते पाए ऐसे सवायोजको स यथा संभव बाल श्रम न कराने के लिए प्रेरित करें।

# असम से फरार बेटी संग दुष्कर्म करने वाला कलयुगी पिता को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**रेलवे सुरक्षा बल ने गोंडा रेलवे स्टेशन के समीप से आरोपित को दबोचा**

**आठ जून 2025 को सामने आई थी दिल को दहला देने वाली घटना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से असम पुलि स को बड़ी सफलता मिली है।अपनी ही एक नाबा लिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले कलयुगी पि ता को बुधवार को गोंडा रेलवे स्टेशन के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया।एक कलयुगी बाप ने अपनी ही सगी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करता रहा,जब बे टी गर्भवती हो गई तो उसे अस्पताल ले जाकर उस का गर्भपात करा दिया।जिस संबंध में मुकदमा दर्ज होने के बाद दुराचारी फरार हो गया जिसे आरपी एफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार असम प्रदेश के कोकराझार जनपद के ग्राम भूमिकी निवा सी ऐनुल हक पुत्र समर अली उम्र लगभग 42 वर्ष अपनी 15 साल बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा और बेटी के गर्भवती होने पर उसका जबरदस्ती प्राइवेट अस्पताल ले जाकर गर्भपात करा दिया। जिस संबंध में थाना कोकराझार में पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसकी सूचना मिलते ही कुकर्मी वहां से फरार हो गया।वहां की पुलिस को लोकेशन के द्वारा पता चला कि अपराधी गोंडा रेलवे स्टेशन के आसपास घूम रहा है।तभी वहां से आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय को सूचना सूचना दी गई कि एक जघन्य अपराधी आपके क्षेत्र में घूम रहा है जिसे गिरफ्तार करने में हमारी मदद करें। त्वरित बड़ी ही सूझबूझ के साथ आरपीएफ पोस्ट कमांडर अपनी टीम के साथ जघन्य अपराधी को दबोच लिया गया और असम से आई हुई पुलिस को उसे सुपुर्द कर रवाना कर दिया गया।इसके लिए पुलिस अधीक्षक कोकराझार पृथ्वीराज राजखोवा द्वारा आरपीएफ पोस्ट कमांडर को अप्रिशिएसन प्रमाण पत्र भी असम से आई हुई पुलिस टीम द्वारा प्रदान किया गया।

## ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाया गम्भीर आरोप

गोरखपुर। ब्रह्मपुर विकास खंड के ग्राम गजाईकोल के निवासियों ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तारकेश्वर जायसवाल और शम्भू नाथ जायसवाल ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, मंडलायुक्त और उपजिलाधिकारी चौरी चौरा को पत्र भेजा है।पत्र में बताया गया है कि ग्राम गजाईकोल में स्थित आराजी नंबर 444 का रकबा 1.251 हेक्टेयर है। इस जमीन का मामला अपर जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 28 के तहत विचाराधीन है। यह मामला तारकनाथ बनाम ब्रिजलाल से संबंधित है। कानूनगो की सर्वे रिपोर्ट भी आ चुकी है।आरोप है कि लेखपाल राम औतार गुप्ता ने विपक्षी से अवैध धन लेकर, बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के सीमांकन कर दिया। उन्होंने प्रार्थी के गाटे में विपक्षी महेश का गाटा दर्ज कर दिया।जब एक पत्रकार ने फोन पर लेखपाल से उनका पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने कहा कि आप कौन होते हैं मेरा पक्ष लेने वाले और फोन काट दिया। इस बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद से लेखपाल अन्य पत्रकारों के फोन नहीं उठा रहे हैं और अपना मोबाइल बंद कर दिया है।

# मच्छरदानी में बैठकर प्रदर्शन: जिले में शिक्षा माफिया मच्छरों की तरह चूस रहे खून




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने एक अनूठे तरीके से प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर मच्छरदानी मे बैठकर फीस रेगु लेशन बिल की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने निजी स्कूलों की तुलना मच्छरों से की हैं।उनका कहना है कि जैसे मच्छर लोगों का खून चूसते हैं,वैसे ही प्राइ वेट स्कूल अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा कि निजी स्कूल किताब,ड्रेस, ट्यूशन फीस, क्रीड़ा शुल्क और स्कूल किट के नाम पर मनमानी वसूली कर रहे हैं।माफियाओं पर हो कार्रवाई प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार जैसे अन्य वस्तुओं के दाम तय करती है, वैसे ही स्कूल फीस भी निर्धारित करे।उन्होंने शिक्षा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।सिटी मजि स्ट्रेट को ज्ञापन जिला महामंत्री आलोक गुप्ता के अनुसार,राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर चौपाल लगा रहे हैं।वे इस मुद्दे पर लो गों के हस्ताक्षर ले रहे हैं और उन्हें जागरूक कर रहे हैं।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिटी मजि स्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

# तत्काल टिकट,फर्जीवाड़ा होगा बंद,अब आधार कार्ड पर ही मिलेगा तत्काल टिकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। अब आधार कार्ड पर ही तत्काल टिकट मि लेगा।मोबाइल फोन नंबर के ओटीपी वन टाइम पा सवर्ड से यात्री व अधिकृत व्यक्ति की पुष्टि की जाए गी।एक जुलाई से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरि ज्म कारपोरेशन आइआरसीटीसी की वेबसाइट औ र ऐप पर आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे।15 जुलाई से रेलवे के आरक्षण काउंटरों और अधिकृत एजेंटों से तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित पहचान पत्र अनिवार्य हो जाएगा।नई व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन त त्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण को आवश्यक कर दिया गया है।एक जुलाई से आ इआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट और मो बाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए तत्काल टिकट केवल आधार से प्रमाणित उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे।इसके अतिरिक्त 15 जु लाई से आनलाइन की गई तत्काल बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य हो जाएगा।विंडो टिकट के लिए बुकिंग करने वाले व्यक्ति को एक मोबाइल नंबर देना होगा,जिस पर सत्यापन के लिए ओटीपी भेजा जाएगा।यह प्राव धान 15 जुलाई तक लागू किया जाएगा।काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकटों के लिए बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगा,जिसके प्र माणीकरण की आवश्यकता होगी।टिकट काउंटरों पर तत्काल टिकटों की बुकिंग के दौरान एजेंटों के यहां से बल्क बुकिंग को रोकने के लिए तीस मिनट तक तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी।वातानुकूलित श्रेणियों के लिए यह प्रतिबंध सुबह दस बजे से साढ़े दस बजे तक और गैर-वाता नुकूलित श्रेणियों के लिए सुबह गयारह बजे से सा ढ़े गयारह बजे तक लागू होगा।ट्रेवल एजेंट और अ धिकृत एजेंसियां आधे घंटे के बाद टिकट बुक कर सकती हैं।यानी ट्रेवल एजेंट एसी क्लास में साढ़े द स बजे से और नॉन एसी के लिए साढ़े गयारह बजे के बाद तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं।

## देवेश के निधन से मेरी व्यक्तिगत क्षति : रवि किशन



गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत हृदय विदारक है। रवि किशन ने दिवंगत नेता की अंत्येष्टि में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि देवेश से मेरा पारिवारिक और आत्मीय संबंध था। उनकी निष्ठा, सादगी और संगठन के प्रति समर्पण को गोरखपुर सदैव याद रखेगा। उनके जाने से मैंने एक सहयोगी नहीं, एक आत्मीय भाई खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उनके परिजनों के साथ हर पल खड़ा हूं। रवि किशन ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को

## आरपीएफ ने रेलयात्री को सौंपा छूटा सामान



गोण्डा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पर ट्रेन पर जल्द बाजी में चढ़ने के दौरान यात्री का बैग छूट गया था।जिसे 27 मई 2025 को एक ट्राली बैग बैंगनी रंग प्लेटफार्म संख्या एक पर रेलवे सुरक्षा की जवान ने ड्यूटी के दौरान लावारिश हालत में पाया गया मिला था जिसे रेलवे सुरक्षा बल गोंडा की देखरेख में सुरक्षित रखा गया था उक्त बैग को खोलकर चैक करने पर कुछ मार्कशीट व पुराना इस्तेमाली कपड़ा तथा एक पर्ची जिस पर मोबाइल न.लिखा हुआ था जिस पर आरपीएफ इंस्पेक्टर ने फोन किया तो उस व्यक्ति ने अपना नाम वकील अहमद पुत्र स्वर्गीय इनायत अली आगापूर्वा थाना धानेपुर जनपद गोंडा के द्वारा कॉल अटेंड किया गया जिनसे बातचीत करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा बताया कि वह 26 मई 2025 को वह अपनी लड़ की को गाड़ी संख्या 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस से मुंबई जा रहें थे।कि 27 मई 2025 को रात्रि में समय लगभग एक बजे उस व्यक्ति की लड़की उक्त गाड़ी में चढ गई भीड़ अधिक होने के कारण हड़ब ड़ाहट में अपना बैग प्लेटफार्म संख्या एक पर भूल वश छोड़ दी जिसके संबंध में जीआरपी गोण्डा में उक्त बैग के बाबत गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।12 जून को वकील अहमद नौ बजे आरपीएफ पो स्ट पहुंचकर उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने बैग को दिखाया जिसके बाद यात्री के बताए के अनुसार वो बैग है जो गोंडा स्टेशन पर छूट गया था बैग में रखे सामान के बाबत पूछताछ किया तो बताए कि उनकी लड़की की पढ़ाई से संबंधित कागजात त था पैनकार्ड,बैंकपासबुक तथा कुछ पुराना इस्तेमा ली कपड़ा होना बताया मिलान किया गया सही पाने पर उक्त व्यक्ति के आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति लेकर बाद होने इत्मीनान उक्त बैग मय सामान उक्त यात्री को सौप दिया गया हैं।

## मनकापुर पुलिस ने स्कूटी चोर को किया गिरफ्तार



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी म नोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मन कापुर उदित नारायण पालिवाल के नेतृत्व में थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी करने के आरोपी अभियुक्त रमेश दूबे पुत्र शेषनरायन दूबे निवासी बौनापुर थाना कौडिया को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चो री का एक इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद किया हैं।दस जून को मनोज पुत्र मेघनाथ चौहान निवासी लमती बेनीपुर थाना मनकापुर के द्वारा थाना कोतवाली मनकापुर को सूचना दिया कि वह अपनी मोबाइल की दुकान के सामाने इलेक्ट्रिक स्कूटी खड़ी की थी जिसको किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया हैं काफी खोजबीन किया किन्तु नही मिला।तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवे चना के क्रम में तकनीकी साक्ष्य व मैनुअल साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आये आरोपी रमेश दूबे पु त्र शेषनरायन दूबे निवासी बौनापुर थाना कौडिया को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चो री का एक इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद किया गया हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस विधिक कार्यवाही की हैं।

# पंचायत चुनाव से पहले विकास कार्यों को गति देने के लिए कई ग्राम पंचायत अधिकारियों के तबादले

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों का तबादला किया गया है।जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दु बे ने इन अधिकारियों को नई तैनाती दी है अनुपमा सिंह को नवाबगंज से झंझरी और नेहा कुशवाहा को झंझरी से रुपईडीह भेजा गया है।सुभाषचंद्र पाण्डेय को करनैलगंज से पंडरीकृपाल और रमेश कुमार को परसपुर से मुजेहना स्थानांतरित किया गया है।यमुना प्रसाद को रुपईडीह से हलधरमऊ और विंध्वासिनी भारती को इटियाथोक से रुपई डीह भेजा गया है।पंकज कुमार मौर्य को पंडरी कृपाल से करनैलगंज और पुष्पराज सिंह को बभन जोत से परसपुर में तैनात किया गया है।अमरजीत को रुपईडीह से परसपुर और वैभव तिवारी को करनैलगंज से परसपुर भेजा गया है। नीतीश कुमार श्रीवास्तव को हलधरमऊ से तरबगंज और आलो क कुमार सिंह को मुख्यालय से तरबगंज स्थानांत रित किया गया है।घनश्याम निषाद को तरबगंज से वजीरगंज,अभिषेक सिंह और बीना सिंह को परस पुर से बेलसर भेजा गया है।मो.आफाक को वजीर गंज से मनकापुर,विजय कुमार और पवन कुमार को बभनजोत से छपिया में नियुक्त किया गया है। अरविंद कुमार यादव को तरबगंज से छपिया,राम अजोर को मनकापुर से बभनजोत,मालिकराम को रुपईडीह से बभनजोत और राजकुमार को रुपई डीह से हलधरमऊ ब्लॉक भेजा गया है।जिला पंचा यत राज अधिकारी लालजी दुबे ने बताया कि ये स भी अधिकारी लंबे समय से एक ही ग्राम पंचायत में तैनात थे।पंचायत चुनाव नजदीक होने के कार ण इनका तबादला किया गया है।सभी अधिकारि यों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने गांव में विकास कार्यों को तेजी से कराएं।किसी भी प्र कार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चार दिवसीय आम मूल्य संवर्धन पर महिलाओं ने लिए प्रशिक्षण

**कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में आम द्वारा मूल्य संवर्धन विषयक पर 9 जून से 12 जून तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। भारतीय रसोई में कच्चे आम को कई तरह से इस्तेमाल में लाया जाता है कई लोग आम का अचार बनाकर खाते हैं तो कुछ लोगों को आम की खट्टी मीठी चटनी पसंद होती है इसी के क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में आम द्वारा मूल्य संवर्धन विषयक पर 9 जून से 12 जून तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एस के यादव द्वारा की गई उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि भारतीय व्यंजन में अचार का एक विशिष्ट स्थान रहा है आचार हमारे भोजन को भी पचाने में सहायता प्रदान करता हैम डॉ. यादव ने बताया कि कच्चे आम में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, सोडियम, जिंक और कॉपर जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैंम केंद्र की वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण की संचालिका रेनू आर्य ने आम के मूल संवर्धन की विभिन्न विधियां की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्होंने आम से कई प्रकार के बने उत्पाद जैसे पके आम का स्क्वैश मैंगो पियूरी,अमावट,आम रस,कच्चे आम की चटनी,अमचूर आम का पना आदि का उत्पाद बनाकर बताया म उन्होंने अचार रखने समय सावधानियां पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने बताया कि सड़े गले,कटे फटे एवं दाग धब्बे वाले फलों को प्रयोग में नहीं लाना चाहिएम चोट लगे फलों का अचार नहीं बनना चाहिएम फलों को स्वच्छ पानी से अच्छी तरह से धोना चाहिए आम आंवला आदि फलों का हाथों से या बांस का बांधकर पेड़ों से तोड़ना चाहिएम मसाले साफ सुथरा सुखाकर भूनकर दर दरा पीस लेना चाहिए। कार्यक्रम में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रक्षेप उत्पादन के तौर पर धान का बीज वितरण किया गयाम कार्यक्रम में केंद्र के समस्त वैज्ञानिक सुनील कुमार, संदीप कुमार, डॉ.एसबी सिंह एवं उपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# ब्रांडेड बोरी में डैमेज माल भरकर सप्लाई करने वाले तीन गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**एसटीएफ ने छापेमारी कर भारी मात्रा में डैमेज सीमेंट, ब्रांडेड सीमेंट की बोरी, दुरर्मोस, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, लोहे की चुप्पी, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र के मडवरिया कुआं चौकी अंतर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा विभिन्न कंपनियों के डैमेज सीमेंट की खरीदारी कर उसे ब्रांडेड कंपनियों के बोरे में भरकर सप्लाई किया जा रहा था। जिसमें लखनऊ से आई एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में डैमेज सीमेंट, ब्रांडेड सीमेंट की बोरी, दुरर्मोस, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, लोहे की चुप्पी, मोबाइल फोन आदि बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ उत्तर प्रदेश लखनऊ को नकली सीमेंट बनाने वाले गिरोह के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर एसटीएफ के उच्चाधिकारियों द्वारा पुलिस उपाधीक्षक प्रमोश कुमार शुक्ला के निर्देशन में एसटीएफ के उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रणव सिंह, रविंद्र कुमार, यशवंत कुमार सिंह द्वारा गोरखपुर यूनिट से संपर्क कर उपनिरीक्षक यशवंत सिंह, मुख्य आरक्षी उमेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, चंद्रभूषण सिंह, आदित्य पांडेय द्वारा मुखबीर खास से प्राप्त जानकारी के आधार पर मरवडिया कुआं पुलिस चौकी से लगभग 1 किलोमीटर आगे रोड के दोनों तरफ बने गोदाम पर छापेमारी कर 257 भरी हुई कूट रचित अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरियां, 112 खाली अल्ट्राटेक की बोरियां तथा 60 बोरी डैमेज सीमेंट की बोरी तथा दूसरे गोदाम से 175 बोरी अल्ट्राटेक सीमेंट की कूटरचित सीमेंट भरी बोरी तथा डालमिया कंपनी की 250 बोरी आधा भरा हुआ डैमेज सीमेंट बरामद किया गया। इस दौरान मौके पर हिरासत में लिए गए अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि विगत तीन माह से वह डैमेज माल अल्ट्राटेक एवं डालमिया कंपनी मोतीराम कंपनी डम्पी(यार्ड) के वेन्डर खान साहब नामक व्यक्ति के माध्यम से?200 प्रति बोरी की दर से डैमेज माल खरीदता है। तथा आदि शक्ति इंटरप्राइजेज साहबगंज मंडी के केदारनाथ जायसवाल से?14 प्रति बोरी की दर से मंगाता है। जिसमें डैमेज माल को छनवाकर कुछ मजदूरों की मदद से रिसायकिल कर ब्रांडेड कंपनियों की बोरी में भरकर शिवा एसोसिएट्स पुरदिलपुर थाना कोतवाली एवं रिलायबल एसोसिएट राम जानकी नगर थाना गोरखनाथ को 300 से 320 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बेच देता है। प्रतिदिन 150 से 200 बोरी सीमेंट बेच देता है। बरामद माल की जांच पड़ताल के क्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट उत्तर प्रदेश के लीगल मैनेजर नीरज मिश्रा को बुलाकर जांच कराई गई। जिसमें बरामद बोरियां नकली पाई गई। जिसके आधार पर अभिषेक शुक्ला 26 पुत्र नागेंद्र नाथ शुक्ला निवासी पिथौरा थाना गिड़ा जनपद गोरखपुर, दीनदयाल चौहान31 पुत्र स्व. बनवारी लाल चौहान निवासी ग्राम बिशनपुर टोला सपटहिया थाना चिलुवाताल , राम लवट35 पुत्र स्वर्गीय रामजस निवासी ग्राम भीटी रावत टोला भरपूरवा थाना सहजनवा के विरुद्ध बेलीपार थाने में धारा 125, 290, 318 ,342, बी एन एस व 63 कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। गवाही के लिए किसी के तैयार नहीं होने पर धारा 105 बी एन एस का पालन करते हुए मोबाइल से वीडियोग्राफी कराकर पेन ड्राइव में संरक्षित किया गया है।

# जलनिकासी की समस्या से राहत: सआदत इंटर कॉलेज के पास बना नाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सआदत इंटर कॉलेज के समीप लंबे समय से हो रहे जलभराव से निजात दिलाने के लिए ब्लॉक प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। क्षेत्रवासियों की मांग पर ब्लॉक द्वारा सिचाई विभाग के गेट से होते हुए नाले का निर्माण कार्य कराया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें इस विषय में एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ था, जिस पर बीओपीआरडी अजय गुप्ता और अवर अभियंता सचिन के नेतृत्व में जांच कराई गई। शिकायत में घटिया निर्माण और टेंडर प्रक्रिया में प्रयुक्त समाचार पत्रों को लेकर प्रश्न उठाए गए थे। बीओपीआरडी अजय गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि नाले का निर्माण कार्य दो चरणों में किया गया है। सआदत इंटर कॉलेज के सामने कॉलोनी नंबर 1 से मंदिर तक, मंदिर से आंख अस्पताल तक। दोनों कार्य क्षेत्र पंचायत के माध्यम से संपन्न कराए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टेंडर प्रकाशन गुनाह का सच और सच की मर्यादा नामक समाचार पत्रों में किया गया था। जांच में यह कार्य पूर्ण एवं संतोषजनक पाया गया, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी जलनिकासी की समस्या का समाधान संभव हो सका।जांच के समय कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें बुद्ध सागर विश्वकर्मा, डी. के. श्रीवास्तव, योगेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी एवं सतरूपा अष्टभुजा मंदिर के पुजारी राम गोपाल मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल थे।

# डीएम द्वारा तेरहवीं पर नई खतौनी देने के अभियान की हो रही जिले भर में सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जनपद ने नए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जब से कार्यभार संभाला हैं। उसके कुछ दिन के अंदर ही जनहित में बड़े निर्णय लेकर जनता की मुश्किलें कम करने की मुहिम शुरू के दी है। इसी अभियान के तहत गत दिनों जिलाधिकारी ने मृतक किसान की तेरहवीं तक उसके वारिसान के नाम खतौनी में अंतरण कर परिवार को तेरहवीं वाले दिन नई खतौनी देने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसकी गूंज पूरे जिले में सुनाई दी है।जनपद के किसान वर्ग में हर्ष का संचार हुआ है।दरअसल किसी किसान के मृत्यु हो जाने के बाद अनेकों मामलों में उसके वारिसान को अपना नाम मृतक के स्थान पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाने हेतु अनगिनत चक्कर काटने पड़ते थे और लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। जिसमें लंबा समय निकल जाता था। और यह सीधा और सामान्य कार्य भी किसान के परिवार के लिए अत्यंत कष्टकारी हो जाता था। पहले से ही अपने प्रियजन को खोने के दुख में परेशान परिवार अकारण ही इस हीलाहवाली के चलते और परेशान होता था। नवागत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए कृषक वर्ग की इस समस्या को गहनता से समझा और बीते दिनों ऐसे मामलों में मृतक की तेरहवीं संस्कार वाले दिन उसके परिवार को यह सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर वारिसान के नाम की नई खतौनी सौंपने हेतु जिले भर के राजस्व अधिकारियों को निर्देशित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर जिले के सभी किसानों को बड़ी राहत मिली और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से जिले भर के किसानों ने इस बड़ी राहत हेतु जिलाधिकारी पीलीभीत को धन्यवाद ज्ञापित करने की इच्छा प्रकट की जिस पर राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में पूरनपुर, अमरिया,मझोला,न्यूरिया, जहानाबाद सहित पूरे जनपद के किसानों और ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी से भेंट की और उनको इस ऐतिहासिक निर्णय लेने पर धन्यवाद किया तथा उनके गले में सरोपा डाल कर उनको सम्मानित किया और श्रीराम दरबार भेंट कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि वे योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के बताए गए रास्ते पर चलते हुए आम जनता की समस्याओं को कम करने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को जनहित के अनुरूप सरलतम बनाने पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आए हुए सभी प्रधानों और किसानों को अपना नंबर देते हुए कहा कि उनको वे किसी भी प्रशासनिक कार्य में अड़चन आने पर फौरन अवगत कराएं उस कार्य को फिर वे स्वयं अपने स्तर पर दिखवाएंगे। जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने आए हुए सभी गणमान्य लोगों का परिचय जिलाधिकारी से कराया और मझोला अमरिया मार्ग पर दियूनिडाम पुल की समयावधि पूर्ण होने और उसके चौड़ीकरण होकर पुनर्निर्माण की बात की, मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने मझोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की नियुक्ति की बात कही,ग्राम न्यूरिया कॉलोनी के प्रधान जगदीश ने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा फोन ना उठाने की समस्या रखी, ग्राम गिद्धौर के प्रधान प्रतिनिधि सोनपाल राना ने गिधौर और ढाया के बीच बची रोड के निर्माण की बात रखी,पूरनपुर से गुरदेव लाहौरिया ने कॉपरेटिव बैंक की समस्या रखी इसके अतिरिक्त आए लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं पर जिलाधिकारी से चर्चा की जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित विभाग को समस्या के निस्तारण हेतु फोन पर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पूरे जिले से आए किसानों और जनप्रतिनिधियों का सम्मान देने हेतु आभार प्रकट किया और कहा कि किसी अच्छे कार्य की समाज द्वारा सराहना किए जाने से सभी को प्रेरणा मिलती है और मनोबल बढ़ता है। आज के कार्यक्रम की पहल करने पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के प्रयास और सोच की मुक्त कंठ से सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, कजरी पूरनपुर के किसान गुरदेव सिंह लाहौरिया, बलदेव सिंह लाहौरिया, न्यूरिया कॉलोनी के प्रधान विश्वनाथ सरकार, गुप्ता राजा मुख्तार कॉलोनी के प्रधान पंकज सरदार, गिधौर प्रधान प्रतिनिधि सोनपाल राना,भिंडारा प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश राठौर, बहरुआ रानी कॉलोनी प्रधान रूपलाल,सर्वजीत सिंह पूर्व प्रधान सुंदरपुर नवदिया, वरिष्ठ कृषक अनोखे लाल पटेल, कुलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, जितेंद्र सिंह हैप्पी समेत पूरनपुर, अमरिया,मझोला न्यूरिया क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद रहे हैं।

# धर्म की आड़ में दबंगई और वसूली का नेटवर्क ध्वस्त

## पूरनपुर पुलिस की सख्त कार्रवाई से टूटा खौफ का साम्राज्य

## कथित संगठन बनाकर कर रहे थे लोगों का उत्पीड़न,जानलेवा हमले के बाद एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी संजय मिश्रा समेत कई गिरफ्तार भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कस्बा पूरनपुर में बीते कुछ समय से जाति और धर्म के नाम पर तनाव और अवैध गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं ने आम जनता की शांति को भंग कर रखा था। धर्म का चोला ओढ़े कुछ दबंग खुद को संगठन के पदाधिकारी बताकर कानून से ऊपर समझने लगे थे। इसी कड़ी में संजय मिश्रा नामक व्यक्ति ने स्वयं को भारतीय बजरंग दल का जिला अध्यक्ष घोषित कर,एक पूरा वसूली और दबंगई का नेटवर्क खड़ा कर लिया था। इस नेटवर्क के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों,वायरल वीडियो और जन आक्रोश के बाद पूरनपुर पुलिस ने सख्ती दिखाई और पूरे गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पूरनपुर थाना क्षेत्र के लोधीपुर निवासी शोएब खान व उनके भाई रियाज पहले से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद मेडिकल के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे थे। तभी संजय मिश्रा, विपिन, सतनाम गुरल,जीत सिंह, उदित पांडेय,कमल,आकाश, शरद ठाकुर,निलेश पांडेय, अमन राणे,सनी गोस्वामी, अनुप वर्मा,भानू सहित अन्य अज्ञात हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियारों से लैस हमलावरों ने दोनों भाइयों को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। राहगीरों की मदद से उनकी जान बचाई गई। पीड़ित रियाज का अस्पताल में इलाज चल रहा है।मुकदमा अपराध संख्या 0389/2025 दिनांक 09/06/2025 को गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया है। जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक नितिन शर्मा को सौंपी गई है।स्थानीय लोगों के अनुसार,संजय मिश्रा और उसका गुट पूरनपुर से दिल्ली, पंजाब व देहरादून जाने वाली बसों से प्रतिदिन अवैध वसूली करता था। पूर्व में एक बस कंडक्टर से पैसे न देने पर मारपीट की गई थी। लेकिन दबंगई के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। होटल संचालक को धमकी देने वाला ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।इस कथित संगठन की गतिविधियों पर राष्ट्रीय बजरंग दल पीलीभीत की इकाई एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने भी आपत्ति जताते हुए। 25 मार्च को भिंडरस होटल एंड रेस्टोरेंट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की थी।

पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर की इस सफल कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के दृढ़ नेतृत्व और निगरानी की अहम भूमिका रही। उनकी रणनीति और गंभीरता से की गई मॉनिटरिंग के चलते पुलिस ने सटीक कार्रवाई करते हुए आम जनता में भरोसा पैदा किया है।जनता अब कह रही है। जिले की कमान अब मजबूत हाथों में है।पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शांति का माहौल है। जनता में कानून के प्रति विश्वास बढ़ा है,वहीं दबंगों में हड़कंप मचा हुआ है। अब यह स्पष्ट संदेश गया है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं हो सकता है।

## बाहरवाली के चक्कर में पत्नी की पिटाई, गला दवाकर हत्या प्रयास व धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुदपुर की रहने वाली जावित्री देवी ने गुरुवार सुबह 11 बजे बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है उसका पति दुसरे धर्म की महिला के चक्कर में उसके साथ मारपीट कर उसको प्रताडित करता है और पीड़िता व बच्चों पर धर्म परिवर्तन कराने का दबाव भी बना रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। किसी तरह पीड़िता ने अपने आप को बचाया। दुसरे धर्म की महिला पीड़िता के पति को मारपीट करने के लिए उकसाती है। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हो चुकी उसके बाद भी पीड़िता का पति सुधरने का नाम नही ले रहा और पत्नी को घर से भगाता है। घर से न जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' के ग्रह प्रवेश कार्यक्रम मे ना पहुँचने पर अखिलेश यादव ने बधाई संदेश भेजकर दी शुभकामनाएं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' द्वारा रखे गए पिछले माह 23 मई को ग्रह प्रवेश कार्यक्रम मे पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले के लोगो को बुलाया गया था। इसी क्रम मे सपा नेता ने लखनऊ मे सपा सुप्रीमों राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी निमंत्रण दिया था। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के बाहर होने के कारण वह नही आ सके थे। इनलिए उन्होंने सपा नेता राजकुमार ''राजू'' को बधाई संदेश भेजकर शुभकामनाएं दी हैं। बधाई संदेश प्राप्त होने पर सपा नेता राजू काफी उत्साहित दिखे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सकारात्मक संदेश शुभकामनाएं प्राप्त हुई जिसमे बधाई संदेश मे उन्होने सराहना करते हुए है उन्हे विशेष अवसर की बधाई दी है। पत्र मे कहा गया है। कि
आपने हमे अपने ग्रह प्रवेश कार्यक्रम जो की 23 मई 2025 को नेशनल हाईवे खुटार रोड टेलीफोन एक्सेज के सामने गली न.10 पंकज कालोनी पूरनपुर मे आमंत्रित किया था।आपका हार्दिक धन्यवाद नवनिर्मित ग्रह मे प्रवेश के शुभ अवसर पर आपको हार्दिक बधाई नवनिर्मित ग्रह प्रवेश आपके और आपके परिवार के लिए मंगलमय हो मै आपके उज्ज्वल भविष्य की सफलता की कामना करता हूं।

## एक बीघा खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ जलाकर किए नष्ट,मुख्यमंत्री से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव पड़रिया की रहने वाली कुसुमा पत्नी फकीरें लाल ने गुरुवार दोपहर 12 बजे बताया। पीड़िता ने अपने एक बीघा खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। आरोप है कि रंजिशन कैलाश पुत्र सकराम ने सात जून को पेड़ो को जलाकर नष्ट कर दिए। शादी समारोह से घर बापस लौटी महिला को जब इसकी जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़िता ने मामले में ग्राम प्रधान से शिकायत की इस बात से नाराज होकर आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने मामले में मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है।

## धनाराघट शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने आवागमन प्रभावित, पक्का पुल निर्माण न होने से लोग परेशान

पूरनपुर।थाना हजारा क्षेत्र में जाने के लिए धनाराघट शारदा नदी पर बने पेंटून पुल के रास्ते से लोगों का तहसील व जिला मुख्यालय आना जाना रहता है। नदी का जलस्तर बढ़ने से चार पहिया वाहन आवागमन प्रभावित हो जाता है। गुरुवार की दोपहर तीन बजे बताया जा रहा है कि पेंटून पुल के आगे हजारा नाले में पानी बढ़ जाने से लोग परेशान हैं। पिछले काफी वर्षों से लोग पक्के पुल की मांग कर रहे हैं। जबकि पुल निर्माण को लेकर बजट भी पास हो गया उसके बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका जिसकों लेकर लोग परेशान है।

## कबीरगंज बल फार्म पशुशाला से मवेशी को खींच ले गया बाघ, खेत पड़ा मिला अधखाया शव

पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र में बाघ को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल तीन जून को शांतिनगर की रहने वाली महिला की बाघ के हमले में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि बुधवार गुरुवार की मध्यरात्रि लगभग दो बजे बाघ ने कबीरगंज के बल फार्म के रहने वाले दलबीर सिंह की पशुशाला से पशु को उठा ले गया। गुरुवार को मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। खेत में अधखाया शव पड़ा मिला और जमीन सूखी होने के कारण उसके पदचिंह ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं। बाघ को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम बाघ की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी हैं।

## सामाजिक संगठन के स्थापना दिवस पर हुआ स्वैच्छिक रक्तदान

सुल्तानपुर। सामाजिक संगठन इंडिया एंटी करप्शन फोर्स (रजि.) के स्थापना दिवस पर संगठन के सदस्यों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। ब्लड बैंक सुल्तानपुर में आयोजित किए गए रक्तदान के कार्यक्रम में उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव किया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर.के मिश्रा ने सभी रक्तदानियों की हौसला अफजाई करते हुए प्रशंसा भी की। ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफ़ेसर डॉ.संजय सिंह ने बताया कि ब्लड बैंक जरूरतमंदों की जरूरत हमेशा पूरी करता रहेगा। संगठन के अध्यक्ष रमाशंकर पांडे ने कहा कि जीवन में सभी को एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। महासचिव विपिन मिश्र एवं विधिक सलाहकार देवेंद्र पाठक ने मीडिया को बताया कि संगठन ऐसे ही अनेकों सराहनीय कार्य करता रहेगा। उपाध्यक्ष राजीव तिवारी, सचिव संतोष मिश्र, मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, अंकित सिंह, सत्यम शुक्ला, रजनीश मिश्रा, सतीश पांडेय अध्यापक कमलाकर इंटर कॉलेज ,सीताराम दुबे, अमित दुबे ,संदीप सिंह, संजय वर्मा, रामप्रीत, दिलीप पाठक, अर्चित मिश्रा, हरिशचंद्र मिश्रा ,दिनेश वर्मा सहित कुल 15 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन अरुण उपाध्याय, प्रदीप तिवारी, विद्या भूषण पांडेय, रत्नेशचंद्र मिश्र, पंकज तिवारी,प्रमोद पांडे , अरुण कुमार मिश्रा ,महेंद्र मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बिजली ने छीन ली रात की नींद और दिन का चैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।आसमान से आग बरसते गोले और लू के थफ़ेड़े तापमान लगभग 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत और लोड काफी बढ़ गया है।इससे बार-बार बिजली कट और लो वोल्टेज की समस्या ने लाखों लोगों की न केवल नींद उड़ा दी है। बल्कि पे जल संकट भी बढ़ गया है। नगर से लेकर देहात तक कई कई घंटे बत्ती गुल होने से लोगों की हालत खराब हो गई है। दिन में लू के थफ़ेड़े और रात भर उमस भरी गर्मी व बिजली संकट ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।बिलजी ना आने से लोगों की समस्या को बढ़ा दिया है जहां गर्मी से बिजली खपत बढ़ गई है। वहीं लोड बढ़ने से ऊर्ज़ा विभाग के सिस्टम को झटका लग रहा है। लेकिन फिर भी बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस समस्या का समाधान नहीं किया है। लोड बढ़ने से के साथ ही गर्मी से ट्रांसफार्मरो का तापमान बढ़ जाता है। बार-बार बिजली कट करने से लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। लोग रात में ढंग से सो नहीं पाते हैं। वोल्टेज से घर में रखें फ्रिज भी ठीक से ठंडा नहीं कर पाते हैं।जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं। एसी हुए फ़ेल पंखे की घट रही स्पीड नगर निवासी वरिष्ठ व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी बताते हैं। कि लो वोल्टेज बड़ी समस्या है। कम वोल्टेज मिलने से कुलर पंखे फुल स्पीड पर नहीं घूमते हैं। कई बार इतने कम वोल्टेज होते हैं।कि एसी भी चल नहीं पाती है। बिजली विभाग के अधिकारी इस समस्या का समाधान तलाशने का प्रयास करें जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# संविधान बचाओ सम्मेलन कर नागरिकों को कांग्रेस कर रही जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व जिला कॉर्डिनेटर अर्जुन पासी की उपस्थिति में कुड़वार ब्लाक के ग्राम हरखपुर पंचायत भवन स्थित बाग मे संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी, किसान कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश सिंह समेत अन्य नेताओं ने शिरकत किया। संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आम नागरिकों में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर रही है। वह दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एआईसीसी एवं पूर्व वि. सभा प्रत्याशी फिरोज अहमद ने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही है हम सब कुछ संविधान की रक्षा के लिए एकजुट रहने की आवश्यकता है। संविधान बचाओ सम्मेलन में कादीपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी निकलेश सरोज, योगेश सिंह, राजेश तिवारी, मनोज तिवारी प्रधान, अनिल मिश्र, इंतजार अहमद पिंटो, हौशिला भीम, जयप्रकाश पाठक, नंदलाल मौर्य, उस्मान खान, इमरान अहमद मोनू, राजकुमार शर्मा, अतिउल्ला अंसारी जमीदार यादव, अनवर अंसारी, काली पाठक, शीतला साहू, रामचन्द्र मिश्र, सिराज अहमद खान मनीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहें।

## भाजपा से कायस्थ जाति का नगर कार्यकारिणी से विलुप्त होना बना चर्चा का विशय

सुलतानपुर। नगर मण्डल में अच्छी खासी तादाद में निवास करने वाले प्रबुद्ध नागरिक कायस्थ समाज को भाजपा सुल्तानपुर नगर कार्यकारिणी में स्थान न मिलना संगठन और कायस्थ समाज के लिए एक चिन्ता और चर्चा का विषय बन गया। भारतीय जनता पार्टी के साथ अपना शत प्रतिशत साथ देने वाला कायस्थ समाज को नगर कार्यकारिणी में एक भी स्थान न मिलना कायस्थ समाज को सोचने पर भारतीय जनता पार्टी ने मजबूर कर दिया और सुलतानपुर जनपद में ये राजनीतिक दल वर्तमान में इस बिरादरी को हासिये पर लाकर खड़ा कर दिया है। देशभक्ति सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी अब अपने ही कोर वोट बेंक कायस्थ समाज के साथ अनदेखी और अच्छा व्यवहार नहीं कर रही है। कायस्थ समाज के गौरवशाली इतिहास को नेपथ्य में डाल कर राजनीति का जो खेल भाजपा खेल रही है ये कायस्थ समाज के लिए हितकर नहीं है। भाजपा के मातृ संगठन से लेकर लगभग सभी अनुषांगिक संगठनों में कायस्थ समाज पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करता है।

# अमेठी में 4364560 पौधे लगाये जायेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने इस वर्षा काल में जनपद में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक गड्ढे खुदान की स्थिति, विभिन्न पौधे शालाओं में उपलब्ध पौधों की स्थिति एवं अन्य विभागों द्वारा रोपित किए जाने वाले पौधों के लिये स्थान चिन्हांकन की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि इस वर्षा काल में शासन द्वारा जनपद अमेठी को तैंतालीस लाख चौंसठ हजार पांच सौ साठ पौधे लगाये जाने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें वन विभाग को दो लाख चार सौ तथा अन्य विभागों को तेइस लाख बासठ हजार एक सौ साठ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से पर्यावरण विभाग को तीन लाख पांच हजार, ग्राम्य विकास को बारह लाख तीन हजार छह सौ, राजस्व को बावन हजार, पंचायती राज को पचहत्तर हजार, उद्योग को बीस हजार, नगर विकास सत्रह हजार, लोक निर्माण विभाग ग्यारह हजार, सिंचाई विभाग साठ हजार, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग छह हजार, कृषि विभाग दो लाख इक्यावन हजार, रेलवे विभाग पन्द्रह हजार, रक्षा विभाग पांच हजार, पशुपालन उन्नीस हजार, सहकारिता पांच हजार छह सौ, विद्युत विभाग दस हजार बीस, बेसिक शिक्षा पचास हजार, माध्यमिक शिक्षा आठ हजार, प्राविधिक शिक्षा चार हजार, उच्च शिक्षा सोलह हजार, श्रम विभाग दो हजार, स्वास्थ्य विभाग चौदह हजार, परिवहन विभाग नौ सौ, उद्यान विभाग एक लाख पचपन हजार तथा पुलिस विभाग को पांच हजार चालीस पौधे लगाए जाने का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा अब तक छांछठ फीसदी गड्डों की खुदान की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल अठाइस पौधशालाएं हैं जिनमें विभिन्न प्रजातियों के कुल बासठ लाख इकतालीस हजार पौधे उपलब्ध हैं जिसमें मुख्य प्रजाति के रूप में सागवान, शीशम, नीम, पीपल, पाकड़, बरगद, आम, अमरूद, आंवला, जामुन, महुआ, प्रोसोपिस, बाटलब्रश, गोल्ड मोहर, कचनार, छितवन, कदम्ब, अर्जुन, यूके, खैर आदि के पेड़ हैं इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस वर्षाकाल में विशिष्ट वनों की स्थापना किए जाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, पवित्र धारा वृक्षारोपण, खाद्य वन, भाई बहन वृक्षारोपण, सहजन भंडारा आदि वनों को विकसित किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में वृक्षारोपण को लेकर सभी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाएं, किन विभागों को किस पौधशाला से पौधों की उठान करनी है उसका चिन्हांकन पहले से ही कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में विशेष कर सड़कों के किनारे प्रमुखता के आधार पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल के ग्यारह तो इंटरमीडिएट के दस मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर पर मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज तहसील गौरीगंज सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित सभी ने आत्मसात किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के ग्यारह एवं इंटरमीडिएट के दस मेधावी छात्र-छात्राओं को इक्कीस हजार रुपये का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाई स्कूल में मंगलेश प्रजापति, अल्फिया बानो, आदित्य त्रिपाठी, जयंत तिवारी, मोहम्मद हमजा, आयुषी सिंह, श्यामा, बिलाल अहमद, आस्था प्रजापति, गौरी व अमन तिवारी तथा इंटरमीडिएट में शिवम यादव, अमन, पूर्णिमा यादव, अफाक अहमद, रिचा सिंह, अंशिका, दीपांजलि शुक्ला, हर्षिता यादव, सूर्यांश सिंह व प्रिंसी के नाम शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व भाजपा के जिलाध्यक्ष ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी सहित हाई स्कूल,इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक एवं गुरुजन उपस्थित रहे।

## शेरपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की मांग दिन भर लगा रहता है जाम

पूरनपुर।शेरपुर रेलवे क्रासिंग पर दिन भर जाम लगा रहता है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है।लोगो को कई घंटों तक शेरपुर रेलवे फाटक पर जाम का सामना करना पड़ता है।जिससे लोगो मे काफी रोष है। नागरिकों ने रेलमंत्री से शेरपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का की मांग की है। मैलानी और पीलीभीत के बीच संचालित ट्रेनों के संचालन के दौरान माधोटांडा और शेरपुर रेलवे फाटकों को बंद किया जाता है। जिससे दोनों फाटकों पर लंबा जाम लग जाता है। जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति दिन में कई बार उत्पन्न होती है। जिससे यात्रियों के साथ आसपास के दुकानदारों को भी परेशानी होती है। समाजसेवी माधोटांडा रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की मांग दशकों से करते चले आ रहे हैं। लेकिन अब शेरपुर फाटक पर ओवरब्रिज या अंडरपास की मांग को लेकर नागरिक लामबंद हो रहे हैं। इसको लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा गया है।

## पर्यावरण अनुकूल पर्यटन

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी-ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन-जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधियों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। ऐसे में पर्यटक जम्मू-कश्मीर के विकल्प के रूप में हिमाचल की ओर रुख कर सकते हैं। जिससे हिमाचल के पर्यटन उद्योग को नई प्राण वायु मिल सकती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास करना होगा कि नियमित पर्यटन से हिमाचल को न केवल वर्तमान में बल्कि दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त हों। वहीं राज्य सरकार को ध्यान रखना होगा कि बढ़ती पर्यटन गतिविधियों से क्षेत्र की जन-जातियों की संस्कृति और जीवनचर्या में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिये यह भी जरूरी है कि पर्यटन से होने वाली आय से इन क्षेत्रों के विकास को भी गति मिले। जिससे स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में उत्साह से भाग लें। ऐसा न हो कि अराजक पर्यटन संस्कृति स्थानीय लोगों की अस्मिता को ठेस पहुंचाए। रीति-नीतियां ऐसी बनें कि राज्य की आर्थिकी को गति मिलने का लाभ स्थानीय लोगों के हिस्से में भी आए ताकि वे पर्यटकों का खुशी-खुशी स्वागत करें। सरकार को भी पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और आवागमन का विशेष ख्याल रखना होगा। इससे राज्य के पर्यटन उद्योग को दीर्घकालीन लाभ मिल सकेगा। उत्तराखंड व अन्य पर्वतीय राज्यों को भी हिमाचल की पहल का अनुकरण करना चाहिए।

# भारत में बढ़ते आयात से स्थानीय विनिर्माण को भारी नुकसान

**राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर 2.7 प्रतिशत पर आ गया। तब फिर देश की जीडीपी वृद्धि को कौन आगे बढ़ा रहा है? जाहिर है, देश का कम भरोसेमंद विशाल सेवा क्षेत्र, जिसे भारी आयात आधार दे रहा है। विडंबना यह है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में 6.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो देश की जीडीपी वृद्धि दर से थोड़ा अधिक है। इससे कुछ हद तक गलत धारणा बन सकती है कि जीडीपी वृद्धि आयात वृद्धि से जुड़ी हुई है। अनियंत्रित आयात, मुख्य रूप से चीन से, भारत की घरेलू उत्पादन पहल और देश के नयी नौकरी सृजन एजेंडे को कमजोर कर रहे हैं। भारत से चीन को आयात तेजी से घट रहा है। पिछले वित्त वर्ष में, चीन से भारत का आयात 113 अरब डॉलर से अधिक था, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक था। चीन से आयात किये जाने वाले शीर्ष उत्पादों में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक शामिल थे, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में किया जाना चाहिए था। इस वृद्धि ने भारत के व्यापार घाटे को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके विपरीत, चीन को भारत का माल निर्यात पिछले साल के 16.66अरब डॉलर से घटकर केवल 14.25 बिलियन डॉलर रह गया। निर्यात-प्रधान चीन भारत से कुछ भी आयात करना पसंद नहीं करता है। सरकार में कोई भी व्यक्ति देश में साल दर साल, खास तौर पर चीन से आयात में हो रही भारी वृद्धि के बारे में चिंतित नहीं दिखता। आयात ज्यादातर घरेलू उत्पादन और स्थानीय नौकरियों की कीमत पर होता है।**

भारत के आर्थिक विकास के आंकड़े घरेलू विनिर्माण, औद्योगिक उत्पादन और रोजगार सृजन से तेजी से अलग होते जा रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश की 6.5 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र का अत्यल्प योगदान रहा, जो चार वर्षों में सबसे ऊपर था। पिछले साल अच्छे मानसून के बावजूद, दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में देश के कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रही। 2024-25 के लिए औद्योगिक विकास दर केवल 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर 2.7 प्रतिशत पर आ गया। तब फिर देश की जीडीपी वृद्धि को कौन आगे बढ़ा रहा है? जाहिर है, देश का कम भरोसेमंद विशाल सेवा क्षेत्र, जिसे भारी आयात आधार दे रहा है। विडंबना यह है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में 6.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो देश की जीडीपी वृद्धि दर से थोड़ा अधिक है। इससे कुछ हद तक गलत धारणा बन सकती है कि जीडीपी वृद्धि आयात वृद्धि से जुड़ी हुई है। अनियंत्रित आयात, मुख्य रूप से चीन से, भारत की घरेलू उत्पादन पहल और देश के नयी नौकरी सृजन एजेंडे को कमजोर कर रहे हैं। भारत से चीन को आयात तेजी से घट रहा है। पिछले वित्त वर्ष में, चीन से भारत का आयात 113 अरब डॉलर से अधिक था, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक था। चीन से आयात किये जाने वाले शीर्ष उत्पादों में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक शामिल थे, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में किया जाना चाहिए था। इस वृद्धि ने भारत के व्यापार घाटे को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके विपरीत, चीन को भारत का माल निर्यात पिछले साल के 16.66अरब डॉलर से घटकर केवल 14.25 बिलियन डॉलर रह गया। निर्यात-प्रधान चीन भारत से कुछ भी आयात करना पसंद नहीं करता है। सरकार में कोई भी व्यक्ति देश में साल दर साल, खास तौर पर चीन से आयात में हो रही भारी वृद्धि के बारे में चिंतित नहीं दिखता। आयात ज्यादातर घरेलू उत्पादन और स्थानीय नौकरियों की कीमत पर होता है। कोई भी देश केवल माल का आयात नहीं करता। वह श्रम का भी आयात करता है, जो आयातित उत्पादों के निर्माण में जाता है। चीन भारत का शीर्ष आयात स्रोत बना हुआ है, जो किसी भी एक देश से अब तक का सबसे बड़ा आयात स्रोत है। पिछले वित्त वर्ष में, भारत का कुल आयात बढ़कर 915.19अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। यह वृद्धि उच्च माल आयात द्वारा संचालित थी, जो 720.24अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गयी, जो पिछले वित्त वर्ष में 678.21अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि थी। सरकार का कोई भी विभाग वर्तमान भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय सरकार के संचालन के बाद से कम और धीमी घरेलू औद्योगिक उत्पादन और घटती हुई नौकरी वृद्धि दर की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सरकार एक सपने के सौदागर की तरह काम कर रही है, जिसे अक्सर भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं का पूर्वानुमान लगाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने में व्यस्त देखा जाता है। आयात करके प्रसन्न रहने वाली सरकार की उदार निवेश नीति, विशेष रूप से विनिर्माण में, की अनुपस्थिति में तथाकथित मेक-इन-इंडिया पहल को बहुत कम सफलता मिली, जो विदेशी औद्योगिक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर सकती थी, जैसा कि उन्होंने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट चीन में किया था। विदेशी निवेशकों को सरकार के राजनीतिक रंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। 2025 के पहले तीन महीनों में, चीन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 36.9अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था। पूरे 2024-25 के दौरान भारत में मात्र 0.4अरब डॉलर के एफडीआई प्रवाह के आकलन पर विचार करें। एक साल पहले यह 10.1अरब डॉलर था। गत वर्ष का आंकड़ा शायद देश के वार्षिक एफडीआई प्रवाह रिकॉर्ड में सबसे खराब प्रदर्शन है, जबकि सरकार भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की बात करती रहती है। भारत के अपने औद्योगिक उद्यमी देश में बहुत कम निवेश कर रहे हैं। इसके बजाय, वे विदेश में निवेश करने में लिप्त हैं सिंगापुर, अमेरिका, यूएई, मॉरीशस और नीदरलैंड ने मिलकर ओवरसीजएफडीआई (ओएफडीआई)में आधे से अधिक की वृद्धि की। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केवल चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मार्च 2024 में दर्ज 5.5 प्रतिशत से कम है। विनिर्माण क्षेत्र में और मंदी का अनुभव हुआ, जो वर्ष के लिए 4.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023-24 में 12.3 प्रतिशत से काफी कम है। मार्च 2025 में आईआईपी में केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वित्तीय वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से कम बनी हुई है। विजुअल कैपिटलिस्ट के अनुसार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2025 में वैश्विक विनिर्माण उत्पादन का लगभग 29 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह वैश्विक विनिर्माण में चीन के महत्वपूर्ण प्रभुत्व को बढ़ाता है, जो संभावित रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों के संयुक्त हिस्से से मेल खाता है या उससे अधिक है। विशेष रूप से, चीन के बारे में अनुमान है कि वह4.8 ट्रिलियन डॉलर का विनिर्माण उत्पादन करता है, जो वैश्विक मूल्य का 29 प्रतिशत है। दो महीने से भी कम समय पहले, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि देश अगले दो दशकों में अपने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 23 प्रतिशत करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति देना है। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवरइंस्टीट्यूशन में बोलते हुए, वित्त मंत्री ने कहा था कि-भारत जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा घटक, चिकित्सा उपकरण, बैटरी और चमड़ा और कपड़ा सहित श्रम-गहन उद्योगों जैसे 14 पहचाने गये उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हालांकि, इन उद्योगों में से, सेमीकंडक्टर केवल भारत में एक उभरता उद्योग प्रतीत हो सकता है। संयोग से, वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान स्वरूप लगभग 70 वर्ष पुराना है। पहला व्यावसायिक रूप से उपलब्ध माइक्रो प्रोसेसर, इंटेल 4004, 1971 में जारी किया गया था। भारत को चालू वर्ष के अंत तक विदेशी इक्विटी और तकनीकी नियंत्रण के तहत अपना पहला स्थानीय रूप से उत्पादित सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करने की उम्मीद है। भारत सेमीकंडक्टर का एक प्रमुख आयातक है। इसका स्थानीय अंतिम उपयोग बाजार 2025 में ₹54 अरब से दोगुना होकर 2030 तक ₹108 अरब हो जाने का अनुमान है। हाल ही में, सरकार के अत्यधिक उदार निवेश प्रोत्साहनों से घरेलू सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने में विदेशी कंपनियों को मदद मिलने की उम्मीद है। हाल ही तक, सरकार देश के औद्योगिक और विनिर्माण आधारों को मजबूत करने के बारे में बहुत लापरवाह दिखी। 2014-15 में भी, जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र में सत्ता में आयी (26 मई, 2014), तब भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 16.3 प्रतिशत का योगदान दिया था। जबकि सरकार की बहुचर्चित मेक-इन-इंडिया नीति सितंबर 2014 में शुरू की गयी थी, जिससे इसके हिस्से को तेजी से आगे बढ़ाने की उम्मीद थी, लेकिन बाद में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की कमी और पिछले कुछ वर्षों में अनियंत्रित आयात वृद्धि के कारण कम हो गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर आम तौर पर विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार के विकास को प्रतिबिंबित करने में विफल रही है। -नन्तू बनर्जी

# संक्रमण का खतरा सावधानी ही उपाय

**विजय गर्ग**

**संक्रमण का दूसरा सबसे अधिक खतरा सांसों के विषाणु प्रवेश से होता है। जब भी आप किसी सर्दी-जुकाम-खांसी से पीड़ित व्यक्ति के पास उठते-बैठते हैं, तो उसके विषाणु का प्रभाव आप पर भी पड़ने का अंदेशा रहता है। इसलिए जब भी घर से बाहर निकलें तो मास्क अवश्य पहनें। अगर घर में किसी व्यक्ति को संक्रमण है, तो उससे मास्क पहन कर रहने को कहें और उससे दूरी बनाए रखें।**

इस समय मौसम में बहुत तेजी से उतार-चढ़ाव हो रहा है, कभी बारिश की वजह से मौसम थोड़ा ठंडा हो जाता है, कभी गरमी अचानक बढ़ जाती है। इसके चलते कई नए तरह के जीवाणु और विषाणु पैदा हो रहे हैं। इसी चलते कोरोना के नए बहुरूप भी उभर आए हैं। यों, आमतौर पर इस मौसम में लोगों को सांस की तकलीफ, सर्दी-खांसी-जुकाम और बुखार की शिकायत बढ़ जाती है। पर, मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण यह संक्रमण तेजी से उभरता देखा जा रहा है। इसके चलते लोगों में फिर से स्वाभाविक भय का वातावरण बन रहा है। सरकारें भी लोगों से सावधान रहने को कह रही हैं। मगर यह कोई घबराने की बात या भयभीत होकर अस्पतालों के चक्कर काटने की स्थिति नहीं है । थोड़ी सावधानी बरतें, तो इस समस्या से बहुत आसानी से पार पाया जा सकता है। हाथ-मुंह धोते रहें

संक्रमण का खतरा सबसे अधिक हाथों और नाक के जरिए होता है । जब भी और जहां भी मौका मिले, हाथों को साबुन से जरूर धोएं। आंखों पर छींटे मारें और मुंह धोते रहें। अगर सेनेटाइजर का उपयोग करते रहें, तो और अच्छा। कोरोना के वक्त जिस तरह साफ- सफाई का ध्यान रखते थे, उसी तरह इस मौसम में भी सावधानी बरतें, खासकर बच्चों को इससे बचने की हिदायत अवश्य दें ।

मास्क पहनेंः संक्रमण का दूसरा सबसे अधिक खतरा सांसों के विषाणु प्रवेश से होता है। जब भी आप किसी सर्दी-जुकाम-खांसी से पीड़ित व्यक्ति के पास उठते-बैठते हैं, तो उसके विषाणु का प्रभाव आप पर भी पड़ने का अंदेशा रहता है। इसलिए जब भी घर से बाहर निकलें तो मास्क अवश्य पहनें। अगर घर में किसी व्यक्ति को संक्रमण है, तो उससे मास्क पहन कर रहने को कहें और उससे दूरी बनाए रखें।

खानपान का ध्यानः किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचाव का सर्वोत्तम तरीका है कि अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। इसके लिए ताजा पका भोजन ही करें। भोजन में फल और हरी सब्जियों की मात्रा बढ़ा दें । घर में ही निकाल कर फलों का रस पीएं। बाहर का भोजन बिल्कुल त्याग दें। इस मौसम में बाहर के बने भोजन से पाचन-तंत्र और उसके चलते प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ने की आशंका सबसे अधिक रहती है। बाहर के भोजन के बजाय घर का बना और गरमागरम खाना ही खाएं। थोड़ी-थोड़ी देर पर पानी या इलेक्ट्राल और ओआरएस घोल लेते रहें । बेवजह काढ़ा आदि लेने का प्रयास न करें ।

संक्रमण की स्थिति मेंः अगर खांसी जुकाम- बुखार, गले में खिचखिच हो जाए, तो घबराने की कतई जरूरत नहीं। किसी चिकित्सक से संपर्क करें और सामान्य दिनों की तरह ही उपचार कराएं। अगर सांस की तकलीफ अधिक बढ़ जाए, तभी कोरोना की जांच कराएं और फिर चिकित्सकों की सलाह से उपचार शुरू करें। इस बात का सदा ध्यान रखें कि घबराहट से बीमारियां ज्यादा तेजी से अपना असर दिखाती हैं। जितना सामान्य और सहज रहेंगे, बेवजह भय में नहीं रहेंगे, उतनी ही जल्दी स्वस्थ भी होंगे।

### सेहत मंत्र

## नींबू को डाइट में शामिल करने पर मिलते हैं बेमिसाल फायदे

विटामिन सी युक्त नींबू का सेवन गर्मी के मौसम में काफी अधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में लोग ना सिर्फ सलाद बल्कि नींबू पानी बनाकर भी इसका सेवन करते हैं। चूंकि विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, इसलिए हेल्दी रहने के लिए नींबू का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। वैसे नींबू के फायदे सिर्फ यही तक सीमित नहीं है। दिल को बनाए हेल्दी- नींबू हृदय स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। शोध से पता चलता है कि विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाने से आपके दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। वैसे सिर्फ विटामिन सी ही नहीं, नींबू में पाया जाने वाला फाइबर और प्लांट कंपाउड भी हृदय रोग के खतरे को कम करने में सहायक है। वजन को करें नियंत्रित- हेल्थ एक्सपर्ट मानते हैं कि नींबू का सेवन करने से वजन को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। दरअसल, जब आप नींबू पानी का सेवन करते हैं तो इससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है, जिससे वजन भी कम होता है। एनीमिया से करें रक्षा- आज के समय में आयरन की कमी से एनीमिया की समस्या होना बेहद आम है। लेकिन अगर आप नींबू का सेवन करते हैं तो इससे आप एनीमिया से खुद की रक्षा कर सकते हैं। वैसे तो नींबू में कुछ हद तक आयरन पाया जाता है, लेकिन इससे भी ज्यादा इसमें विटामिन सी और साइट्रिक एसिड प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि विटामिन सी और साइट्रिक एसिड शरीर में आयरन के अब्जार्शन में मदद करते हैं। चूंकि नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड दोनों होते हैं, इसलिए वे आपको एनीमिया से बचा सकते हैं।बेहतर पाचन- नींबू लगभग 10 प्रतिशत कार्ब्स से बना होता है, जो ज्यादातर घुलनशील फाइबर और सरल शर्करा के रूप में होता है। नींबू में मुख्य फाइबर पेक्टिन है, जो घुलनशील फाइबर का ही एक रूप है। घुलनशील फाइबर आंत के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं और शर्करा और स्टार्च के पाचन को धीमा कर सकते हैं। इन प्रभावों के परिणामस्वरूप रक्त शर्करा का स्तर कम हो सकता है।

### धर्म मंत्र

## धार्मिक आस्था का पुरातन केंद्र है काशी विश्वनाथ मंदिर

काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास अनादि काल से माना जाता है। यहां तक कि कई उपनिषदों में और महाकाव्य 'महाभारत' में इसका वर्णन मिलता है। इसके ज्ञात इतिहास की बात करें तो मोहम्मद गौरी ने 1194 ईस्वी में इस को ध्वस्त करने की नापाक कोशिश की थी। इतना ही नहीं 1447 ईस्वी में जौनपुर के मोहम्मद शाह नामक सुल्तान ने भी इसको तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन इसका महत्त्व और इसका सम्मान कभी कम नहीं हुआ। विडंबना यह है कि जिस शाहजहां को हम ताजमहल जैसी इमारत के निर्माण के लिए जानते हैं, उस शाहजहां ने भी 1632 ईस्वी में शासनादेश द्वारा कशी विश्वनाथ मंदिर को तोड़ने के लिए एक बड़ी सेना भेजी थी। हालांकि तमाम सनातनी इसके विरोध में खड़े हो गए थे और वह सेना काशी विश्वनाथ के मुख्य मंदिर को नहीं तोड़ पाई थी, किंतु काशी के दूसरे तमाम मंदिर मुगल सेना ने ध्वस्त कर दिया था। कालान्तर में शाहजहां को उसकी करनी का फल मिला और उसके अपने ही बेटे औरंगजेब ने उसे बंदी बनाकर रखा। हालाँकि, खुद औरंगजेब मंदिर तोड़ने के कुकर्म से बाज नहीं आया और 1669 ईस्वी में उसने मंदिर तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनाने का निर्देश जारी किया। औरंगजेब मुगल शासकों में सर्वाधिक क्रूर शासक की संज्ञा पाता है और वह इसलिए कि मंदिर तोड़ने के बाद उसने हजारों ब्राह्मणों को मुसलमान बनाने का शासनादेश भी पारित किया। जाहिर तौर पर यह ऐसा कृत्य था जिसे सदियों तक सनातन धर्मी सहने को विवश हुए।

### पर्यटन



## मंत्रमुग्ध कर देते हैं उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के प्राकृतिक नजारे

उत्तराखण्ड में लगभग 20 साल के लंबे संघर्ष के बाद गैरसैंण को आखिरकार राजधानी का दर्ज़ा मिल ही गया। गैरसैंण भले उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनी हो लेकिन इससे निश्चित ही यहां का कायाकल्प हो जायेगा। खूबसूरत प्राकृतिक नजारों से भरपूर गैरसैंण को राजधानी बनाने का आंदोलन भावनात्मक मुद्दा भी था जिसका समाधान आखिरकार हो ही गया। उत्तराखण्ड राज्य के लिए जब से आंदोलन चला था तब से लोगों की यही मांग थी कि गैरसैंण को ही राजधानी बनाया जाये। अभी देहरादून राज्य की राजधानी है लेकिन उसे अस्थायी राजधानी का ही दर्ज़ा प्राप्त है। वैसे देखा जाये तो इसी के साथ ही उत्तराखण्ड देश का ऐसा पांचवां राज्य बन गया है जहां दो राजधानियां हैं। उत्तराखण्ड के चमोली जिले में पड़ने वाले गैरसैंण नाम दो स्थानीय बोलियों के शब्दों से मिलाकर बना है। कुमाऊंनी और गढ़वाली भाषा में गैर का मतलब गहरा स्थान है और सैंण का मतलब मैदानी भूभाग है। इस तरह यदि आप गैर और सैंण को मिला देंगे तो इसका आशय होगा- गहरे में समतल मैदानी क्षेत्र। देहरादून से लगभग 260 किलोमीटर दूर गैरसैंण दुधाटोली पहाड़ी पर स्थित है, जहां पेन्सर की छोटी-छोटी पहाड़ियां हैं और यहीं पर रामगंगा का उद्भव है। पौराणिक कथाओं तथा ग्रन्थों में गैरसैंण को केदार क्षेत्र या केदारखण्ड कहा गया है। सातवीं शताब्दी के आस-पास यहां आये चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने इस क्षेत्र में ब्रह्मपुर नामक राज्य होने का वर्णन किया है। यह क्षेत्र अर्वाचीन काल से ही भारतवर्ष की हिमालयी ऐतिहासिक, आध्यात्मिक व सॉस्कृतिक धरोहर को समेटे हुए है। लोकप्रचलित कथाओं के अनुसार प्रस्तुत इलाके का पहला शासक यक्षराज कुबेर था। कुबेर के पश्चात यहां असुरों का शासन रहा, जिनकी राजधानी वर्तमान उखीमठ में हुआ करती थी। महाभारत के युद्ध के बाद इस क्षेत्र में नाग, कुनिन्दा, किरात और खस जातियों के राजाओं का वर्चस्व भी माना जाता रहा है। ईसा से 2500 वर्ष पूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी तक यह क्षेत्र कत्यूरियों के अधीन रहा, तत्पश्चात तेरहवीं शताब्दी से लगभग सन 1803 तक गढ़वाल के परमार राजवंश के अधीन रहा। सन् 1803 में आये एक भयंकर भूकंप के कारण इस क्षेत्र का जन-जीवन व भौगोलिक-सम्पदा बुरी तरह तहस-नहस हो गयी थी और इसके कुछ समय बाद ही गोरखा सेनापति अमर सिंह थापा के नेतृत्व में गोरखाओं ने इस क्षेत्र पर आक्रमण कर कब्ज़ा कर लिया और 1803 से 1815 तक यहां गोरखा राज रहा।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में सुधार को लेकर डीएम गंभीर

## खराब प्रदर्शन वाले विभागों को चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं (सीएम डैशबोर्ड) से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागों की गहन समीक्षा के साथ की। फैमिली आईडी,दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण व शहरी, जल जीवन मिशन,मध्यान भोजन, एनआरएलएम, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, मनरेगा, दिव्यांग पेंशन, 15वां वित्त ओ0डी0ओ0पी0 टूल किट योजना जैसी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। फैमिली आईडी योजना में धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों द्वारा प्रगति नहीं की जा रही है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल सक्रिय किया जाए ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग 'ए' से नीचे है उनके संबंधित अधिकारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति में लापरवाही अब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में जिले की सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सेतु निर्माण की प्रगति को और तेज करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी विभागीय योजनाओं में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए प्रगति को गति दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी अधिकारी लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर उनके विभाग से संबंधित सभी सूचनाएं समय से फीड की जाएं और कोई भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि डैशबोर्ड की ओवरऑल रैंकिंग तभी बेहतर होगी जब सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएंगे और नियमित रूप से डाटा अद्यतन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री तेजस के0,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हत्या आरोपियों को आजीवन कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश,कोर्ट संख्या 01,विनय कुमार सिंह तृतीय(एचजेएस) ने थाना बड्डूपुर से संबंधित हत्या के एक मामले में दो आरोपियो दयाराम गौतम और अमित गौतम को दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया है साथ ही दोनों पर 20-20 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रामजस सिंह ने बताया की 19 जनवरी 2018 को डफरपुर गांव का चौकीदार बनवारी निवासी ग्राम जियनपुर ने थाना बड्डूपुर में सूचना दी थी कि एक लाश टिकरा गांव के बाहर चक मार्ग के पास सरसों के खेत में पड़ी है। वादी मुकदमा बुद्धा पुत्र सरजू निवासी ग्राम राजापुर मजरे जमोलिया थाना घुंघटैर ने थाने में सूचना दिया था कि उसका लड़का सत्यवान उम्र लगभग 20 वर्ष लखनऊ में हैंडपंप की बोरिंग करने का काम करता था। 18 जनवरी 2018 को उसका लड़का सत्यवान उम्र लगभग 20 वर्ष लखनऊ से दोपहर 2:00 बजे के करीब घर आया था। घर आने के थोड़ी देर बाद उसके लड़के के मोबाइल पर फोन आया तब उसकी मां ने कहा बेटा खाना खा लो लेकिन लड़के सत्यवान ने कहा खाना बाद में खाएंगे ,अजय निवासी रामनगर बक्सोलिया का फोन आ रहा है इतना कहकर सत्यवान अपनी मोटरसाइकिल से चला गया, उसके बाद उसकी कोई सूचना नहीं मिली तब उसकी पत्नी केशाना ने रात में करीब 8:00 बजे अपने दूसरे लड़के दिनेश कुमार से सत्यवान को फोन मिलवाया तो फोन स्विच ऑफ आ रहा था।19 जनवरी 2018 को सवेरे 8:00 बजे के करीब सूचना मिली कि उसके लड़के की लाश टिकरा गांव थाना बड्डूपुर के पश्चिम दिशा चकमार्ग के किनारे सरसों के खेत में पड़ी है। उसने मौके पर जाकर देखा तो लड़के की लाश और मोटरसाइकिल पड़ी थी जिसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की ।दौरान विवेचना में यह बात प्रकाश में आई की मृतक सत्यवान रामनगर मजरे बक्सोलिया थाना रामनगर के रहने वाले दयाराम गौतम के साथ हैंडपंप का काम करता था। दयाराम हैंड पंप लगाने का ठेका लेता था ।सत्यवान का दयाराम के घर आना जाना था ।दयाराम को शक था कि मृतक सत्यवान का उसकी पत्नी से नाजायज संबंध है। इसी रंजिश की कारण दयाराम गौतम ने अपने साले अमित गौतम के साथ मिलकर सत्यवान की गला घोटकर हत्या कर दी थी और शव टिकरा गांव के पास फेंक दिया था। न्यायालय पर गवाही के दौरान अभियोजन साक्षी ने भी सत्यवान और दयाराम की पत्नी के बीच नाजायज संबंध की बात बताई थी ।कोर्ट में गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जज विनय कुमार सिंह ने आरोपित दयाराम गौतम उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र शत्रुघ्न गौतम निवासी रामनगर मजरे बक्सोलिया थाना घूंघटेर और उसके रिश्तेदार अमित गौतम उम्र 22 वर्ष निवासी नौरंगाबाद थाना फतेहपुर को मृतक सत्यवान की हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन कारावास से दंडित किया साथ ही दोनों पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया ।कोर्ट ने कहा अर्थदंड अदा न करने पर दोनों आरोपितों को एक वर्ष के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। साथ ही आदेश में लिखा कि अर्थदंड की धनराशि जमा होने पर 50% धनराशि मृतक सत्यवान के पितावादी मुकदमा बुद्धा को प्रदान की जाए।

# मस्तराम कुटी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, छका प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी अंचल के बहरौली ग्राम स्थित बाबा मस्तराम दास आश्रम पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा पश्चात प्रथम गुरूवार को हवन व पूजन होता है।आश्रम के प्रति आसपास के अलावा दूर दराज ज़िलों के लोगों की गहरी आस्था है। गुरुवार को उमस भरी गर्मी मे बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लखनऊ , सीतापुर, लखीमपुर , बहराइच, हरदोई , रायबरेली आदि जनपदों से श्रद्धालु यहां पहुंचे।परिजनों व बच्चों के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में शामिल होने के बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।सुबह से ही दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक लंबी-लंबी कतारें लगी रही। दूरदराज व पड़ोसी जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने आश्रम पर आयोजित भंडारा में हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सब्जी पूड़ी खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

**पूरी होती है मनोकामना:** प्रत्येक माह के पहले गुरुवार को होने वाले हवन पूजन पर लोगों की गहरी आस्था है।दूर दराज जनपदों से आने वाले श्रद्धालु यहां से प्रसाद के रूप में अपने साथ हवन की भभूति ले जाते हैं ।ऐसी मान्यता है कि यह भभूति घर में रखने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।वहीं शरीर में लगाने से व्यक्ति निरोग रहता है।

**पंच मेवा से होता हवन**

यहां पर होने वाले हवन पूजन में पांच तरह के मेवा का प्रयोग किया जाता है।मान्यता है कि हवन से निकला हुआ धुंआ वातावरण को व लोगों की बीमारी एवं लोगों को तनाव मुक्त कर देता हैं।

**थाना पुलिस रही मुस्तैद**

चौकी के साथ थाना कुर्सी, बड्डूपुर, घुंघटेर थाना का पुलिस बल तैनात रहा।इस मौके पर श्रीश रावत ,दीपक यादव,उमेश यादव,सुनील रावत,अजय कुमार, अमरेश कुमार,विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 50 लाख से अधिक की लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद की 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों, विभागीय नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति रही। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयसीमा का कठोरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभागों को नियमानुसार शीघ्र हस्तांतरित किया जाए, ताकि उनका संचालन प्रारम्भ कराया जा सके। जमुरिया नाले पर बन रहे पुलों में बरसात के पूर्व जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए,जिससे कि आगामी समय मे वर्षा के दौरान जल जमाव की स्थिति न होने पाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सेफ्टी नॉर्म्स का शत-प्रतिशत अनुपालन अनिवार्य है और इसका भौतिक निरीक्षण करते समय नोडल अधिकारी जांच अवश्य करें। बैठक में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उनके कार्य में अपेक्षित गति न होने पर असंतोष व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यदायी एजेंसियां समयबद्ध ढंग से कार्यों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करें।जिलाधिकारी ने परियोजना की मॉनिटरिंग हेतु नामित सभी नोडल अधिकारियों से उनके स्थलीय निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता के संबंध में एक एक कर फीडबैक भी लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य मानक की विशिष्टताओ के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की विभिन्न निर्माण इकाइयों द्वारा बनाई जा रही सड़कों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद की सभी सड़कें गड्ढामुक्त हों, यह सुनिश्चित किया जाए, साथ ही नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों की नियमित निगरानी करें।

जिलाधिकारी ने बनीकोडर व सिरौलीगौसपुर में निर्माणाधीन आईटीआई के कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।रामसनेहीघाट में कल्याण मंडप के अधूरे कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराने पर बल दिया गया।राजकीय पॉलिटेक्निक बाराबंकी में 60 सीटेड छात्रावास, सतरिख में राजकीय पौधशाला, आईटीआई जहांगीराबाद का भवन, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तीरगांव में ट्रांजिट हॉस्टल, तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत सरकारी कृषि फार्म के निर्माण को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। पीएमजेएसवाई की अधूरी सड़कों, सांसद निधि व प्रांतीय खंड की लंबित परियोजनाओं, केजीबीवी हॉस्टल बनीकोडर, देवा-सतरिख के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रयोगशालाएं, सीएचसी रामसनेहीघाट, बुढ़वा बाबा मंदिर के पर्यटन कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

सभी परियोजनाओं के सतत भौतिक सत्यापन हेतु नामित तकनीकी एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे हर माह निरीक्षण करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि निरीक्षण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के0, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, अधिशासी अभियंता सीडी-1, सीडी-3, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जल निगम, निर्माण खंड, बाढ़ खंड, नेडा, उद्यान विभाग समेत विभिन्न विभागों के नोडल एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बार सभागार में लगेगा बद्दू बाबू का चित्र, अनावरण आज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के प्रांगण मे आगामी शुक्रवार अपराह्न दो बजे वरिष्ठ अधिवक्ता स्मृति शेष स्व. ओंकार नाथ मिश्रा उर्फ बद्दू बाबू के चित्र का अनावरण होना सुनिश्चित है। अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने बताया कि बद्दू बाबू को प्यार करने वाले उनके सभी साथियों व अधिवक्ताओं को आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया है।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित मालूम में पति को सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 8 अमित सिंह प्रथम (एचजेएस) सी ने थाना आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आरोपी पति अवधेश कुमार को आईपीसी की विभिन्न धाराओं में क्रमशः 03 वर्ष तथा 07 वर्ष के कठोर कारावास तथा ?13000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार दुबे ने बताया कि वादी मुकदमा विजय कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसने अपनी छोटी बहन रेखा देवी का विवाह 13 मार्च 2007 को अवधेश कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी टेसुवा, सलेमचक थाना जैदपुर के साथ अपनी हैसियत के मुताबिक किया था।शादी के बाद से ही मेरी बहन की ससुराल वाले सोने की चेन तथा एक लाख रुपए दहेज की मांग को रेखा देवी को मारते पीटते और प्रताड़ित करते थे। तथा उसे ठीक से खाना ,कपड़ा भी नहीं देते थे।बहन जब घर आती थी तो मुझे और घर वालों से बताया करती थी, लेकिन इज्जत का हवाला देकर समझा बझाकर उसको ससुराल भेज देते थे। करीब डेढ़ साल पहले दहेज की मांग को लेकर मेरे बहनोई अवधेश कुमार और उनके घर वालों ने बहन को मारा पीटा था और जबरन मेरे घर छोड़ गए थे, यह भी कहा था कि जब रुपए दोगे तभी लड़की को ले जाएंगे। किसी तरह फिर से समझा बुझाकर 15 दिन के बाद मैंने अपनी बहन रेखा(मृतका) को ससुराल लेकर गया ,तो बहन ने रो रो कर कहा था कि अगर दहेज नहीं दिया तो यह लोग मुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। दिनांक 09 मार्च 2013 को मुझे सूचना मिली कि मेरी बहन रेखा की तबीयत खराब है, सूचना पाकर मैं और मेरे मामा घूरु प्रसाद और परिवार के अन्य सदस्यगण अपनी बहन रेखा की ससुराल पहुंचे तो देखा कि मेरी बहन रेखा मरी पड़ी हुई थी ,उसके ससुराल वालों ने मरने का कोई कारण नहीं बताया और हीला हवाली करने लगे।यह लोग दहेज न पाने के कारण सब ने एक राय होकर मेरी बहन को मार डाला, पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था, लेकिन न्यायालय पर आरोप पत्र मृतका के साथ क्रूरता करने और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं में प्रेषित किया था। न्यायालय पर वादी और अन्य गवाहों के बयान तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जज अमित सिंह प्रथम ने अभियुक्त अवधेश कुमार को दोषी पाते हुए उसे आईपीसी की विभिन्न धाराओं में अधिकतम 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा?13000 का जुर्माना भी लगाया।

## हाईस्कूल के दो, इंटरमीडिएट के 10 मेधावी विधार्थी सम्मानित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य स्तर पर टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने छात्रों में हाईस्कूल के छात्र अभिषेक यादव, छात्रा असना फातिमा जैदी, गदीर फातिमा, सारिका पांडेय, शुभी वर्मा, वर्तिका वर्मा, कलश वर्मा और सगूफी मालिक सहित इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका तिवारी को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। वही जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल के छात्र रेयांश वर्मा और अभिजीत सिंह सहित इंटरमीडिएट की स्वर्णिमा वर्मा, मनीष गुप्ता, विवेक सिंह, अनुष्का पटेल, अंजलि तिवारी, अवि सिंह, आकृति मिश्रा, अर्तिका वर्मा, सौम्या वर्मा और शैली आदि छात्र-छात्राओं को मा0 राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा जी द्वारा सम्मानित किया गया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्री गभीर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी हथौंधा क्षेत्र के लालपुर राजपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने मोटर साइकिल को टक्कर मारी। इस घटना में बाइक चालक हरिकेश पुत्र शिव कुमार और पीछे बैठी 14 वर्षीय मानसी व रोशनी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट भेजा गया, जहां से गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बाइक की टक्कर से युवक जख्मी

सिद्धौर,बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा थाना अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी क्षेत्र के जमलापुर गांव निवासी अनिल पैदल बाइक लेकर सिद्धौर की ओर रहा था तभी पीछे से आ रहा बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे टक्कर मार दी। अनिल जख्मी हो गया।मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। चौकी प्रभारी ने बताया है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ गरिमा ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने गुरुवार को तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र स्थित कोतवाली बदोसराय का वार्षिक निरीक्षण किया। कोतवाली पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।सीओ ने सर्वप्रथम कोतवाली में रखे असलहों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से हथियार पकड़वाकर उनकी स्थिति की जांच की। इसके बाद मालखाने में जाकर वहां मौजूद असलहों के स्टॉक का मिलान किया। कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजों, रजिस्टरों और पंजिकाओं की जांच की। मुंशी समेत अन्य जिम्मेदार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर जाकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। कुछ शिकायतकर्ताओं को फोन कर उनसे मिली सहायता का फीडबैक लिया।

सीओ ने सीसीटीएनएस कक्ष का भी निरीक्षण किया। अंत में बैरक और मेस का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कोतवाल संतोष कुमार, विश्वनाथ सिंह, रोहित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मेगा शिविर में वसूला विद्युत बकाया

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया। अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में महमूदाबाद और भरथीपुर गांव में कैंप लगाया गया। उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने महमूदाबाद कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना गया।अभिषेक मल्ल ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अधिक हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनावश्यक विद्युत उपकरणों का उपयोग न करने की अपील की।ट्रांसफार्मर पर लोड कम करने के लिए यह कदम जरूरी है। कैंप के दौरान बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए।उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बकाया जमा करने की अपील किया।

# खादी पहने कार्यकर्ता सांसद विधायक बनने का हकदार : अरविंद सिंह गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।व्यक्ति नहीं पार्टी बड़ी है पार्टी की नीति सिद्धांतों विचारों पर चलकर कोई भी कार्यकर्ता सांसद विधायक एमएलसी बन सकता है कोई कार्यकर्ता छोटा बड़ा नहीं है सब पार्टी के नेता है इन्हीं की मेहनत परिश्रम से पार्टी सरकार बनाती है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में आयोजित मासिक बैठक मे उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि खादी पहनने वाला हर कार्यकर्ता विधायक सांसद मंत्री बनने का हकदार है जो भी कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन-रात काम करता है उसका हक बनता है कि वह चुनाव लड़े विधायक और मंत्री बने इसलिए हर कार्यकर्ता को व्यक्ति को नहीं पार्टी को सर्वोपरि मानकर अपनी क्षमता के अनुसार अपने अपने क्षेत्र गांव बूथ पर पार्टी की नीतियों सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना अत्यंत आवश्यक है जिससे हम 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनाकर नौजवानों किसानों महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा के लिए कार्य कर सकें इसके लिए हम सबको अपने-अपने बूथ को मजबूत करना बहुत जरूरी है।

बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि आगामी सभी चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है हम सभी को इन चुनाव की महत्वता को समझते हुए अपने-अपने क्षेत्र गांव में पार्टी को मजबूत करने और अखिलेश यादव जी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रखना होगा तभी हम सब की वह मनोकामना पूरी होगी जिसकी हम अभिलाषा रखते।

जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि यह वर्ष हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है इस वर्ष पंचायत चुनाव के साथ स्नातक चुनाव भी संपन्न होंगे जिसके लिए हम सबको अभी से तैयारी करते हुए प्रधान बीडीसी जिला पंचायत सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पार्टी विचारधारा के लोगों को उतार कर भारी संख्या में इन पदों पर जिस सुनिश्चित करनी होगी जिससे आगे ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी की जोरदार जीत हो सके इस प्रकार स्नातक चुनाव के लिए हम सबको पूरी मेहनत से अभी से मतदाता फॉर्म भरने शुरू करने होंगे जिसमें हर स्नातक परस्नातक पीएचडी किए हुए हर व्यक्ति को मतदाता सूची में शामिल करना होगा जिससे आगामी स्नातक चुनाव में हमारे प्रत्याशी को मजबूत बढ़त मिल सके।

बैठक को संबोधित करते हुए स्नातक एमएलसी की दावेदार श्रीमती कांति सिंह वर्मा ने कहा मुझ पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने विश्वास जताया है मैं उसे विश्वास को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हूं आप सब से निवेदन करती हूं कि आप सब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए इस चुनाव में मेरा सहयोग करें।

इसके पूर्व मासिक बैठक में आए पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं और अपने-अपने क्षेत्र की जरूर और समस्याओं पर विचार रखते हुए जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया कि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं मे जिम्मेदारी बराबर बराबर विभाजित की जाए जिससे हर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती से काम करे।

मासिक बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रतनलाल राव, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जितेंद्र पटेल, अजय सिंह लोधी, सुरेश चंद्र गौतम, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंडित रामचंद्र मिश्रा, अजय वर्मा बबलू, कामता प्रसाद यादव, नसीम कीर्ती, विजय यादव, चक्खन यादव, जसवंत यादव, जिला सचिव विनय पांडे, सिराज उस्मानी, वसीम सिद्दीकी, राबिया बेगम, ज्ञान सिंह यादव, जसवंत यादव बड़ेल, पवन वर्मा, सभासद ताज बाबा, धीरज रावत, युवजन सभा अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड अध्यक्ष साफ़े जुबेरी, छात्र सभा अध्यक्ष मोनू रावत, महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती पूनम यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ शैलेश वर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमेश चंद यादव, व्यापार सभा अध्यक्ष निर्मल वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव, जयसी राम यादव, विजय यादव गुड्डू, विनय यादव, परशुराम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार यादव, रामप्रकाश, रमेश यादव, डॉ कमलेश रावत, केशव राम वर्मा, जितेंद्र वर्मा, महेंद्र पाल वर्मा, रजनी यादव, सूराजा यादव, नजमा बानो, मौला बख्श, सुमित वर्मा, बाबुल मिश्रा, ईशांत वर्मा, नितिन वर्मा, मेराज अहमद, संतोष रावत आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# करुण नायर के टेस्ट में दमदार वापसी पर गौतम गंभीर ने कहा- यह कभी आसान नहीं होता

एजेंसी



नई दिल्ली। बीसीसीआई.टीवी की ओर से जारी एक वीडियो में गंभीर ने कहा, ''वापसी कभी आसान नहीं होती। जिस तरह से करुण ने रन बनाए और हार न मानने वाला रवैया दिखाया, वो पूरी टीम के लिए प्रेरणास्त्रोत है। करुण, एक बार फिर टीम में आपका स्वागत है।

करुण नायर ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था, कुछ ही महीनों बाद जब वह भारत की ओर से टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। इसके बाद उनका करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्हें कर्नाटक टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन करुण ने हार नहीं मानी और 2023-24 सीजन से पहले विदर्भ की ओर से प्रोफ़ेशनल खिलाड़ी के रूप में रणजी खेलने का फैसला लिया। रणजी ट्रॉफी 2024-25 में उन्होंने शानदार वापसी की और 16 पारियों में 863 रन बनाकर चौथे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बने। इसमें उनके चार शतक शामिल थे। करुण ने इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ पहले अभ्यास मैच में दोहरा शतक जड़कर अपने बेहतरीन फॉर्म का संकेत दिया। दोनों अभ्यास मैचों को मिलाकर वह इंडिया इ के टॉप स्कोरर रहे, जिनके बल्ले से 259 रन निकले। करुण नायर का इंग्लैंड में प्रदर्शन पहले भी शानदार रहा है। नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन-1 में खेलते हुए उन्होंने 14 पारियों में 56.61 की औसत से रन बनाए। इसमें दो शतक शामिल थे, जिसमें एक नाबाद 202 रन की पारी भी थी। गंभीर का यह समर्थन ऐसे समय में आया है जब भारत की टेस्ट टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है, जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी।

# लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

एजेंसी



न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था। एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, ''मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा। अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। इस बीच उन्होंने कुल 126 होल खेले। उन्होंने बताया कि उनके दोस्तों ने पूरे खेल का वीडियो बनाया और अन्य लोगों ने गवाह के तौर पर काम किया ताकि इसे गिनीज रिकॉर्ड की मंजूरी मिल सके। गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया। लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अभी किसी के भी नाम पर सबसे लंबे समय तक लगातार गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है और जो कोई भी आवेदन करता है उसे कम से कम 24 घंटे खेलना चाहिए।

# महिला टेनिस खिलाड़ियों को प्रजनन प्रक्रिया के दौरान मिलेगा संरक्षित रैंकिंग का लाभ: डब्ल्यूटीए

एजेंसी



नई दिल्ली। महिला टेनिस की शासी संस्था डब्ल्यूटीए (डब्ल्यूटीए) ने बुधवार को घोषणा की कि जो महिला खिलाड़ी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया (फर्टिलिटी प्रोटेक्शन प्रोसीजर) से गुजरना चाहती हैं, उन्हें खेल से समय लेने की अनुमति दी जाएगी और वे वापसी पर संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रतिस्पर्धा में लौट सकेंगी। डब्ल्यूटीए के इस नए नियम का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को पारिवारिक लक्ष्यों और पेशेवर करियर के बीच संतुलन बनाने में सहायता करना है। यह कदम डब्ल्यूटीए द्वारा तीन महीने पहले घोषित उस नीति के बाद आया है, जिसमें खिलाड़ियों को 12 महीने तक का सशुल्क मातृत्व अवकाश देने की बात कही गई थी। डब्ल्यूटीए ने एक बयान में कहा, नए नियम के तहत खिलाड़ी अब अंडाणु या भ्रूण को सुरक्षित रखने जैसी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया के लिए पेशेवर टेनिस से समय ले सकती हैं और संरक्षित रैंकिंग के साथ सुरक्षित रूप से प्रतियोगिता में लौट सकती हैं। इस निर्णय को महिला खिलाड़ियों के लिए एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे वे अपने व्यक्तिगत जीवन और खेल करियर दोनों को बेहतर ढंग से संभाल सकेंगी।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है: मैकुलम

एजेंसी



लंदन। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, ''वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है। उन्होंने कहा, स्पिन विभाग में हमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे। भारत अनुभवी विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना एक नए युग की शुरुआत करेगा। यह तीनों खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। भारतीय टीम की अगुआई शुभमन गिल करेंगे और इसमें साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड ने ऑलराउंडर जैकब बेथेल को फिर से टीम में शामिल किया है और मैकुलम ने इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की।

## लेवांडोव्स्की के विरोध के बाद पोलैंड कोच मिशाल प्रोबिएर्ज़ ने दिया इस्तीफा

वारसॉ। पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मिशाल प्रोबिएर्ज़ ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला तब आया जब टीम के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यह साफ कर दिया कि वह अब उनके नेतृत्व में टीम के लिए नहीं खेलेंगे। 36 वर्षीय लेवांडोव्स्की, जो वर्तमान में बार्सिलोना क्लब से जुड़े हैं, ने हाल ही में आरोप लगाया था कि उनके साथ विश्वासघात हुआ है। उन्होंने कहा कि कप्तानी छीने जाने की सूचना उन्हें एक संक्षिप्त फोन कॉल के जरिए दी गई थी, जब वह अपने बच्चों को सुला रहे थे। इसके बाद जल्द ही यह खबर पोलैंड फुटबॉल संघ की वेबसाइट पर जारी कर दी गई। प्रोबिएर्ज़ ने लेवांडोव्स्की को हटाकर मिडफील्डर पियोटर ज़िलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। इस्तीफा देते हुए प्रोबिएर्ज़ ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि मौजूदा हालात को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में मेरा इस्तीफा देना ही सबसे बेहतर फैसला होगा।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार चार दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 770 रुपये से लेकर 840 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये से लेकर 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,210 रुपये से लेकर 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज मामूली कमजोरी का रुख नजर आ रहा है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,08,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत ऊर्ज़ा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

नयी दिल्ली। भारत ऊर्ज़ा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। बयान के अनुसार, उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। इसमें कहा गया, आईईएसडब्ल्यू 2025 में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माताओं के आने का अनुमान है, जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा। भारत खुद को दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ई-3डब्ल्यू) बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। उल्लेखनीय रूप से कम समय में, यह इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर (ई-2डब्ल्यू) बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के अनुसार, भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार 22.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि पर 2032 तक 117.78 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले आईईएसडब्ल्यू 2025 कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, फिनलैंड, कनाडा, अमेरिका, इज़राइल और दक्षिण कोरिया के 150 से अधिक प्रमुख साझेदारों, प्रदर्शकों और 1,000 से अधिक कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। आईईएसए के अध्यक्ष देबमालया सेन ने कहा, एसपीएमईपीसीआई एक क्रांतिकारी कदम है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औद्योगिक परिवर्तन के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा आईईएसडब्ल्यू के माध्यम से हम विश्व स्तरीय नवाचारों और विदेशी निवेशों को देखेंगे जो हमारे उद्योग को आगे बढ़ाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 जून से मुंबई में

**नयी दिल्ली।** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं। पारंपरिक प्रारूप में एक टीम में 15 खिलाड़ी होते हैं तथा 20-20 मिनट के दो हाफ खेले जाते हैं। हालांकि आरपीएल में टीवी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए इसे चार मिनट के चार क्वार्टर का कर दिया गया है तथा प्रत्येक क्वार्टर के बीच दो मिनट का ब्रेक होगा। त्रिवेदी ने कहा, ''यह एक छोटा प्रारूप है और हमें लगता है कि यह बहुत अच्छी तरह से काम करता है क्योंकि दर्शक छोटे प्रारूप को देखना पसंद करते हैं।

### यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं लिया जाएगा: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) मंच के जरिये लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, '' यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई के माध्यम से लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के संदर्भ में, मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन हुए, जबकि पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि मई में लेनदेन का मूल्य एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 20.44 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

### दुर्लभ पृथ्वी चुंबक : मारुति सुजुकी की परिचालन निरंतरता के लिए कई विकल्पों पर विचार जारी

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया, दुर्लभ पृथ्वी चुंबक की कमी के मुद्दे के बीच अपने विनिर्माण परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समाधानों पर विचार कर रही है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने कहा कि इस स्थिति के कारण काफी अनिश्चितता है, लेकिन अभी तक इसकी विनिर्माण गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, '' दुर्लभ पृथ्वी की स्थिति के संबंध में3 इससे अभी तक हमारे परिचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। बहुत अनिश्चितता है और स्थिति लगातार विकसित हो रही है। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और अपने परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए कई समाधान अपना रहे हैं। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि यदि कंपनी के कारोबार पर कोई भौतिक प्रभाव पड़ता है, तो वाहन विनिर्माता कंपनी नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप सभी हितधारकों को सूचित करेगी। घरेलू मोटर वाहन उद्योग को इससे निपटने के लिए कदम उठाने होंगे क्योंकि चीन सरकार ने दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और संबंधित चुंबकों के निर्यात पर चार अप्रैल से प्रतिबंध लगा दिया है। चीन ने सात दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और संबंधित चुंबकों के लिए विशेष निर्यात लाइसेंस अनिवार्य कर दिए हैं। देश का वैश्विक स्तर पर चुंबकों की प्रसंस्करण क्षमता पर 90 प्रतिशत से अधिक नियंत्रण है, जिसका उपयोग मोटर वाहन, घरेलू उपकरणों और स्वच्छ ऊर्ज़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है।

# वन मोबिक्विक सिस्टम्स की पात्र कर्मचारियों को 3,27,688 इसॉप देने की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने कंपनी के पात्र कर्मचारियों को 3,27,688 शेयर विकल्प देने (इसॉप) की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, प्रत्येक शेयर विकल्प दो रुपये अंकित मूल्य के एक पूर्ण चुकता शेयर में परिवर्तनीय है। विकल्पो का मूल्य अंकित मूल्य पर ही निर्धारित किया गया है। इसमें कहा गया, ''कंपनी के निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 12 जून, 2025 को कंपनी के पात्र कर्मचारियों को मोबिक्विक कर्मचारी शेयर विकल्प योजना 2014 के अंतर्गत 3,27,688 शेयर विकल्प प्रदान करने को मंजूरी दी है। ये विकल्प 'लॉक-इन' अवधि के अधीन नहीं होंगे और चार वर्ष में दिए जाएंगे होंगे।

# व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ के बीच गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इन मुद्दों का हल निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। भारत-स्वीडन उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश नीति फोरम में स्वीडिश उद्यम परिसंघ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में लिखा है, ''भारत-स्वीडन उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश नीति फोरम में स्वीडिश उद्यम परिसंघ को संबोधित करने और अग्रणी स्वीडिश और भारतीय व्यवसायों के साथ जुड़ने पर प्रसन्नता हुई। दोनों पक्षों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में जारी प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर संयुक्त पत्र, मजबूत आर्थिक संबंधों और समावेशी विकास के भविष्य को बनाने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि भारत-स्वीडन साझेदारी इस बात का एक मॉडल है कि कैसे दो विविध अर्थव्यवस्थाएं साझा दृष्टिकोण और सहयोग के जरिए पारस्परिक लाभ पैदा कर सकती हैं। इन विचार-विमर्शों को ठोस अवसरों में बदलने की उम्मीद है। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वीडन की कंपनी टेट्रापैक के एमडी मैरी सैंडिन के साथ बैठक की। इस दौरान टिकाऊ पैकेजिंग समाधानों में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही, भारत में अनुसंधान एवं विकास पहलों के विस्तार और उन्नत उपकरण निर्माण में क्षमताओं को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की। इसके अलावा स्वीडन-भारत व्यापार परिषद और भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित रात्रिभोज में स्वीडिश व्यापार जगत के नेताओं के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत में निवेश के महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच आठ साल से अधिक समय के अंतराल के बाद जून 2022 में फिर से वार्ता शुरू हुई। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह वार्ता रुक गई थी। गोयल, स्वीडन की अपनी आधिकारिक दौरे पर यहां पहुंचे है। इस यात्रा के दौरान वह दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए स्वीडन के अपने समकक्ष तथा कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। स्वीडन 27 देशों वाले यूरोपीय संघ का सदस्य है।

# मोदी, शाह और खरगे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरूवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है।

श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएँ प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूँ जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। श्री खरगे ने कहा है, गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें कई यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों, पायलट और चालक दल के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और प्रार्थनाएँ। श्री शाह ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। आपदा प्रतिक्रिया बलों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेज दिया गया है। स्थिति का आकलन करने के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त से बात की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा है, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर सुनकर बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं यात्रियों और चालक दल के परिवारों के साथ हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि यह दुर्घटना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा, ल्लअहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे से मैं बेहद स्तब्ध और व्यथित हूँ। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और चालक दल के परिजनों के साथ हैं। जो दृश्य सामने आये हैं, वे बेहद पीड़ादायक हैं। पूरा देश शोक में है और प्रार्थना कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि हादसे में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस घटना को लेकर गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सी. आर पाटिल और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल से बात की और स्वास्थ्य सुविधाओं एवं राहत कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा, ल्ल मैं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि सभी राहत एवं बचाव में जुटे और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जाये। मैं ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह दिल दहला देने वाली दुर्घटना है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों का दर्द अकल्पनीय है। उन्होंने कहा, इस कठिन क्षण में मेरी संवेदनायें उनमें से प्रत्येक के साथ हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं। हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, एयर इंडिया विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। नागरिक एवं उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजारापु ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह दुख की इस घड़ी में विमान में सवार सभी लोगों और उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, ल्ल अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बारे में जानकर स्तब्ध और स्तब्ध हूं। हम उच्चतम अलर्ट पर हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहा हूं और सभी विमानन और आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बचाव दल को तैनात कर दिया गया है, और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं कि चिकित्सा सहायता और राहत सहायता साइट पर पहुंचाई जाए। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ विमान में सवार सभी लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा, गुजरात के अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की ख़बर जानकर व्यथित हूँ। इस हादसे में हताहत हुए सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल यात्रियों की रक्षा करें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बारे में सुनकर व्यथित हूँ। विमान में सवार सभी लोगों के परिवारों और मित्रों के लिए मेरी प्रार्थनाएँ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, ल्लआज अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे की खबर सुनकर स्तब्ध हूं और गहरा सदमा लगा है। यह हम सभी के लिए सबसे दुखद खबर है। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। हम बेसब्री से बचे हुए लोगों के बारे में जानकारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं और सभी के बचने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लंदन जाने वाले विमान के उड़ान भरने के दौरान हुए हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया है और बहुत दुख पहुंचा है। हालांकि हमें सटीक आंकड़े नहीं पता हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि विमान में 242 यात्री सवार थे। मैं इस समय ईश्वर से प्रार्थना कर रही हूं। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने विमान हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतात्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस विकट परिस्थिति को सहने की शक्ति दें। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विमान हादसे को अत्यंत हृदयविदारक और दुखद बताते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।



## विमान दुर्घटना की विस्तृत जांच करायी जायेगी: नायडू

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि अहमदबाद में गुरुवार को हुये विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच करायी जायेगी। श्री नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं। अभी वह हताहतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। कई एजेंसियां बचाव और राहत कार्य में लगी हुयी हैं। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच करायी जायेगी और यह पता लगाया जायेगा कि यह दुर्घटना किस वजह से हुई। श्री नायडू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन कर दुर्घटना स्थल पर रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटनाग्रस्त विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे।

## विश्व के कई नेताओं ने दुख जताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनियाभर के कई नेताओं ने गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास 242 लोगों को लेकर लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान हादसे को दुखद बताते हुए गहरा क्षोभ व्यक्त किया है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने विमान दुर्घटना में पीड़ीत व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति एवं संवेदना व्यक्त करते हुए कहा 'ब्रिटेन के नागरिकों को लेकर अहमदाबाद से लंदन के लिये रवाना हुए दुर्घटनाग्रस्त विमान की तस्वीरे भयावह हैं। मुझे स्थिति के बारे में अपडेट दिया जा रहा है और दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाए यात्रियों और उनके परिजनों के साथ हैं।'

इस बीच भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्यों का पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। उच्चायोग ने कहा कि किसी भी ब्रिटिश नागरिक को अगर कांउसलर सहायता की आवश्यकता है या जिन्हें दोस्तों या परिवार के बारे में चिंता है उन्हें आयोग की वेबसाइट के अनुसार 0207008 5000 पर कॉल करना चाहिए। इस बीच भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने इस हादसे को ' बड़ी दुखद आपदा' बताया। उन्होंने कहा 'अहमदाबाद से दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। इस बड़ी दुखद आपदा पर पीड़ितों के परिजनों, करीबी लोगों तथा सभी भारतीयों और भारत सरकार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। इस बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि अहमदाबाद से लंदन गैटविक जाने वाले बोइंग 787-8 विमान में 242 यात्री और दो पायलटों सहित 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विमान में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

## भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की उडान संख्या ए-171 की दुर्घटना से पहले देश की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे इस प्रकार हैं-

❒ 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया । विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई ।

❒ 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गयी। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।

❒ 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गयी।

❒ 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई ।

❒ 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गयी।

❒ 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।

❒ 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# सीआईएसएफ ने जम्मू-कश्मीर की दो जेलों की सुरक्षा की ली जिम्मेदारी

एजेंसी

श्रीनगर। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर की दो केंद्रीय जेलों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ ने जम्मू-कश्मीर पुलिस से जम्मू और श्रीनगर हवाई अड्डों की सुरक्षा का जिम्मा लेने के करीब तीन साल बाद यह कदम उठाया है। सीआईएसएफ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसे श्रीनगर जेल की सुरक्षा करने पर बहुत गर्व है, यह जेल हर समय एक मजबूत और सतर्क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करती है।

सीआईएसएफ की एक पोस्ट में कहा गया, हमारे समर्पित कर्मी इस महत्वपूर्ण संस्थान की सुरक्षा के लिये उच्चतम मानकों के साथ काम करते हैं। सीआईएसएफ सामान्यतः केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, एयरपोर्ट, बंदरगाह, मेट्रो सुविधाओं और कुछ औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा करता है। अब उसने दो उच्च सुरक्षा वाली जेलों की जिम्मेदारी भी ले ली है। इन दोनों जेलों में कई आतंकवादी और अपराधी बंद हैं, जिनकी संख्या लगभग 1,400 से अधिक है।

सीआईएसएफ यहां जेल के अंदर सुरक्षा देगा, जबकि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जेल की बाहरी सुरक्षा की देखरेख करेगा। एक अधिकारी ने कहा, दोनों जेलों की 24 घंटे सुरक्षा सीआईएसएफ की जिम्मेदारी है। जम्मू-कश्मीर की अन्य जेलों की सुरक्षा भी सीसीएसएफ को सौंपने पर विचार चल रहा है। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में कुल 14 जेलें हैं, जिनमें दो केंद्रीय जेल, 10 जिला जेल, एक विशेष जेल और एक उप-जेल शामिल हैं। इनकी कुल क्षमता 3,629 कैदियों की है, जबकि वर्तमान में 5,300 से अधिक कैदी इनमें बंद हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीनगर जेल पहले भी कई बार विवादों में रही है। पिछले साल काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) और राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवादी मामले में इस जेल पर संयुक्त रूप से छापा मारा था। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर के कई केंद्रीय संस्थानों ने सुरक्षा को लेकर खतरे की आशंका के कारण सीआईएसएफ से सुरक्षा मांगी है।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है ब्रिक्स मंच: हरिवंश

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने गुरूवार को कहा कि दस ब्रिक्स देशों की संसदों ने 11 वें ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में पहलगाम आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की भारत की नीति को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई है।

श्री हरिवंश ने 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक 2026 में भारत की अध्यक्षता में होने को भी देश के लिए गौरवपूर्ण बताया है। राज्यसभा के उपसभापति ने यहां संवादाताओं के साथ बातचीत में कहा कि ब्राजील में हाल ही में संपन्न 11वें ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में पहलगाम में हुए दुखद हमले और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक एकजुटता की निरंतर वकालत सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण की व्यापक रूप से सराहना की गई। सम्मेलन में अपनाये गये संयुक्त घोषणा पत्र में इन स्थितियों को सर्वसम्मति से व्यक्त किया गया। इसमें विशेष रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के मामले में भारत के दृढ़ और सैद्धांतिक रुख को जोरदार समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी 10 सदस्य देशों की संसदों की भागीदारी के साथ ब्रासीलिया में आयोजित यह सम्मेलन भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता थी। सम्मेलन में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे।

राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि इन संसदों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया और संयुक्त घोषणा पत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त घोषणा में पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई है और सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवादी संगठनों को वित्तीय सहायता पर अंकुश लगाने, खुफिया जानकारी साझा करने, उभरती प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने और जांच एवं न्यायिक प्रक्रियाओं में सहयोग को मजबूत करने के लिए समन्वित प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के दृष्टिकोण को सम्मेलन में विशेष मान्यता मिली और सदस्य देशों ने पुष्टि की है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उपसभापति ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कई प्रमुख मुद्दों पर देश के मजबूत और स्पष्ट रुख को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। इसमें विशेष रूप से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की आवश्यकता, न्यायसंगत और संतुलित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की खोज, तकनीकी नवाचार में भागीदारी और लोकतांत्रिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर रहा। श्री हरिवंश ने कहा कि कई दौर की गहन चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग, वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था, अंतर-संसदीय सहयोग, वैश्विक शांति और सुरक्षा जैसे प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर व्यापक सहमति बनी। राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि सम्मेलन के समापन पर भारत को अगले वर्ष 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने औपचारिक रूप से संभाली।

# पेज एक का शेष


### एयर इंडिया...


के मौत की आशंका है। हादसे के बाद अहमदाबाद आयुक्त जीएस मलिक ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतीत होता है कि विमान दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चूंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जहां कार्यालय भी थे, इसलिए कुछ स्थानीय लोग भी चपेट में आए होंगे। उन्होंने कहा कि हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है। मृतकों की पहचान के लिए यात्रियों के परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जाएंगे। हादसे के बाद सीआईएसएफ कर्मियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय किया और घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं के साथ बचाव अभियान शुरू किया गया। एनडीआरएफ की तीन टीमें घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपेरशन में हिस्सा लिया। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और घायलों को वहां भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुःखद बताया है। मुख्यमंत्री पटेल, राज्य के गृहमंत्री हर्ष संघवी और आरोग्य मंत्री ऋषिकेश पटेल घायलों का हाल जानने के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे। राज्य सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। संबंधित व्यक्ति नियंत्रण कक्ष से फोन नम्बर 079-232-51900 तथा मोबाइल नम्बर 9978405304 पर सम्पर्क कर सकते हैं। एअर इंडिया की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट पर दी गई जानकारी के मुताबिक यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800 5691 444 शुरू किया गया है। समर्पित यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 के अलावा, विदेशी नागरिकों के लिए एक और हॉटलाइन नंबर +91 8062779200 जोड़ा है। एयर इंडिया ने मीडियाकर्मियों से अनुरोध किया है कि वे समर्पित यात्री हॉटलाइन नंबर पर कॉल न करें। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा।


### स्वामी प्रसाद ने बनाया...


सम्यक पार्टी के अध्यक्ष राज मणि सुव्वैया राय व संस्थापक पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद, जनसेवा दल सेवा के अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पोलिटिकल जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ व संस्थापक व पूर्व आईपीएस बीपी अशोक, लोक हित समाज पार्टी अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के अध्यक्ष प्रमोद लोधी, व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजकुमार सैनी भी इस मोर्चे में शामिल हो गए।


### मतदाता सूची अनुमान...


पंजीकरण अधिकारियों ने एक लाख से अधिक मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों -बीएलओ के द्वारा जमीनी स्तर पर कराए गये सर्वे के आधार पर तैयार की जाती है। तैयार सूचियों का मसौदा हर पार्टी को उपलब्ध कराया जाता है ताकि उसके आधार पर दावे और आपत्तियां की जा सके। श्री गांधी के आरोप को भ्रामक बताते हुए राज्य निर्वाचन कार्यालय ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा के 2019 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच 32.25 मतदाता शुद्धरूप से बढे थे। इस दौरान 1.39 करोड़ नाम जुड़े और 1.07 करोड नाम कटे थे। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव और उसी साल कराए गये विधानसभा चुनाव के बीच 84.82 लाख नाम जुड़े और 8 लाख नाम कटे थे। इस तरह इस दौरान सूची में 40.81 लाख नामों का इजाफा हुआ था। इनमें से 26 लाख मतदाता 18 से 29 आयु वर्ग के थे। इस तरह 2019 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा के चुनाव के बीच मतदाताओं की संख्या में 1.39 करोड़ की वृद्धि हुई थी जबकि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 48.82 लाख नाम जुड़े थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले कंग्रेस पार्टी या उसके प्रत्याशियों ने सूचियों को लेकर कोई गंभीर आरोप नहीं लगाया था। गौरतलब है कि श्री गांधी ने अखबारों में लेख लिखकर आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में गडबड़ी हुई थी और अचानक बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़े गये। इन मतदाताओं के कारण कई सीटों के चुनाव परिणाम प्रभावित हुए हैं और उन्हें आशंका है कि आने वाले समय में विभिन्न राज्यों होने वाले विधानसभा चुनावों में भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।


### केवल एफआईआर या...


था। देखना चाहिए कि एफआईआर सही है या सरकारी नौकरी से बाहर करने की कवायद भर है। सावधानी से विचार करना चाहिए। जिलाधिकारी को नौकरशाह की तरह नहीं सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए। दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज की गई थी। याची पर आरोप भी गंभीर नहीं था।


### मात्र 8 वर्षों में बदल...


शिक्षा निदेशालय के नए भवन की आधारशिला भी रखी गई है। वर्ष 2001 में माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का गठन हुआ था, लेकिन पिछले 24 वर्षों में इसके पास अपना भवन नहीं था। इस पर 42 करोड़ 42 लाख 20000 रुपये खर्च होंगे। इसमें संस्कृत की भव्य लाइब्रेरी भी होगी, जिसमें संस्कृत से जुड़ी रोचक जानकारियां होंगी और प्रशिक्षण, संभाषण समेत अन्य कार्यक्रम भी यहां पर होंगे। लखनऊ में जगत नारायण रोड पर जो राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज है, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत उसका नवीन भवन 48 करोड़ 92 लाख 80000 रुपये से बनने जा रहा है। ऐसे ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद के नवीन भवन के लिए 10 करोड़ 36 लाख रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चंदौली और भदोही में संस्कृत के दो नवीन विद्यालय (छात्रावास के साथ) के लिए भी करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यह संस्कृत के उन्नयन और उत्थान के लिए सरकार के द्वारा अपनी ऋषि संस्कृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का प्रयास है। संस्कृत को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा और आधारशिला है। स्केल के साथ मिल रहा स्किल्ड बनने का अवसर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद और टाटा नेल्को व जापान की कंपनी यासकावा के साथ एक एमओयू भी किया है। यह एमओयू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है, जिसमें आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट को भी अंगीकार किया गया है यानी स्केल के साथ स्किल को भी सीखने का अवसर मिलेगा। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा से जुड़े सरकारी विद्यालयों में डिजाइन, रोबोटिक और इलेक्ट्रॉनिक्स लैब की स्थापना का कार्य होगा। लगभग 162 करोड़ 72 लाख रुपये से यह कार्यक्रम चलेगा। यह हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगा, जिसके तहत एक संस्थान में लैब स्थापित होगी और उसे तीन संस्थानों से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से यहां का नौजवान ट्रेंड होकर स्किल मैनपॉवर के रूप में खुद को स्थापित कर पाएगा। यह एक नया अभियान है, एक नया अभिनव प्रयोग है। 60 हजार पुलिस कार्मिकों को देंगे नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर एक क्षेत्र में 8 लाख से अधिक युवाओं को हमने पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी दी है। 15 जून को 60 हजार 244 पुलिस कार्मिकों की नियुक्ति का कार्यक्रम करने जा रहे हैं, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। इन 60,000 में 12,000 से अधिक बेटियां हैं। 1947 से 2017 के बीच केवल 10000 बेटियों की भर्ती हुई थी, लेकिन यहां एक बार में ही 12000 से अधिक बेटियां भर्ती हो रही हैं। यह दिखाता है सरकार में काम करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। परीक्षा छात्रों को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि उनके अंदर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव पैदा करने का माध्यम होना चाहिए। इस अवसर वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार और डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा मौजूद रहे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी संभल से वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ीं।


### भारत ने ...


डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में अराजक और हिंसक प्रदर्शनों और वहां रहने वाले प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के बारे में एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा, ल्लहम घटनाक्रम से अवगत हैं। भारत सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को अत्यंत गंभीरता से लेती है। उन्होंने कहा, लॉस एंजेलिस क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। हम इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों को उचित सुरक्षा सावधानियाँ बरतने की सलाह देते हैं। सैन फ्रांसिस्को में हमारा वाणिज्य दूतावास स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है और समुदाय के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में है।

# पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों का मासिक भत्ता डेढ़ गुणा बढ़ाने का मुख्यमंत्री नीतीश ने दिया आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद भवन में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के प्रतिनिधियों के शिष्टमंडल साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के मुखिया को मनरेगा योजना में अब तक 5 लाख रुपये तक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की शक्ति प्राप्त है। इस सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक करने का आदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुणा बढ़ाने का आदेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने यह लक्ष्य रखा है कि राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में इस वर्ष होने वाले चुनाव से



पूर्व पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो जाये। इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा शेष बचे 1069 नये पंचायत सरकार भवनों की भी स्वीकृति दे दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन को जिला पदाधिकारी निर्धारित समय सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करने की कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को पहले केवल आकस्मिक मृत्यु होने पर ही 5 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान की राशि दी जाती थी, अब पंचायत प्रतिनिधियों के अपने कार्य काल में सामान्य मृत्यु होने पर भी 5 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने का आदेश दिया जा रहा है। साथ ही यदि पंचायत प्रतिनिधि, बीमारी से ग्रसित होते हैं तो उन्हें भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उन्हें प्राप्त 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि के उपयोग में तेजी लाने के लिये 15 लाख रूपये तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय तौर पर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। हम लोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिये काफी कार्य किया है। बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिनिधि बनकर समाज में नेतृत्व कर रही हैं। सभी वर्गों के विकास के लिये हमलोगों ने काम किया है। हम हमेशा प्रतिनिधियों से मिलते रहते हैं। बचे हुये पंचायत सरकार भवन जल्द से जल्द बनकर तैयार हो जाएंगे, जिसमें सारी व्यवस्थायें की गयी हैं। इसका लाभ पंचायत के लोगों को मिलेगा और जनप्रतिनिधियों को भी समस्याओं के समाधान में सहूलियत मिलेगी।

# बच्चों को बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा : सीएम रेखा

■ हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का लें संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी न सिर्फ एक सामाजिक अपराध है, बल्कि बचपन की मुस्कान और सपनों की उड़ान को छीन लेने वाला कलंक भी है। शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान हर बच्चे का अधिकार है। यही नया भारत है, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बचपन को संवारने के लिए सही पोषण, सुरक्षित वातावरण और अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने सभी से 'बाल श्रम' को 'न' कहकर बच्चों को उनका बचपन लौटाने की अपील की है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इस विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता और सहयोग से ही हम एक संवेदनशील, सशक्त समाज के भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

# मनिहारी में मां जानकी धाम की स्थापना के लिए तैयारियां जोरों पर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। मां जानकी धाम के तत्वाधान में एक आमंत्रण बैठक मनिहारी स्थित जामवंत नगर बाघमारा स्थित मुख्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संस्थापक राजेश गुरनानी ने की। बैठक में आगामी 17 सितंबर को होने वाले मां जानकी धाम की स्थापना के प्रथम आधार कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में श्री राम जानकी हनुमान एवं लक्ष्मण जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जो कि आचार्य श्री विद्यासागर शास्त्री अटल जी के कुशल नेतृत्व में की जाएगी। इस संदर्भ में राजेश गुरनानी ने गुरुवार को बताया कि आगामी 14 सितंबर से ही कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी, जिसमें अखंड हरी नाम संकीर्तन एवं प्रवचनों की आध्यात्मिक धारा बहेगी। उन्होंने बताया कि प्रमुख संतों एवं राजनेताओं को आमंत्रित करने का कार्य आरंभ हो गया है, जिसमें डॉ. प्रेम कुमार कैबिनेट सहकारिता मंत्री बिहार ने अपनी मौखिक स्वीकृति दी है। इस बैठक में सभी सदस्यों को कार्य रूप प्रभारी बनाते हुए उत्तरदायित्व सौंपा गया। इसमें गांधी यादव को श्री राम जानकी गंगा घाट का, जयकुमार सिंह उर्फ मलिक बाबू को मुख्यालय का, डॉ. भोला प्रसाद गुप्ता एवं लक्ष्मीकांत ऋषि को जनसंपर्क प्रभारी का और बजरंगी पासवान को स्थल इंचार्ज का प्रभार दिया गया। बैठक में शामिल होने वालों में डॉ. विनोद कुमार यादव, डॉ. अशोक राय, विनय देवनाथ, चंद्रभूषण ठाकुर, राजकिशोर पासवान, खगेंद्र साह, महेंद्र प्रसाद मंडल, रामलाल पासवान, माही यादव, राज कुमार पासवान, विनय सिंह निषाद और कन्हैया लाल विश्वकर्मा प्रमुख थे।

# लोजपा (आर) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में आठ प्रस्ताव पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में गुरुवार को कुल आठ प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और सांसद अरुण भारती ने की। प्रस्तावों में बहुजन समाज के अधिकारों, जनकल्याण योजनाओं से वंचना और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर खास तौर पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस दिशा में सांसद अरुण भारती को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने बहुजन समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताई। कार्यकारिणी ने बहुजन छात्रों की छात्रवृत्तियों में कटौती, देरी और भेदभाव पर आपत्ति दर्ज की और इसे दूर करने के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। महादलित समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने खुद को संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध बताया। इसके साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पार्टी ने राज्य की सभी 243 सीटों पर मजबूत और निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने का संकल्प लिया। बैठक में शाहाबाद में आयोजित ''नव संकल्प महासभा'' की सफलता पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही ''बहुजन भीम संकल्प समागम'' के आयोजन का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिसे जल्द ही क्रियानवित किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बीएसएफ ने सेवानिवृत्त डीआईजी मदन लाल के असामयिक निधन पर जताया शोक

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर ने उप महानिरीक्षक (डीआईजी) (सेवानिवृत्त) मदन लाल के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री लाल का 10 जून को निधन हो गया था। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक बयान में कहा, ल्ल वह एक प्रतिष्ठित अधिकारी थे, वह 30 अप्रैल 2025 को बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय, पंजाब से डीआईजी/ पीएसओ के पद से सेवानिवृत्त हुये। अपनी ईमानदारी, सुलभता और कल्याणकारी कार्यों के लिये जाने जाने वाले, श्री लाल बल के भीतर शक्ति और निष्ठा के स्तंभ थे। अपने शानदार करियर के दौरान, श्री लाल ने विभिन्न जिम्मेदारियों जैसे फील्ड यूनिट, प्रशिक्षण केंद्र, मुख्यालय और संयुक्त राष्ट्र मिशन में उत्कृष्टता के साथ काम किया। पंजाब फ्रंटियर बीएसएफ के महानिरीक्षक और सभी रैंक के अधिकारी इस अपार क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

## चंडीगढ़ प्रशासन की सलाहकार समिति में नामों को लेकर विवाद

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन की सलाहकार समिति की नयी पूरक सूची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होने पर सियासी घमासान मच गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने इस पर तीखा हमला बोलते हुए समिति के गठन में पारदर्शिता की मांग की है और चंडीगढ़ प्रशासन से चयन प्रक्रिया के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण देने को कहा है। 'आप' के चंडीगढ़ प्रमुख विजयपाल सिंह ने गुरुवार को कहा,ल्लप्रशासन अब स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रहा है। सलाहकार समिति की पूरक सूची में कुछ भाजपा नेताओं को शामिल करना स्पष्ट राजनीतिक पक्षपात को दर्शाता है। इससे नौकरशाही की स्वायत्तता पर संदेह पैदा होता है और यह संकेत मिलता है कि प्रशासनिक निर्णय भाजपा के राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सलाहकार समिति का उद्देश्य नागरिक समाज और हितधारकों का व्यापक और संतुलित प्रतिनिधित्व दर्शाना है, न कि सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक विस्तार के रूप में काम करना।श्री सिंह ने गंभीर चिंता जताते हुए सवाल उठाया कि शहर का प्रशासन आधिकारिक सचिवालय से संचालित हो रहा है या भाजपा के पार्टी कार्यालय कमलम से।

# पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर का शव कार से बरामद, पुलिस ने जांच शुरू की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बठिंडा। पंजाब पुलिस ने बुधवार रात बठिंडा में आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास खड़ी कार के अंदर पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर 'भाभी' का शव मिलने के बाद हत्या के पहलू से जांच शुरू कर दी है। लुधियाना की रहने वाली कौर के इंस्टाग्राम पर 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह नियमित रूप से रील पोस्ट करने के लिए जानी जाती थीं और अक्सर रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए सुर्खियों में रहती थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बठिंडा-चंडीगढ़ हाईवे पर यूनिवर्सिटी के पार्किंग में खड़ी कार से दुर्गंध आ रही थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली, तो उन्हें 30 से 35 साल की उम्र की एक महिला का शव मिला। कार लुधियाना में पंजीकृत थी, जहाँ कौर रहती थीं। अधिकारियों को संदेह है कि उनकी हत्या कहीं और की गई होगी और फिर उन्हें कार में उस स्थान पर ले जाया गया जहाँ उन्हें पाया गया था। बठिंडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने गुरूवार को कहा कि जांच में सहायता के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि ,''प्रथम दृष्टया कुछ गड़बड़ लग रही है और हत्या के आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।'' कमल कौर के परिवार को सूचित कर दिया गया है। पुलिस अपराधियों की पहचान करने और उनकी संदिग्ध हत्या के पीछे के मकसद को समझने के लिए मामले की गहन जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि इन्फ्लुएंसर कमल कौर को पिछले साल कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से धमकियां मिली थीं। अक्टूबर 2024 में एक टीवी चेनल द्वारा रिपोर्ट की गई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में, अर्श दल्ला को यह कहते हुए सुना गया कि कमल कौर सोशल मीडिया पर गंदगी फैलाती है। इसके बाद गैंगस्टर ने उसके परिवार के एक सदस्य को जान से मारने की धमकी दी, जब तक कि उसने अपने वीडियो नहीं हटा दिए। मीडिया से बात करते हुए बठिंडा के पुलिस अधीक्षक (सिटी) नरिंदर सिंह ने कहा, ''प्रथम दृष्टया, ऐसा लगता है कि किसी ने अपराध करने के बाद कार को यहाँ छोड़ दिया है।

# एचडीएफसी बैंक डकैती के दो आरोपी मथुरा से गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधि पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुये, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पुलिस बलों ने फगवाड़ा के रिहाना जट्टां गांव में एचडीएफसी बैंक की शाखा में 38 लाख रुपये की सशस्त्र डकैती और हाल ही में उत्तराखंड के हरिद्वार में हुई गोलीबारी की घटना में संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नवीन सिंगला ने गुरुवार को इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि कपूरथला जिले के फगवाड़ा के पास एचडीएफसी बैंक की रिहाना-जट्टां शाखा में दिनदहाड़े हुई डकैती के सिलसिले में दो प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इस साल की शुरुआत में हुई इस घटना में तीन हथियारबंद और नकाबपोश व्यक्ति बैंक में घुसे, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया और 38 लाख रुपये नकद लेकर भाग गये। अपराधियों ने कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिये, जिससे महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रतिक्रिया अवधि के दौरान संचार गंभीर रूप से बाधित हो गया। डीआईजी ने बताया कि एक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुये पंजाब पुलिस और उत्तर प्रदेश की मथुरा पुलिस की एक संयुक्त टीम, जिसमें विशेष अभियान समूह (एसओजी) और गोविंद नगर पुलिस स्टेशन के कर्मी शामिल थे, ने मथुरा के नये बस स्टैंड क्षेत्र के पास दो संदिग्धों- नवजोत सिंह और जोरावर सिंह, दोनों जालंधर निवासी- को गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारियां गोकुल रेस्टोरेंट से हुईं, जहां पुलिस ने 2.02 लाख रुपये नकद, एक इनोवा वाहन और पांच मोबाइल फोन बरामद किये।

# ज्योतिर्मठ पुनर्वास योजना के तहत 1700 करोड़ से अधिक का काम गतिमान: धामी

## बैंकिंग, वित्तीय और बीमा सेवा सीमांत क्षेत्र के हर नागरिक तक पहुंचेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ज्योतिर्मठ में केन्द्र सरकार के सहयोग से 1700 करोड़ से भी अधिक की लागत से पुनर्वास की योजना का काम गतिमान है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रदेश में सभी बैंकों के आवश्क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव मदद करेगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा जैसी सेवाओं सीमांत क्षेत्र के हर नागरिक तक पहुंचे। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुप्तकाशी और ज्योतिर्मठ में एक्सिस बैंक की नई शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ के मैके पर यह जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार होगा। यह कदम वित्तीय समावेशन साथ क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगा। गुप्तकाशी और ज्योतिर्मठ दोनों ही चार धाम यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। इन स्थानों पर बैंक की शाखाएं खुलने से स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं को भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय समावेशन को सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। वित्तीय अनुशासन बनाने में देवभूमि उत्तराखंड दूसरे स्थान पर आया है। नीति आयोग की ओर से जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में हमारे प्रदेश का प्रथम स्थान आया है। राज्य सरकार का प्रयास है बैंकिंग, कि वित्तीय सेवाएं और बीमा जैसी सेवाओं हर नागरिक तक पहुंचे। राज्य सरकार ई गवर्नेंस, मोबाइल एप, डिजिटल सेवाओं को गांव गांव तक पहुंचा रही है। जिससे लोगों का जीवन आसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। यह संकल्प तभी पूरा होगा,जब अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ जा सकेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जन धन योजना, मुद्रा योजना, जैसी अनेक योजनाएं से देश के प्रत्येक नागरिक को बैंकिंग सेवा से जोड़ने का काम किया है। देश में 55 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। अब इन खातों के माध्यम से किसी भी योजना के लाभार्थियों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, डॉ.मोहन सिंह बिष्ट, आशा नौटियाल, एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली मौजूद थे।

## कबीर ने संपूर्ण मानवता को सत्य, प्रेम, हिंसा, नैतिकता और भाईचारे का संदेश दिया: भगत

**जालंधर।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने भगत कबीर के 627वें प्रकाश दिवस के अवसर पर गुरुवार को कहा कि भगत कबीर एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने संपूर्ण मानवता को सत्य, प्रेम, अहिंसा, नैतिकता और भाईचारे का संदेश दिया, जो वर्तमान भौतिकवादी युग में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर स्थानीय सतगुरु कबीर मुख्य मंदिर, भार्गव नगर में पंजाब सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज भगत कबीर जी की वाणी हमेशा लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी, जो जाति, नस्ल और धर्म से ऊपर उठने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि भगत कबीर जी के विश्व भाईचारे के संदेश को घर-घर पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कबीर साहिब की वाणी हमें शुद्ध विचारधारा का संदेश देती है, जिससे शिक्षा लेकर हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगत कबीर जी ने समाज में जाति प्रथा, छुआछूत और ऊंच-नीच जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए लंबा संघर्ष किया। श्री भगत ने कहा कि वह कौम हमेशा आगे बढ़ती है और तरक्की करती है जो हमेशा अपने गुरुओं और पीरों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलती है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063